RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 3 अंक 255
फरीदाबाद, रविवार, 25 अक्टूबर, 2020
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए
YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana






INDER TECHNOLOGY INSTITUTE (I.T.I)
दिल्ली प्रशासन द्वारा पंजीकृत
An ISO 9001-2000 Certified
मोबाईल लेपटॉप
रिपेयर करना सीखें
(मैनुअल तथा कंप्यूटर द्वारा)
LG-10, Vishnu Palace Basement, Ajronda Chowk, Near Neelam Flyover Faridabad.
Tel.: 0129-2221469, 9891547947

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 34.03°C
न्यूनतम 24.01°C

ANIL GENERATOR
SILENT GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1250 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
Surendra Kapoor, Prop.
Add.: 20/6, Mathura Road, Nuchem compound Faridabad
Ph. 0129-4873365,
Mob.: 9811056365, 9311056365
Email : anil.kapoor74@yahoo.com
surendra.kapoor@gmail.com

विजयदशमी की शुभकामनाएं



**अवकाश सूचना**

विजयदशमी के अवसर पर पायनियर प्रेस और कार्यालय 25 अक्टूबर रविवार को बंद रहेगा। अत: अगला अंक 27 अक्टूबर मंगलवार को प्रकाशित होगा।
–संपादक

## क्विक न्यूज

**आज के मैच**
IPL
राजस्थान रॉयल्स vs मुंबई इंडियन्स
चेन्नई सुपर किंग्स vs रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर

### केकेआर 59 रन से जीता



**अबुधाबी।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 59 रन से हराया।

● विस्तृत खबर पेज-11

**कोरोना मीटर**

**विश्व**

| | |
|---|---|
| कुल | 42,343,866 |
| मौतें | 1,146,221 |
| ठीक | 28,621,007 |

**भारत**

| | |
|---|---|
| कुल | 78,37,479 |
| मौतें | 118,236 |
| ठीक | 70,30,903 |

स्रोत: www.covid19india.org

गुपकार समझौते को लेकर फिर बैठक

# अब्दुल्ला अध्यक्ष और महबूबा होंगी समिति की उपाध्यक्ष

**एजेंसी। जम्मू**

**जम्मू**-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर स्थित महबूबा मुफ्ती के आवास पर शनिवार को एक बार फिर पीपुल्स एलायंस के सदस्यों ने मिलकर गुपकार समझौते पर बैठक की। इस बैठक में नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुला और उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला भी मौजूद रहे। फारूक अब्दुल्ला ने इस दौरान कहा कि यह कोई देश विरोधी जमात नहीं है। हमारा उद्देश्य बस यह सुनिश्चित करना है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के अधिकारों को फिर से बहाल किया जाए। धर्म के नाम पर हमें विभाजित करने के प्रयास विफल होंगे। यह कोई धार्मिक लड़ाई नहीं है। पीपुल्स एलायंस गुपकार समझौते की बैठक के बाद नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि हम भाजपा के विरोध में हैं, देश के नहीं।

पीपुल्स एलायंस गुपकार समझौते की बैठक के बाद सज्जाद लोन ने बताया कि फारूक अब्दुल्ला इस समिति के अध्यक्ष होंगे और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती उपाध्यक्ष होंगी। इस संबंध में अगले एक महीने के अंदर दस्तावेज भी तैयार कर लिए जाएंगे। इनके माध्यम से हम उन तथ्यों को सामने लाएंगे, जिनका झूठा प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इससे पहले 15 अक्टूबर को भी नेशनल कांफ्रेंस के मुखिया फारूख अब्दुल्ला के घर पर प्रदेश के कई दलों के नेताओं ने बैठक की थी। इसमें पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, पीपुल्स कांफ्रेंस, कांग्रेस एवं अवामी नेशनल कांफ्रेंस समेत कई राजनीतिक दलों के नेता मौजूद थे।





### क्या है गुपकार समझौता ?

चार अगस्त 2019 को फारूक अब्दुल्ला के गुपकार स्थित आवास पर एक सर्वदलीय बैठक हुई थी। यहां एक प्रस्ताव जारी किया गया था, जिसे गुपकार समझौता कहा गया। इसके अनुसार पार्टियों ने निर्णय किया कि वे जम्मू-कश्मीर की पहचान, स्वायत्तता और उसके विशेष दर्जे को बनाए रखने के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करेंगे। गुपकार समझौते के तहत कहा गया था कि जम्मू-कश्मीर की पहचान, स्वायत्तता और विशेष दर्जे की रक्षा और बचाव के लिए हम सभी नेता प्रतिबद्ध हैं। नेताओं ने यह भी कहा था कि राज्य का बंटवारा कश्मीर और लद्दाख के लोगों के खिलाफ जुल्म है। 370 समाप्त करने के फैसले को इन नेताओं ने असंवैधानिक करार दिया था।

### गुपकार गैंग की साजिशें बर्दाश्त नहीं :जम्मू कश्मीर भाजपा प्रमुख

जम्मू-कश्मीर भाजपा प्रमुख रविंदर रैना ने शनिवार को कहा कि गुपकर गैंग की साजिशों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और देश की एकता एवं अखंडता को चुनौती देने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए जेल में जगह होगी। उन्होंने दिवाली और स्वतंत्रता दिवस समारोह की तरह ही 26 अक्टूबर को विलय दिवस के रूप में मनाने की भी घोषणा की, ताकि यह स्पष्ट संदेश दिया जा सके कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में सिर्फ राष्ट्रीय ध्वज फहरेगा। उन्होंने पीडीपी प्रमुख के एक बयान के जवाब में यह कहा।

### भड़काऊ और गैर जिम्मेदाराना टिप्पणी से बचें : जम्मू-कश्मीर कांग्रेस

कांग्रेस की जम्मू-कश्मीर इकाई ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती से कहा कि वह राष्ट्रीय ध्वज को लेकर भड़काऊ और गैर जिम्मेदाराना बयान देने से बचें। साथ ही पार्टी इकाई ने पीडीपी प्रमुख की तिरंगे को लेकर दिए गए बयान की कड़ी निंदा की। तिरंगे को लेकर मुफ्ती द्वार दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए जम्मू-कश्मीर कांग्रेस समिति के मुख्य प्रवक्ता रविंद्र शर्मा ने कहा कि यह बहुत ही भड़काऊ और गैर जिम्मेदाराना बयान है और उन्होंने लोगों की देशभक्ति की भावना को आहत किया है।

## नोएडा: मेनका गांधी ने देर रात थाने पहुंच दर्ज करवाई शिकायत

**नोएडा।** पशु अधिकारों को लेकर सजग रहने वाली उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर से भाजपा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने शुक्रवार देर रात यमुना एक्सप्रेस-वे पर भेड़-बकरियों से लदा ट्रक देखा तो पुलिस को इस मामले की सूचना दी और आरोपियों को गिरफ्तार कराया। मेनका गांधी ने देर रात खुद दनकौर थाने जाकर शिकायत दी। पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) राजेश कुमार सिंह ने बताया, गांधी शुक्रवार रात करीब डेढ़ बजे सुल्तानपुर से सड़क मार्ग से यमुना एक्सप्रेस-वे होते हुए दिल्ली जा रही थी। उन्हें एक ट्रक में भेड़ बकरियां भरी हुई दिखाई दी। जो मानक से ज्यादा थी। गांधी ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी।

हाथरस कांड के एसआईटी चीफ डीआईजी की पत्नी की मौत

## 'आपकी जिंदगी आपको मुबारक' कहकर कर ली आत्महत्या

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**उत्तर** प्रदेश की राजधानी लखनऊ में डीआईजी चंद्र प्रकाश की पत्नी पुष्पा प्रकाश ने शनिवार को आत्महत्या कर ली है। उनका शव सुशांत गोल्फ सिटी स्थित उनके आवास के प्रथम तल पर फंदे से लटकता पाया गया। उस समय उनके घर पर नौकरों के अलावा बच्चे अनन्या (13), कृतिका (12) और सात साल का दिव्यांश थे।

डीआईजी चंद्र प्रकाश हाथरस कांड की जांच के लिए बनाई गई एसआईटी में बतौर सदस्य काम कर रहे हैं। जांच में सामने आया है कि पुष्पा प्रकाश ने खुदकुशी से पहले पति को फोन किया था। उन्होंने कहा 'आपकी जिंदगी आपको मुबारक' हो। उस वक्त डीआईजी अपने घर से ड्यूटी के लिए गोरखपुर के लिए निकल चुके थे। पत्नी का फोन आते ही वह तुरंत लौट आए। करीबी लोगों के मुताबिक वह बहुत जल्द आपा खोने वाली महिला थीं। छोटी सी बात पर भी नाराज हो जाती थीं। पुलिस के मुताबिक उनका पति से किसी बात को लेकर कुछ मनमुटाव हुआ होगा, जिसके चलते खुदकुशी कर ली। उनकी शादी को 16 साल हो गए थे।

# हरियाणा में गाय पैदा करेंगी केवल बछियां!

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**

**प्रदेश में 1000 गायों पर हुआ सफल ट्रायल**

**कृत्रिम गर्भाधान से साकार होगा प्रदेश वासियों का सपना**

**हरियाणा** की सड़कों पर घूम रहे आवारा गोवंशियों से परेशान प्रदेश वासियों के लिए अच्छी खबर है। हरियाणा में गाय अब केवल बछियों को ही जन्म देंगी। प्रदेश में एक हजार गायों पर कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से यह ट्रायल सफल हो चुका है। जिसमें 86 फीसदी गायों ने बछियों को जन्म दिया है। इन बछियों में किसी तरह का विकार नहीं है।

हरियाणा में गोवंश को लेकर बड़ी समस्या है। प्रदेश में इस समय कुल 70 लाख पशुधन है। जिसमें ज्यादतर गाय तथा नंदी हैं। बैलों की मदद से खेती का चलन बंद हो चुका है। ऐसे में गायों द्वारा पैदा किए जाने वाले बछड़े पशु पालकों तथा किसानों के लिए बड़ी समस्या बने हुए हैं। इन बछड़ों का बैल के रूप में इस्तेमाल नहीं होने से पशु पालकों द्वारा इन्हें सड़कों पर छोड़ दिया जाता है। जिससे यह न केवल फसलों का नुकसान करते हैं बल्कि आए दिन सड़क हादसों का कारण भी बनते हैं। हरियाणा द्वारा पिछले कई वर्षों से इस बात पर शोध की जा रही है कि प्रदेश की गायों द्वारा बछड़ों की बजाए केवल बछियों को ही जन्म दिया जाए। ऐसे में अमेरिका से विदेशी सीमन मंगवाकर देसी, गिर तथा सहीवाल आदि नस्ल की गायों को कृत्रिम गर्भाधान करवाया गया। जिनमें से करीब 86 फीसदी गायों ने बछियों को ही जन्म दिया है।

## कांग्रेस नेता रावत ने ईडी से किया सवाल

**चंडीगढ़।** कांग्रेस नेता हरीश रावत ने विदेशी मुद्रा के नियमों के कथित उल्लंघन के मामले में पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के बेटे को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा तलब किए जाने के समय को लेकर सवाल खड़ा किया है।

मुख्यमंत्री के बेटे रनिंदर सिंह को जारी किए गए इस समन का संबंध विदेश में कथित रूप से अज्ञात संपत्ति होने के सिलसिले में विदेशी मुद्रा विनिमय प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत ईडी द्वारा दर्ज मामले से है। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रावत ने ट्वीट किया, ईडी के समन से अमरिंदर सिंह की आवाज दबाई नहीं जा सकती है। कैप्टन अमरिंदर सिंह पंजाब की और इस देश के किसानों की आवाज हैं। ईडी के समन के समय पर ध्यान दीजिए।

# आर्मी कैंटीन में विदेशी शराब इम्पोर्टेड सामान बेचने पर पाबंदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



**केंद्र** सरकार ने देश की 4 हजार आर्मी कैंटीन्स को विदेशी सामान आयात न करने का आदेश दिया। इसमें महंगी विदेशी शराब भी शामिल है। सरकार ने यह फैसला आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्थानीय वस्तुओं को बढ़ावा देने के मकसद से किया है। फैसले से पहले इस बारे में तीनों सेनाओं से सलाह ली गई थी।

देश में करीब 4 हजार आर्मी कैंटीन हैं। इनमें डिस्काउंट रेट्स पर सामान मिलता है। इसका फायदा वर्तमान और पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को मिलता है। आमतौर पर विदेशी शराब और इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की डिमांड ज्यादा रहती है। सरकार के फैसले के बाद अब आर्मी कैंटीन में विदेशी सामान नहीं बेचा जा सकेगा। इनमें विदेशी शराब भी शामिल है। आर्मी कैंटीन देश की सबसे बड़ी रिटेल चेन्स में से एक है। इनमें हर साल करीब 200 करोड़ रुपये की बिक्री होती है। 19 अक्टूबर को रक्षा मंत्रालय ने विदेशी वस्तुओं के आयात पर बैन लगाने का आदेश जारी किया। इसमें कहा गया, डायरेक्ट इम्पोर्ट नहीं किया जा सकेगा।

## राहत: अब 31 दिसंबर तक कर सकेंगे इनकम टैक्स रिटर्न फाइल

**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी को देखते हुए आयकर विभाग (इनकम टैक्स डिपार्टमेंट) ने रिटर्न भरने की आखिरी तारीख को एक बार फिर आगे बढ़ाया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड से मिली जानकारी के अनुसार, जिन लोगों को अपने रिटर्न के साथ ऑडिट रिपोर्ट नहीं लगानी पड़ती, वे 2019-20 के लिए अपना रिटर्न 31 दिसंबर तक जमा कर सकते हैं। पहले इसके लिए अंतिम तारीख 30 नवंबर 2020 तय की गई थी। वित्त मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार, ऐसे टैक्सपेयर, जिनके रिटर्न में ऑडिट रिपोर्ट लगानी पड़ती है, उनके लिए आईटी रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख 31 जनवरी 2021 तय की गई है।

# काबुल में आत्मघाती विस्फोट, 13 की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान से एक और धमाके की खबर आ रही है। शनिवार शाम को राजधानी वेस्ट काबुल के फुल-ई-खोस्क इलाके में जबरदस्त विस्फोट हुआ है। इस धमाके में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई।

अफगानिस्तान के टोलो न्यूज के मुताबिक, गृह मंत्रालय ने बताया है कि इस विस्फोट में घायलों की संख्या 30 से ज्यादा है। गृह मंत्रालय ने कहा कि शनिवार के आत्मघाती हमलावर की एक ट्रेनिंग सेंटर के गार्ड्स ने पहचान कर ली थी और वेस्ट काबुल में उसके लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही वह विस्फोट हो गया।

# फिर से लौटेंगे मूढ़ों का दौर, मूढ़ों पर होगी चौपाल में चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**




**दुष्यंत ने खादी बोर्ड को दिया 10 हजार मूढ़े तैयार करने का ऑर्डर**


**पहले चरण में एक हजार पंचायतों की चौपालों में बैठेंगे पंचायत प्रतिनिधि**

**हरियाणवी** संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहा मूढ़ा अब गांवों की पंचायतों और चौपालों की शान बढ़ाएगा। प्रदेश के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने ग्राम पंचायतों को बैठने के लिए मूढ़े उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है। हरियाणा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड इन मूढ़ों को तैयार करवाएगा और पंचायत विभाग हरियाणा के कोने-कोने तक मूढ़े पहुंचाएगा। प्रथम चरण में एक हजार गांवों में ये मूढ़े दिए जाएंगे। खादी बोर्ड के चेयरमैन की नियुक्ति के बाद पहला ऑर्डर डिप्टी सीएम ने दिया है। दुष्यंत चौटाला का यह कदम गांवों में कुटीर व ग्रामोद्योगों के साथ-साथ आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित होगा।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने खादी एवं ग्रामोद्योग कार्यालय के निरीक्षण के दौरान अन्य वस्तुओं के अलावा वहां रखे मूढ़े को भी देखा। अधिकारियों ने बताया कि खादी बोर्ड द्वारा कारीगरों से यह मूढ़े तैयार करवाए जाते हैं। खादी बोर्ड इन्हें बेचकर धन अर्जित करता है। दुष्यंत ने विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट देने का कहा है। अधिकारियों से विचार-विमर्श के बाद दुष्यंत ने प्रथम चरण में हरियाणा की एक हजार पंचायतों को मूढ़े पहुंचाने का फैसला किया। ये मूढ़े विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा खरीद कर पंचायतों को दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे न केवल हमारे कुटीर उद्योग को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि आत्मनिर्भरता के साथ-साथ कारीगरों की आमदनी बढ़ाने की ओर यह अहम कदम साबित होगा।

GOLDEN GALAXY
HOTELS & RESORTS









Himashu Bhatia
Director
Golden galaxy Hotel

Richa Kapoor
Director
Golden galaxy Hotel

WEDDING, PARTIES
& CONFERENCES
FINE DINE RESTAURANT
LUXURIOUS ROOMS
& SUITES

Expect the most in Luxury
95-9938-5803



6 Km From Ballabgarh, Delhi Mathura Road, Faridabad www.goldengalaxy.in

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, रविवार, 25 अक्टूबर 2020 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

-पॉलीटिकल विजन-

## दृढ़ निश्चय के साथ नियमों का पालन करके देंगे कोरोना को मात : डॉ. रॉय

कोरोना इतनी जल्दी जाना वाला नहीं है। ऐसे में फिलहाल हमें कोरोना के साथ ही जीना होगा। हमें कोरोना से डरना नहीं हैं। क्योंकि कोरोना करीब 90 प्रतिशत लोगों पर खास असर नहीं दिखा पाया है। करीब दस प्रतिशत लोगों में कोरोना के गंभीर लक्षण पाए गए हैं। इनमें से पुरानी बीमारियों से पीड़ित करीब दो प्रतिशत लोगों के लिए ही कोरोना खतरा बना है लेकिन हमें कोरोना से बचाव के नियमों के प्रति लापरवाही भी नहीं बरतनी है। हम मास्क का उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता का पालन करके कोरोना को हरा सकते हैं। ऐसा कहना है कि क्यूआरजी हेल्थ सिटी हॉस्पीटल के वरिष्ठ सर्जन डॉ. प्रबल रॉय का। **पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और डॉ. प्रबल रॉय की बातचीत के अंश :-**

**सवाल : आपने किसकी प्रेरणा से डाक्टर का पेशा अपनाया।**

**जवाब** : मेरे पिता डाक्टर थे और वे उग्रवाद के दौरान भी पंजाब के ग्रामीण इलाकों में बड़ी सेवाभाव से मरीजों का इलाज करते थे। जिससे उन्हें काफी प्यार और सम्मान मिलता था। पिता से प्रेरणा लेकर ही मैंने डाक्टर बनने का फैसला लिया था।

**सवाल : क्या शिक्षा के दौरान आप अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेते थे।**

**जवाब** : स्कूल व कॉलेज के दिनों में मैं मंच पर होने वाले कार्यक्रमों और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेता था। कॉलेज की फुटबॉल टीम का मैं गोलकीपर था।

**सवाल : शिक्षा के बाद आपने कॅरियर की शुरूआत कैसे की।**

**जवाब** : वर्ष 1997 में मैने एस्कॉर्टस अस्पताल, फरीदाबाद ज्वाइन किया था। वर्ष 2010 में मैं एशियन अस्पताल चला गया। वर्ष 2017 से अब तक क्यूआरजी हेल्थ सिटी हॉस्पीटल में कार्यरत हूं।

**सवाल : आपको कोई ऐसा मरीज याद है, जिसकी जान बचाना चुनौतीपूर्ण काम था।**

**जवाब** : मथुरा निवासी एक युवक के मुंह के अंदर बदमाशों ने गोली मारी थी। हमने ऑपरेशन कर उसकी जान बचाई और चेहरा भी ठीक किया था। एक दिन बड़खल मोड़ पर वह गीता बांटता हुआ मिला। उसने परिचय देकर बताया कि जिस प्रभु ने उसकी बचाई, वह उनके लिए तो कुछ नहीं कर सकता, लेकिन हर सप्ताह उनकी गीता का सार लोगों तक पहुंचा रहा हूं।

**सवाल : लॉकडाउन में आपने लोगों की कैसे मदद की।**

**जवाब** : कोरोना की वजह से मरीज अस्पताल नहीं आ पा रहे थे। हमने सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार उन्हें उपचार की सुविधा दी। कोरोना से जीत चुके मरीजों की डिटेल तैयार की। ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें प्लाज्मा दान के लिए प्रेरित किया जा सके। वहीं आरडब्ल्यूए सेक्टर-16 और कालीबाड़ी मंदिर समिति के सहयोग से लोगों को जागरूक करने का काम किया था।

**सवाल : वर्तमान स्थिति में हम कोरोना से कैसे जीत सकते हैं।**

**जवाब** : कोरोना की वजह काफी नुकसान हुआ है। जिसका प्रभाव आने वाले वर्षो में भी देखने को मिलेगा। हमें प्रयास करना होगा कि वायरस एक साथ ज्यादा संख्या में लोगों में न फैले। इसके लिए हमें बचाव के नियमों का गंभीरता के साथ पालन करना होगा।

**सवाल : जानबूझ कर नियम तोड़ने वालों को आप क्या संदेश देना चाहते हैं।**

जवाब : समाज में हर तरह के लोग होते हैं। कुछ लोग समझाने पर भी नियम तोड़ रहे हैं। लेकिन शहर में ऐसे लोगों की संख्या काफी कम है। शहर के गणमान्य व्यक्तियों को ऐसे लोगों को जागरूक करने के लिए आगे आना होगा।

**सवाल : क्या लॉकडाउन ठीक समय पर हुआ था।**

**जवाब** : लॉकडाउन सरकार ने लोगों को जागरूक करने और बीमारी से निपटने की तैयारी के लिए किया था। इस दौरान सरकार ने लोगों को तो ठीक तरीके से जागरूक कर दिया। लेकिन जो तैयारी होनी चाहिए थी, वह उम्मीद के मुताबिक नहीं हो पाई।



### जीवन परिचय

| | |
|---|---|
| नाम | : डॉ प्रबल रॉय |
| जन्मदिन | : 13 नवंबर 1967 |
| पिता | : स्वर्गीय डॉ. प्रकाश चंद्र |
| माता | : जयश्री रॉय |
| पत्नी | : अपर्णा रॉय |
| परिवार | : बेटी अनन्या व बेटा ईशान |
| स्कूल | : 12 वीं - पंजाब पब्लिक स्कूल, नाभा, पंजाब |
| उच्चशिक्षा | : एमबीबीएस व एमएस - जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज |
| रूचि | : बुक रीडिंग |

## संक्षिप्त समाचार

### माही अकादमी ने 62 रन से जीता मैच



**फरीदाबाद।** छठे ऑल इंडिया रविंद्र फागना अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट में माही क्रिकेट अकादमी ने रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी (सोहना) को 62 रन से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। बीबीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि यह मैच 50-50 ओवर का था। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी (सोहना) ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाज़ी करने का निर्णय लिया। माही क्रिकेट क्लब की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 45 ओवर में 7 विकेट पर 272 रन बनाए। टीम की और बल्लेबाजी करते हुए हर्ष राज ने 112 रन, तुषार त्यागी ने 72 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी (सोहना) की ओर से गेंदबाजी करते हुए। सिद्धांत शर्मा ने 3 विकेट, मुस्तकीम खान, अनूप, भाव्या कक्कड़ और वैभव कुमार ने 1-1 विकेट लिए। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी (सोहना) की टीम को 39.2 ओवर में 10 विकेट में 210 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए सचिन ने 38 रन और अंकित यादव ने 30 रन बनाए। माही क्रिकेट अकादमी की और से गेंदबाजी करते हुए आमिर ने 3 विकेट,अमन अलवी ने 2 विकेट,आर्यन वशिष्ट ,विकास उचित्रा ओर हर्ष राज ने 1-1 विकेट लिया। केपी (टीम मेम्बर आफ़ केपी इलेवन) के द्वारा हर्ष राज को मैन आफ दा मैच का पुरस्कार दिया गया।

### दा गुरूकुल ने जीता आठ विकेट से मैच




**फरीदाबाद।** छठे ऑल इंडिया रविंद्र फागना अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट में दा क्रिकेट गुरुकुल ने एलबी शास्त्री क्रिकेट क्लब को 8 विकेट से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। इस मौके पर बीबीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि यह मैच 50-50 ओवर का था। दा क्रिकेट गुरुकुल ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। एलबी शास्त्री क्रिकेट क्लब की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 41.2 ओवर में 10 विकेट पर 164 रन बनाए। टीम की और बल्लेबाजी करते हुए प्रियंश आर्य ने 87 रन और निखिल कुमार ने 22 रन बनाए। दा क्रिकेट गुरुकुल की ओर से गेंदबाजी करते हुए जितेंद्र पाल ने 4 विकेट, उदय कुंडु ने 3 विकेट, सलमान खान ने 2 विकेट और आकाशदीप भास्कर ने 1 विकेट लिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए दा क्रिकेट गुरुकुल की टीम ने 26.3 ओवर में 2 विकेट में 168 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल किया। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए चिराग कलिरामान ने 92 रन और चेतन्या गोयल ने 55 रन बनाए। एलबी शास्त्री क्रिकेट क्लब की और से गेंदबाजी करते हुए हिमांशु भाटी और ईशान सिंह ने 1-1 विकेट लिया। निक्की एंपायर (रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी) के द्वारा चिराग़ कलिरामान को मैन ऑफ दा मैच का पुरस्कार दिया गया।

### अखंड रामायण पाठ का भोज आयोजित हुआ



**फरीदाबाद।** श्रीबांके बिहारी मंदिर प्रांगण में नवरात्रों के उपलक्ष में नवमी के दिन पूरे विधि विधान से पूजा पाठ हवन यज्ञ अखंड रामायण पाठ का भोग संपन्न किया गया। जिसमें पंडित विनोद शास्त्री व मनीष दुबे ने मुख्य यजमान प्रधान महंत ललित गिरी गोस्वामी गोस्वामी तथा उनकी धर्मपत्नी महिला मंडल प्रधान मीनाक्षी गोस्वामी द्वारा यह कार्य किया गया। तदुपरांत मां ज्वाला देवी भगवती देवी की आरती की गई। महंत ललित गिरी गोस्वामी ने सभी को नवरात्रों की बधाई दी और कहा मां सबकी मनोकामना पूरी करें। कोरोना रूपी राक्षस का माता रानी वध करें। भारतवर्ष के प्रधानमंत्री की रक्षा करें, देश में खुशहाली हो लोग उसी तरह सबसे मिले-जुले, सबके घरों में आना जाना हो माता रानी सब पर कृपा बनाए रखें। अंत में सभी को ज्योति प्रसाद रूपी फल का प्रसाद तथा हलवा का प्रसाद बांटा गया। शेरावाली की जय, ज्वाला मैया की जय, कालका माई की जय जयकारे सभी ने लगाए और खुशी-खुशी अपने घरों को गए। हवन यज्ञ पूजा पाठ में सरपरस्त एनएल गोसाई, अशोक अरोड़ा, राजेंद्र गुलाटी, पियूष गोस्वामी, परिवेश धाकड़, दुर्गा अस्पताल वाले राकेश चुघ, उनकी धर्मपत्नी ज्योति चुघ, रेखा आहूजा, रजनी कुमार इत्यादि काफी भक्त मौजूद रहे।

### शहर का तापमान

- अधिकतम 33.03 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 18.02 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- जगह-जगह मनाया जाएगा दशहरा: शाम 5 बजे
- विभिन्न स्थानों पर आरएसएस द्वारा शास्त्र पूजन: सुबह 9 बजे
- सेक्टर-12 में पीटीआई टीचरों का प्रदर्शन: सुबह 11 बजे
- दुर्गा पंडालों में नवमी का पूजा: सुबह 7 बजे

### निवेश गुरु

पारंपरिक निवेश में आज भी सबसे बडा प्रकार है रियल एस्टेट, यानी स्थाई सम्पत्ति में निवेश7 रियल एस्टेट निवेश में लाभ के लिए अचल संपत्ति की खरीद, स्वामित्व, प्रबंधन, किराये और / या बिक्री शामिल है। रियल एस्टेट निवेश रणनीति के एक हिस्से के रूप में रियल्टी संपत्ति में सुधार को आमतौर पर रियल एस्टेट निवेश कहा जाता है, जिसे रियल एस्टेट विकास की उप-विशेषता माना जाता है।

### यूटीलिटी न्यूज

#### स्टेशन मास्टरों ने जताया विरोध

**फरीदाबाद।** स्टेशन मास्टरों ने रात की ड्यूटी करने वाले स्टेशन मास्टर को अलाउंस और अन्य कर्मचारियों को बोनस नहीं देने के विरोध में विरोध किया है। विरोध स्वरूप बाजू पर काली पट्टी बांधकर व मोमबत्ती की रोशनी में काम कर रहे हैं। आल इंडिया मास्टर एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने बताया कि रेलवे बोर्ड ने 43600 से अधिक वेतन वाले स्टेशन मास्टर को रात की ड्यूटी में अलाउंस नहीं देने का फैसला किया है, जो अनुचित है। उन्होंने कहा कि यदि बोर्ड ने अपना फैसला वापस नहीं लिया तो 31 अक्टूबर को सभी स्टेशन मास्टर 12 घंटे की भूख हड़ताल करेंगे। वहीं रेल मंत्रालय ने कर्मचारियों को बोनस नहीं देने का फैसला किया है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि रेल मंत्रालय ने अपने फैसले को वापस नहीं लिया, तो पूरे देश में चक्का जाम कर दिया जाएगा।

### क्विक न्यूज

#### वांछित चोर साथियों संग गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** दिल्ली के शातिर चोर को क्राइम ब्रांच बदरपुर बार्डर पुलिस ने दो साथियों संग गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नई बस्ती दिल्ली निवासी दिलशाद आलम उर्फ जावेद के रूप में हुई है। उसके साथ पकड़े गए साथियों में नेब सराय दिल्ली निवासी साहिल और फरीदाबाद गांव खोरी निवासी मोहसिन खान उर्फ नन्हे शामिल हैं। सभी आरोपी इस साल जुलाई में गांव खोरी के एक घर में हुई चोरी के मामले में वांछित थे। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से एक मोबाइल, सोने की तीन लौंग, चांदी की पाजेब, चार अंगूठी व एक स्कूटी बरामद की है। क्राइम ब्रांच प्रभारी सेठी मलिक के मुताबिक आरोपी दिलशाद बेहद शातिर है। दिल्ली में उसके ऊपर चोरी के 16 मुकदमे चल रहे हैं। साल 2015 में वह तिहाड़ जेल दिल्ली से भी फरार हो गया था।

## अतिक्रमण से चरमराई शहर की यातायात व्यवस्था

### नीलम पुल बंद होने से शहर की सड़कों पर लगा रहा है जाम

**अन्य तीन पुलों पर यातायात का दबाव बढ़ने की वजह से जगह-जगह जाम लगने की उत्पन्न हो रही है समस्या**

राजेश दास। फरीदाबाद

सिटी इश्यू



**नगर** निगम की लापरवाही से नीलम पुल अतिक्रमण की भेंट चढ़ गया है, लेकिन इसके बावजूद नगर निगम जरा भी सबक लेने को तैयार नहीं हैं। तीन पिलर क्षतिग्रस्त होने के कारण नीलम पुल को आगामी करीब दो महीनों के लिए बंद कर दिया गया है। जिससे शहर में यातायात व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। अन्य तीन पुलों पर यातायात का दबाव बढ़ने की वजह से जगह जगह जाम लगने की समस्या उत्पन्न हो रही है।

त्योहारी सीजन होने की वजह से सड़कों पर पहले से काफी भीड़ है। लेकिन इसके बावजूद निगम व्यवस्था बनाने के लिए शहर से अतिक्रमण हटाने को तैयार नहीं है। निगम के दावों के बावजूद शहर के सभी बाजारों के फुटपाथ पर दुकानदारों अथवा रेहड़ी पटरी वालों का अतिक्रमण आज भी बरकरार है। बाजारों में होने वाले अतिक्रमणों की वजह से लोगों का सड़क पर पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। बाजारों में पार्किंग की व्यवस्था न होने से स्थिति और खराब हो गई है।

**बिगड़ी शहर व्यवस्था**

हर रोज लाखों की संख्या में लोग रेलवे फ्लाइओवरों को पार कर अपने काम के सिलसिले में इधर से उधर आते जाते हैं। नीलम पुल बंद होने की वजह से लोगों को अपना रूट बदलना पड़ गया है। जिसके कारण बाटा और बड़खल फ्लाइओवर पर यातायात का दबाव काफी बढ़ गया है। इन पुलों तक पहुंचने के लिए लोग जिन रास्तों का इस्तेमाल कर रहे हैं, उन पर पहले से ही यातायात का काफी दबाव है। वहीं यह रास्ते अवैध कब्जे और अतिक्रमण का शिकार हैं। यातायात का दबाव दोगुणा बढ़ जाने से और अवैध कब्जों और अतिक्रमण की वजह से इन सड़कों पर बुरी तरह जाम लग रहा है। जिसके कारण वाहन चालकों को अपने काम पर आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। देरी से काम पर पहुंचने की वजह से अनेक लोगों को भारी नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। शहर में लगातार बिगड़ रही व्यवस्था को देखने के बावजूद नगर निगम के अधिकारी शहर की सड़कों और बाजारों से अवैध कब्जे और अतिक्रमण हटाने के लिए कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं।

### अतिक्रमण हटाना होगा



सड़क सुरक्षा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एसके शर्मा का कहना है कि नीलम पुल बंद होने से शहर की कुछ सड़कों पर यातायात का दबाव बढ़ गया है। जिससे कई सड़कों पर जाम लग रहा है। त्योहारों के कारण सड़कों पर भीड़ और बढ़ने की सम्भावना है। ऐसे में नगर निगम को अभी से अतिक्रमण हटाने की व्यवस्था करनी होगी।

### फुटपाथ से हो रही अवैध वसूली

शहर में हो चुके अतिक्रमण के लिए व्यापारियों की लापरवाही भी काफी हद तक जिम्मेदार है। शहर के ज्यादातर बाजारों में सड़कों के किनारे बने फुटपाथ पर दुकानदारों, रेहड़ी पटरी लगाने वालों ने अवैध तरीके से कब्जा किया हुआ है। शहर की सबसे भीड़भाड़ वाली मार्केटों में एनएच एक, सेक्टर-15, ओल्ड फरीदाबाद, सराय ख्वाजा, बल्लभगढ़, सेक्टर सात दस की मार्केट, जवाहर कालोनी की गुरूद्वारा रोड की मार्केट और डबुआ कालोनी की 60 फुट रोड मार्केट शामिल है। एनएच-एक, सेक्टर-15 और सेक्टर सात दस की मार्केट के फुटपाथों पर पैदल चलने वाले लोगों के लिए जरा भी जगह मौजूद नहीं है। इन मार्केटों की फुटपाथों पर दुकानदारों ने अपना सामान रखकर कब्जा किया हुआ है। एनएच एक व सेक्टर-15 की मार्केट के कई दुकानदारों ने फुटपाथ पर खुद तो सामान रखकर कब्जा किया ही हुआ है। अनेक दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान के आगे रेहड़ी पटरी लगाने वालों से बदले में किराया भी वसूला जा रहा है। फुटपाथ पर कब्जे होने की वजह से इन भीड़भाड़ वाली मार्केट में खरीदारों के पैदल चलने की जगह भी नहीं बचती, लेकिन निगम अतिक्रमण हटाने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर अपना कर्तव्य पूरा कर लेता है।

### कब्जों से लग रहा जाम

एनएच एक, ओल्ड फरीदाबाद, जवाहर कालोनी, संजय कालोनी और शहर की अन्य भीड़भाड़ वाली मार्केट में फुटपाथों पर दुकानदारों के अवैध कब्जे के कारण यहां खरीदारी के लिए आने वाले लोगों को मजबूरी सड़क पर चलना पड़ता हैं। लोगों के बीच सड़क पर चलने की वजह से वाहन चालकों को सड़क से गुजरने में काफी ज्यादा दिक्कत का सामना करना पड़ता है। लोगों को बचाते हुए निकलने के दौरान अक्सर इन प्रमुख सड़कों पर जाम लग जाता हैं। सुबह और शाम को व्यस्त समय के दौरान स्थिति काफी खराब हो जाती है। मार्केट में लगने वाले जाम का असर आसपास की अन्य सड़कों पर भी दिखने लगता है। व्यस्त समय में एनएच एक की मार्केट में भीड़भाड़ और जाम के कारण वाहन चालकों का हार्डवेयर बीके रोड से गुजरना मुश्किल हो जाता है। सुबह और शाम के समय इन मार्केट से लगती सड़कों पर लोगों को अक्सर लंबे जाम का सामना करना पड़ता है। फिलहाल नीलम पुल बंद होने से स्थिति बद से बदतर हो चुकी है।

### मजदूरों को परेशानी



मजदूर नेता बेचू गिरी का कहना है कि नीलम पुल बंद होने से शहर के सभी लोग परेशान हैं, लेकिन इसकी वजह से मजदूरों को भारी परेशानी हो रही है। कई मजदूरों को लंबा चक्कर काट कर जाना पड़ रहा है। वहीं सड़क पर भीड़ बढ़ने से साइकिल पर चलने वाले मजदूरों के लिए दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है।



फोटो: राजेश पुंजानी

## स्लेजहैमर में हुआ हवन और भंडारे का आयोजन

**कार्यक्रम में कोरोना महामारी को देखते हुए गाइडलाइंन का पूरी तरह से पालन किया गया**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**स्लेजहैमर** ग्रुप ने प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्रों के मौके पर कम्पनी परिसर में हवन किया। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बीती रात कम्पनी परिसर में माता की चौकी में कलाकारों के किए गए महामाई के गुणगान ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में कोरोना महामारी को देखते हुए गाइडलाइंन का पूरी तरह से पालन किया गया। जिसमें सोशल डिस्टेसिंग, मास्क और थर्मल केनिंग का पूरा ध्यान रखा गया। जानकारी के मुताबिक शनिवार की सुबह सेक्टर-24 स्थित स्लेजहैमर कम्पनी परिसर में हवन किया गया। जिसमें स्लेजहैमर कंपनी के एमडी प्रदीप मोहंती, निदेशक केसी मोहंती, प्रवीन मोहंती और अंकुर कौशिक ने कंपनी के स्टाफ के साथ मिलकर सोशल डिस्टेंसिंग के साथ विधि पूर्वक हवन किया। उसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। वहीं शुक्रवार की रात को माता की चौकी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आए कलाकरों ने अपने भजनों से भक्तों को झुमने पर मजबूर कर दिया। चौकी में मोहंती परिवार व कौशिक परिवार मुख्य रूप से मौजूद रहे। जिसमें केसी मोहंती, प्रदीप मोहंती, प्रवीन मोहंती और कौशिक परिवार में अंकुर कौशिक अपने परिवार के साथ शामिल हुए। सभी गणमान्य लोगों ने मां का आशीर्वाद लिया।

## उत्साह और श्रद्धा के साथ भक्तों ने किया अष्टमी और नवमी पूजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



जहां एक तरफ मंदिरों में मां के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर मंदिरों में हवन किया गया। वहीं दूसरी तरफ सुबह 8.30 बजे तक अनेक श्रद्धालुओं ने अष्टमी पर कंजक पूजन किया। वहीं जिन लोगों ने नौवीं का व्रत रखा है, वह रविवार को साढ़े 8.30 बजे से पहले कंजक पूजन करके उपवास खोलेंगे।

तिकोना पार्क स्थित सिद्धपीठ वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने मां के नौवें स्वरूप की पूजा अर्चना के बाद हवन किया। इस हवन में उद्योगपति व मंदिर के गणमान्य लोगों के साथ साथ श्रद्धालुओं ने भी आहुति दी। श्रद्धालुओं ने अपने व्रत का समापन किया। इस मौके पर जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों ने कन्याओं को भोजन करवाया। अंतिम नवरात्रे के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा की गई। सिद्धिदात्री मां सिद्धियों की दाता हैं। पूजा अर्चना के बाद मां के नवरात्रों की समाप्ति पर श्रद्धालुओं ने मां से सुख व शांति की मनोकामनाएं मांगी।

**पूजन और हवन**

जवाहर कालोनी स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में नवरात्रों के उपलक्ष्य में नवमी के दिन हरियाणा व्यापार मंडल एवं मंदिर के प्रधान राम जुनेजा तथा उनकी टीम द्वारा पूरे विधि विधान से पूजा पाठ, हवन यज्ञ संपन्न किया। तत्पश्चात भण्डारे का भी आयोजन किया गया। सभी श्रद्धालुओं को पैकेट बंद भंडारा जिसमें आलू की सब्जी, हलवा व पूरी थी, जिन्हें सोशल डिस्टेसिंग के साथ वितरित किया गया। इस मौके पर सभी मंदिर पदाधिकारियों की टीम ने कहा कि मां सबकी मनोकामना पूरी करें। वैश्विक महामारी कोरोना को जड़ से समाप्त करें तथा देश में खुशहाली हो लोग उसी तरह सबसे मिले-जुलकर रहे। इस मौके पर मंदिर कमेटी के सदस्य राहुल कथूरिया, अमित चक्रवर्ती, अश्वनी वर्मा, पंडित अमित कुमार मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### आरएसएस ने किया शस्त्र पूजन कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 95 वे स्थापना दिवस और विजयादशमी के उत्सव पर बल्लभगढ़ जिला के तिगांव खंड के बडोली गांव के प्राथमिक पाठशाला के प्रांगण में एक भव्य कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के समापन पर बोलते हुए हरियाणा प्रान्त के प्रान्त प्रचारक विजयजी ने दूरदराज गांव से आये हुए 80 पूर्ण गणवेश युक्त स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विजयादशमी और श्रीराम के आदर्शों का उल्लेख किया कि यह उत्सव शक्ति का उत्सव है। उन्होंने कहा की यूनान, मिश्र, रोम मिट गए जहां से कुछ बात है की हस्ती मिटती नहीं हमारी। भारत पर विदेशी आक्रमणकारियों ने कई बार आक्रमण किया। लेकिन वो हमारे संस्कृति को नहीं मिटा पाए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सह प्रान्त कार्यवाह राकेश और बल्लभगढ़ जिला के जिला कार्यवाहक गौरी दत्त उपस्थित थे। इस मौके पर दूर दराज गांवों से आये हुए अन्य बहुत लोग उपस्थित रहे।

### निधन पर किया शोक व्यक्त



**फरीदाबाद।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं श्री महाराणा प्रताप राजपूत सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष किशन ठाकुर के बड़े भाई व युवा नेता विकास ठाकुर के ताऊ स्वर्गीय ठाकुर पोपन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करने केंद्रीय मंत्री, पूर्व मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक, पार्षद, पूर्व पार्षद व अन्य नेतागणों के साथ शहर की समस्त 36 बिरादरी के गणमान्य व्यक्ति पहुंच रहे हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी महेंद्र प्रताप सिंह, विधायक नरेंद्र गुप्ता, विधायक राजेश नागर, पूर्व विधायक आनंद कौशिक के अनुज बलजीत कौशिक, पूर्व पार्षद राजेंद्र चपराना, पूर्व पार्षद राव महेंद्र, पूर्व पार्षद राजेश तंवर, चौधरी बिरजू तंवर जिला पार्षद व वीरपाल पहलवान, पंडित रोहतास पहलवान, डॉ. सुरेंद्र दत्ता पाराशर, रविंद्र भाटी समाजसेवी, पार्षद विनोद भाटी, पूर्व पार्षद नरेश गोसाई, कुंवर राजकुमार गौड़, एडवोकेट डॉक्टर राजेश्वर सागर भारद्वाज, पंडित प्रहलाद शर्मा तिलपत, टीटू सिंगला, बालू सिंह व्यापारी एडवोकेट मूलचंद भारद्वाज आदि ने किशन ठाकुर के निवास पर पहुंचकर शोकग्रस्त परिवार को सांत्वना दी और स्व. ठाकुर पोपन सिंह के परोपकारी सेवा कार्यों को याद किया।

### केंद्रीय राज्यमंत्री ने प्रशंसा पत्र सहदेव को सौंपा

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कोविड–19 महामारी से निपटने में प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन का सहयोग करने पर रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल के प्रधान जगदीश सहदेव व उनकी टीम के सेवा कार्यों की भूरि–भूरि प्रशंसा की है और आशा जताई कि वे भविष्य में भी इसी तरह अपना सहयोग बनाए रखेंगे। सीएम द्वारा भेजे गये प्रशंसा पत्र को आज केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने अपने कर–कमलों द्वारा प्रधान सहदेव को सौंपा। इस मौके पर कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि सीएम खट्टर द्वारा प्रधान सहदेव को भेजे गये पत्र में कहा है कि पूरे विश्व में कोविड–19 महामारी एक अभूतपूर्व संकट के रूप में उभरकर आई है। जिससे निपटने में हरियाणा सरकार को अनेक सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं का अविस्मरणीय सहयोग मिला। संस्थाओं ने गरीब एवं जरूरतमंद लोगों विशेषकर प्रवासी मजदूरों को राशन, भोजन, दवाइयां, फेस मास्क, सेनेटाइजर आदि उपलब्ध करवाने के अलावा कोविड पीड़ितों के लिए आवश्यक वस्तुएं और सेवाएं उपलब्ध करवाकर एवं सामाजिक दूरी के बारे में जागरूक करके मानव सेवा का एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसके अलावा संस्थाओं ने सरकार द्वारा प्रवासी मजदूरों के लिए लगाए गए राहत कैम्पों के संचालन में भी भरपूर सहयोग दिया। इन्हीं संयुक्त प्रयासों के फलस्वरूप हरियाणा अन्य राज्यों की तुलना में इस महामारी से बेहतरीन ढंग से निपट रहा है। प्रधान सहदेव ने सीएम द्वारा उनके कार्यों की प्रशंसा करने पर उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्हें पूर्ण आश्वासन दिया कि वे तथा उनकी पूरी टीम जनहित के कार्यों में आगे भी इसी तरह बढ़–चढ़कर भाग लेती रहेगी। इस मौके पर एसडीएम जितेंद्र कुमार, जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव विकास कुमार व सहायक पुरुषोत्तम सैनी समेत अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### घायल महिला का हाल जाना

**फरीदाबाद।** हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के सेक्टर–8 पर आम आदमी पार्टी द्वारा दिए गए शांति प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने महिलाओं पर लाठी चार्ज किया। इस दौरान 35 वर्षीय कल्पना, खोरी गांव निवासी सहित कई कार्यकर्ता घायल हो गए। इस दौरान घायल हुई महिला कल्पना को बीके अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां कल्पना से मिलने के लिए राज्यसभा सांसद एवं आम आदमी पार्टी के हरियाणा सह प्रभारी सुशील कुमार गुप्ता बीके सिविल अस्पताल में देर शाम पहुंचे। सांसद सुशील गुप्ता ने घायल महिला कल्पना का हालचाल पूछा। कल्पना की गर्दन और कमर में चोट आई है। अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

# प्रदूषण : ध्यान नहीं दिया तो जल्द मिलेगा पहला स्थान

## रोगियों के लिए होगा खतरनाक, लंकादहन के कार्यक्रमों के बाद बढ़ गया प्रदूषण

प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए सताने लगी है अपनी जान की चिंता



**कविता। फरीदाबाद**

**औद्योगिक** नगरी को अन्य शहरों से अधिक प्रदूषित बताते हुए द्वितीय स्थान पर रखा गया है। शहर का अभी से यह हाल है तो रावण दहन और दिवाली पर क्या होगा? इस त्योहार के आने से जहां चारों तरफ खुशियां छा जाती हैं, लेकिन समाज का एक वर्ग ऐसा भी जिन्हें प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए अपनी जान की चिंता सताने लगी है। दमा एवं सांस से संबंधित बीमारियों से पीड़ित लोगों को इन त्योहारों के कारण भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सांस संबंधी समस्याओं से ग्रस्त लोगों को सुरक्षित दशहरा और दिवाली मनाने की सलाह देते हुए कहा है कि वे धुंए से बचे, घर में रहें और श्वास दिक्कत होने पर दवाइयों की खुराक बढ़ा लें।

### बढ़ता है अक्टूबर में

वर्ष 2018 से प्रदूषण का स्तर अक्टूबर माह में ही बढ़ रहा है। वर्ष 2018 अक्टूबर में शहर के प्रदूषण स्तर 356 पर था। वहीं अब देश में फरीदाबाद प्रदूषण के मामले में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। फरीदाबाद का पीएम 2.5 स्तर 400 के करीब पहुंच गया है। प्रदूषण नियंत्रण विभाग द्वारा जारी किए गए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) लागू करने पर भी प्रदूषण का स्तर खतरनाक रूप से बढ़ता जा रहा है। प्रदूषण के बढ़ते स्तर को काबू करने के प्रयास अब इस औद्योगिक नगरी में असफल होते नजर आ रहे हैं।

### सिरदर्द, कफ की समस्याएं संभव

बादशाह खान अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक अधिकारी डॉ. योगेश गुप्ता ने दिवाली से पूर्व दमा एवं श्वास के मरीजों को सलाह दी है कि दिवाली के दौरान हवा में मिक्स कणों का स्तर खतरनाक हद तक बढ़ जाता है। जिससे सांस लेने में दिक्कत होती है और आंख, नाक एवं गले की समस्याएं उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि बचाव के लिए दमे और ब्रोंकाइटिस जैसी सांस संबंधी बीमारियों से ग्रस्त लोगों को अधिक सावधान रहने की जरूरत है। लोगों को आतिशबाजी से होने वाले धुएं से बचने के लिये घर में ही रहना चाहिए। दमा पीड़ित लोगों को दवाइयों की खुराक बढ़ा लेनी चाहिए और अगर परेशानी बढ़ जाए तो तत्काल चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। उन्होंने बताया कि 'फुलझड़ी' और 'अनार' जैसे पटाखों में तांबा, कैडमियम, शीशा, मैग्नीज, जस्ता, सोडियम और पोटैशियम जैसे अत्यधिक भारी विषैले धातु मौजूद होते हैं। अगर ये धातु हवा में मिल जाएं तो यह मरीजों में दमा के प्रकोप को बढ़ा देते हैं। इनके कारण भारी सिर दर्द, फेफड़े में श्वसन संबंधी बीमारियां एवं कफ की समस्या पैदा होती है।

# जिले में बढ़ रहे डेंगू के मरीजों की संख्या का आंकड़ा

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



**जिले** में डेंगू के मरीजों की संख्या का आंकड़ा भी तेजी से बढ़ रहा है। शनिवार तक जिले में डेंगू के आठ मामलों की पुष्टि की गई। वहीं दूसरी तरफ जिले में बढ़ रहे डेंगू के मामलों को देखते हुए जिला डेंगू व मलेरिया विभाग चिंतित है, क्योंकि जहां एक तरफ कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ रही है, वहीं डेंगू ने भी शहर में पांव पसारने शुरू कर दिए हैं। ऐसे में डेंगू के डंक और कोरोना के खतरे से शहरवासियों को बचाने के लिए कई तरह के प्रयास किए जा रहे है। डेंगू के लिए एंटी लारवा एक्टीविटी अभियान पूरे शहर में चलाया जा रहा है। अब तक करीब 350 घरों में लारवा मिलने पर नोटिस दिया गया है। बायोलॉजिस्ट पीके अरोड़ा ने बताया कि टीमें दोबारा से उक्त स्थानों पर जांच करेंगी। यदि दोबारा लारवा मिलेगा तो चालान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को बचाव करके रहना चाहिए। सुबह और शाम को पूरी बाजू के कमीज पहन कर रखें।

# कृषि बिल व तोड़फोड़ के विरोध में सड़क पर उतरी आप

## कैबिनेट मंत्री के घेराव के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं की हुई पुलिस से झड़प

आप कार्यकर्ताओं का जोश और उत्साह देखकर घबराए मंत्री : सुशील गुप्ता

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



**केन्द्र** सरकार द्वारा किसानों के खिलाफ पास किए गए कृषि अधिनियमों एवं फरीदाबाद के गांव खोरी में गरीब एवं प्रवासियों को उजाड़े जाने के विरोध में शनिवार को आम आदमी पार्टी के हजारों कार्यकर्ता राज्यसभा सांसद एवं हरियाणा प्रदेश प्रभारी डॉ. सुशील गुप्ता के नेतृत्व में सड़कों पर उतर आए। कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बन रहा था, भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के कार्यालय की ओर कूच किया। आप कार्यकर्ताओं की मौजूदगी एवं संख्या बल से घबराए परिवहन एवं खनन मंत्री मूलचंद शर्मा ने भारी पुलिस बल लगाया हुआ था। चारों तरफ पुलिस बैरिकेड लगाए गए थे। इस दौरान आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प भी हुई।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि हरियाणा सरकार के मंत्री आप कार्यकर्ताओं का जोश एवं उत्साह देखकर घबरा गए हैं, इसलिए इतनी भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात किया हुआ है। मगर हम आम जनता एवं किसानों की लड़ाई लड़ रहे हैं, जिसे किसी भी कीमत पर दबाया नहीं जा सकता। शक्ति एवं लठतंत्र से शासन नहीं किया जाता, जब तक आप लोगों के हित में कार्य नहीं करेंगे, आम आदमी पार्टी अपना आंदोलन जारी रखेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि आज भारतीय जनता पार्टी के निरंकुश मंत्री अपनी मनमानी कर रहे हैं। हाईकोर्ट के आदेशों का हवाला देकर गरीबों को उजाड़ने वाली खट्टर सरकार बताए कि क्या इनको उजाड़ने से पहले पुनर्वास की व्यवस्था नहीं करनी चाहिए। या केवल गरीबों और प्रवासी मजदूरों पर ही हाईकोर्ट के आदेशों की अनुपालना होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि आम आदमी पार्टी गरीबों की झुग्गी बस्ती उजाड़े जाने का पुरजोर विरोध करती है और हर तरह से उनके साथ है। एक ही कानून को भाजपा सरकार अलग–अलग तरीके से लागू कर रही है। गरीब एवं प्रवासी मजदूरों पर सख्त कार्यवाही को रसूखदारों को ढील क्यों दी जा रही है। सूरजकुंड स्थित खोरी गांव में वर्षों से रह रहे प्रवासी मजदूरों को बिना उनके पुनर्वास की व्यवस्था किए उजाड़ना बिल्कुल अनैतिक है। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता आरएस राठी, ओमप्रकाश गुप्ता, प्रीति दीक्षित, दीपक जैन, धीरज यादव, हरेन्द्र भाटी, विनोद भाटी, धर्मेन्द्र, बडखल विधानसभा अध्यक्ष तेजवंत सिंह उर्फ बिट्टू, गीता शर्मा, रघवर दयाल, अमन गोयल, संतोष यादव, विनय यादव, भीम यादव, विजय गोदारा, विनय वशिष्ठ, सुमन वशिष्ठ, वीणा वशिष्ठ, सुनील ग्रोवर, रिजवान खान, मोहम्मद अली, आशीष कुमार, रेखा चौरसिया, राजेश कुमार एवं नरेन्द्र सरोहा आदि मौजूद रहे।

### सरकारी स्कूल में मनाया संयुक्त राष्ट्र दिवस

**फरीदाबाद।** एनएच–तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा विभाग के आदेशानुसार और प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा के निर्देशानुसार संयुक्त राष्ट्र दिवस पर विशेष वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है तथा सहयोग, अन्तर्राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, मानव अधिकार और विश्व शांति के लिए कार्यरत है। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना 24 अक्टूबर 1945 को संयुक्त राष्ट्र अधिकारपत्र पर 50 देशों के हस्ताक्षर होने के साथ हुई। संयुक्त राष्ट्र के बारे में विचार पहली बार द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान उभरे थे। द्वितीय विश्व युद्ध में विजयी होने वाले देशों ने मिलकर प्रयास किया कि वे इस संस्था की संरचना, सदस्यता आदि के बारे में कुछ निर्णय कर सकें। भारत, संयुक्त राष्ट्र के उन प्रारंभिक सदस्यों में शामिल था जिन्होंने 01 जनवरी, 1942 को वाशिंग्टन में संयुक्त राष्ट्र घोषणा पर हस्ताक्षर किए थे तथा 25 अप्रैल से 26 जून, 1945 तक सेन फ्रांसिस्को में ऐतिहासिक संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय संगठन सम्मेलन में भाग लिया था संयुक्त राष्ट्र का मुख्यालय अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर है। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि सतत् विकास लक्ष्य सहित 2030 के एजेंडा के प्रति भारत सरकार के दृढ़ संकल्प का प्रमाण राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बैठकों में प्रधानमंत्री और सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों के वक्तव्यों से मिलता है।

# कोरोना से एक मौत, 193 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 23,713



**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**जिले** में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। शनिवार को 193 मामले सामने आए। जिससे कोविड–19 का आंकड़ा 23,713 पर पहुंच गया। वहीं जिले में शनिवार को एक महिला की मौत हो गई, जिससे मृतकों की संख्या का आंकड़ा 242 पर पहुंच गया। राहत की बात यह रही कि जिले में 203 मरीजों ने कोरोना को मात दे दी। जिससे जिले का रिकवरी रेट 95.3 प्रतिशत पर पहुंच गया।

**मृतक और पॉजिटिव**

सेहतपुर निवासी 53 वर्षीय एक महिला ने कोरोना व अन्य बीमारियों के चलते दम तोड़ दिया। वहीं 193 पॉजिटिव में श्याम कालोनी, बसेलवा कालोनी, ग्रीनफिल्ड कालोनी, सेक्टर–18, 37, 16, 23, 21, 10, 3, 20, पल्ला, डबुआ, सैनिक कालोनी, हीरापुर, बड़ौली, एसजीएम नगर, बल्लभगढ़, गड़खेड़ा, चंदावली, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, निमका जेल, सिही, फरीदपुर, खेड़ी कला, तिगांव, अमरनगर, नगला इंक्लेव, शिवदुर्गा बिहार से 2–2 मरीज है। कपड़ा कालोनी, सेक्टर–64, 86, 62, 30, 48, 91, 55, 7, ओल्ड फरीदाबाद, खतरीवाड़ा, सेहतपुर, सूर्या बिहार, गांधी कालोनी, सरपंच कालोनी, अजरौंदा, सरस्वती कालोनी, जनता कालोनी, एनएच–5 से 3–3 मरीज है। सेक्टर–49, जवाहर कालोनी, सेक्टर–23, स्प्रींग फिल्ड कालोनी से 4–4 मरीज है। मोहना, चार्मवुड, पटेल नगर, सेक्टर–34, सैनिक कालोनी, पाली से 1–1 मरीज है। सेक्टर–15 से 7 और अन्य एरियों से 55 मरीज शामिल है।

**यह है आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांचे | 236557 |
| रिपोर्ट आई नेगेटिव | 212563 |
| रिपोर्ट आनी शेष | 281 |
| अब तक पॉजिटिव | 23713 |
| गंभीर हालत में | 48 |
| आईसीयू में भर्ती | 6 |
| अब तक मौत | 242 |
| अब तक ठीक हुए | 22593 |

# दुर्गा पूजा पंडालों में विशेष पूजा का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

दुर्गा पूजा के पंडालों में अष्टमी पूजा के साथ संध्या पूजा का आयोजन भी किया गया। जिसमें मंदिरों में विशेष पूजा की गई। रविवार को आज महानवमी की पूजा होगी। हार्डवेयर–बाटा रोड स्थित दुर्गाबाड़ी मंदिर में शनिवार को अष्टमी पूजा का आयोजन किया गया। जिसके बाद 11 बजे संध्या पूजा की गई, यह अष्टमी की समाप्ति और नौवीं के प्रारंभ के मौके पर विशेष पूजा थी। वहीं रविवार को महानवमी और सोमवार को महादशमी के दिन यहां मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। विसर्जन श्रद्धालुओं द्वारा सिंदूर की होली खेल कर मां को विदाई दी जाएगी।

**मां का आशीर्वाद लेने पहुंचे कमिश्नर**

सेक्टर–16 स्थित फरीदाबाद कालीबाड़ी में शुक्रवार को देर शाम जिले के पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह ने संध्या आरती की एवं माता रानी से आशीर्वाद लिया। उन्होंने फरीदाबाद कालीबाड़ी के सामाजिक कार्यों एवं समाज की विपदाओं में हमेशा आगे रहने के लिए कालीबाड़ी के सदस्यों की सराहना की एवं आगे भी इसी तरह से निःस्वार्थ सेवा के लिए प्रोत्साहित किया। फरीदाबाद कालीबाड़ी के वरिष्ठ सदस्य अभिजीत गांगुली ने सिंह एवं फरीदाबाद के सारे पुलिस महकमे का धन्यवाद करते हुए



कालीबाड़ी के तरफ से हमेशा समाज के किसी भी जरुरत के लिए, सहयोग करने का आश्वासन दिया। सीपी के सम्मान समारोह में कालीबाड़ी के सक्रिय कार्यकर्ता अर्चित पंडित, सांतनु देव सरकार, मृण्मय चक्रवर्ती, सचिव स्वपन बोस एवं उपाध्यक्ष देवाशीष घोष इत्यादि के साथ फरीदाबाद कालीबाड़ी की महिला मंडल भी शामिल थी। इस बार महामारी के मद्देनज़र सामाजिक सुरक्षा का पूर्ण ध्यान रखते हुए फरीदाबाद कालीबाड़ी में बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ दुर्गा पूजा मनाया जा रहा है। जो विजया दशमी के दिन तक जारी रहेगी। 25 अक्टूबर को दुर्गा अष्टमी के दिन देवी महागौरी की पूजन होती है। दुर्गा पूजा में महाअष्टमी एक विशेष और महत्वपूर्ण दिन होता है। सुबह सात बजे से ही भक्तगणों ने मंदिर में माता को अपनी श्रद्धासुमन अर्पण करने के लिए आना शुरू कर दिया था।

### बैंक लोन वितरण मेले का आयोजन

**फरीदाबाद।** इंडियन बैंक की ओल्ड फरीदाबाद शाखा द्वारा गत दिवस रिटेल एवं एमएसएमई लोन वितरण मेला का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत लगभग 50 से ज्यादा ग्राहकों को 12 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किये गये।

मेले में मुख्य अतिथि इंडियन बैंक के दक्षिण दिल्ली क्षेत्र के अंचल प्रबंधक हिमांशु कंसल ने बैंक के अन्य सेवाओं के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की, साथ ही सरकार के डोर स्टेप बैंकिंग की सराहना करते हुये इसे वर्तमान ग्राहक और बैंकिंग सर्विस की मांग बताया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से सहायक महाप्रबंधक शरत कुमार प्रधान, एजीएम नरेंद्र कुमार एवं शाखा प्रबंधक रुचिर सिन्हा और अनुज सूद उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि हिमांशु कंसल ने कहा कि बैंक द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स (फुटपाथ के दुकानदार) को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 10–10 हजार रुपये का भी लोन दिया जाता है। इससे गरीब व्यक्ति स्वयं कोई व्यवसाय कर सके। 10 हजार रुपए का एक वर्ष में मात्र 63 रुपए ब्याज देना होगा तथा जो व्यक्ति लगातार 6 महीने तक 872 रुपये की किश्त समय से देता रहेगा वह 20 हजार रुपये का और ऋण ले सकेगा तथा अपने रोजगार को आगे बढ़ा सकेगा।

# दम्पति पर जानबूझ कर कोरोना फैलाने का मामला हुआ दर्ज

महिला ने नहीं लगाया हुआ था अपना मास्क भी ठीक तरह से

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



**एनएच**–तीन स्थित कोविड–19 अस्पताल (ईएसआई मेडिकल कॉलेज) की ओपीडी में कोरोना पॉजिटिव एक महिला अपने पति के साथ पहुंच गई और हंगामा करने लगी। जिस पर मेडिकल कॉलेज में सहायक प्रोफेसर ने हंगामा होते देखकर जांच की, तो मालूम हुआ कि महिला पॉजिटिव थी। उन्होंने तुरंत पुलिस को फोन करके महिला और उसके पति के खिलाफ जानबूझकर कोरोना फैलाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवा दिया।

पुलिस को दी अपनी शिकायत में डॉ. दीपाली ने बताया कि वह अपने कार्यालय में बैठी थीं, तभी शोर सुनकर वे बाहर आईं। बाहर एक महिला और उसके पति ने शोर मचाया हुआ था। डा. दीपाली उनके पास पहुंचीं तो महिला का ओपीडी कार्ड देखकर वे सन्न रह गईं। ओपीडी कार्ड पर उसे कोरोना पॉजिटिव लिखा था। डॉ. दीपाली के मुताबिक वह महिला खुद भी डाक्टर है। उसे अच्छी तरह मालूम है कि उसके कोरोना पॉजिटिव होने से दूसरे लोग भी चपेट में आ जाएंगे। इसके बावजूद वह बवाल कर रही थी। उसने डॉ. दीपाली को भी इस बारे में नहीं बताया। इस कारण डॉ. दीपाली ने उसे समझाने के चक्कर में शारीरिक दूरी भी सुनिश्चित नहीं कर पाईं। आरोप है कि उस महिला ने अपना मास्क भी ठीक तरह नहीं लगाया हुआ था। वहीं उसके साथ आए पति ने मास्क लगाया ही नहीं था। डॉ. दीपाली की शिकायत पर आरोपी महिला व उसके पति के खिलाफ महामारी अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# नई पहल : पुलिस का 'अपराधी सुधार कार्यक्रम'

वैचारिक परिवर्तन से व्यक्ति के आचार, विचार और व्यवहार को बदला जा सकता है : सीपी

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



**पुलिस** आयुक्त कार्यालय में तैनात सभी अधिकारी व शाखा प्रभारियों की एक संगोष्ठी के दौरान उनके नियमित कार्य निष्पादन की जानकारी लेने उपरांत पुलिस आयुक्त ओपी सिंह द्वारा विचार–विमर्श किया गया। जिसमें विभिन्न अभियोगों में संलिप्त अपराधियों का विश्लेषण करके देखा जाए कि किन–किन अपराधियों का पूर्व आपराधिक रिकार्ड नहीं है, क्योंकि कुछ लोग किसी के द्वारा अकस्मात उत्तेजना दिलाए जाने के कारण आवेगवश, कुछ लोग आपराधिक प्रवृति के लोगों के संपर्क में आने के कारण, कुछ नशे आदि की लत के कारण तथा कुछ लोग गरीबी और किसी अन्य मजबूरी से अपराध कर बैठते हैं, जबकि उनका पेशा या प्रवृति अपराध करने की नहीं है।

लेकिन ऐसे लोग जेल जाकर आपराधिक प्रवृति या पेशेवर अपराधियों के संपर्क में आकर आपराधिक प्रवृति को अपना लेते हैं। विचार करके देखा जाए तो पता चलता है कि एक अपराधी समाज के लिए कितना नुकसान दायक है और सरकार तथा प्रशासन को उसे पकड़ने, काबू में रखने व सुधारने के लिए कितना अमला और पैसा लगाना पड़ता है। अगर इसके सुधार की प्रक्रिया को इस दृष्टिकोण से देखा जाए कि व्यक्ति अपने विचारों के अनुसार कार्य करता है। अगर विचार असामाजिक होंगे तो व्यक्ति असमाजिक और विचार सामाजिक होंगे तो व्यक्ति सामाजिक कार्य करेगा। भावार्थ यह हुआ कि विचार परिवर्तन के माध्यम से एक असामाजिक या आपराधिक प्रवृति के व्यक्ति को एक सामाजिक इनसान या उत्तम नागरिक बनाया जाना सरल और स्थाई उपाय है।

इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा 'इत्तेफाकन अपराधी सुधार कार्यक्रम' के माध्यम से ऐसे लोगों के लिए कार्यशालाओं का आयोजन करने की ओर अग्रसर है, जिसमें सेवा निवृत- न्यायाधीश, उच्च पुलिस अधिकारी, अधिवक्ता, उद्योगपति, जेल अधीक्षक, अपराध शास्त्री और धर्म गुरूओं के व्याख्यानों, योग और अध्यात्म के माध्यम से ऐसे अपराधियों को छोटे-छोटे ग्रुपों में बुलाकर उनमें वैचारिक परिवर्तन लाकर उन्हें एक उत्तम नागरिक बनाने के प्रयास किए जाएंगे।

# पैदल गश्त कर मनाया पुलिस फ्लैग दिवस

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



**पुलिस** फ्लैग दिवस के चौथे दिन फरीदाबाद पुलिस के सभी अधिकारियों, थाना प्रबंधक, पुलिस चौकी इंचार्ज और उनके अधीन तैनात सभी पुलिसकर्मियों ने दिन व रात मे 5–5 किलोमीटर पैदल गश्त की। जैसा की विदित है फरीदाबाद पुलिस लगातार 10 दिन पुलिस फ्लैग दिवस का आयोजन कर रही है प्रत्येक दिन पुलिस विभाग अलग–अलग तरह की गतिविधियों का आयोजन कर रहा है। इस प्रोग्राम के मद्देनजर पुलिस फ्लैग दिवस के चौथे दिन 5 किलोमीटर पैदल गस्त धार्मिक स्थल, बाजार एवं भीड़ भाड़ वाली जगह इत्यादि पर की गई। इस दौरान प्रत्येक महिला थाना ने भी अपने अपने एरिया में पैदल गस्त की। अपने अपने एरिया में पैदल गस्त के दौरान पुलिस ने रास्ते में मिलने वाले लोगों से बातचीत कर साइबर क्राइम, चोरी- ठगी से बचने के बारे में जागरूक किया और उनका हाल–चाल भी जाना। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस फ्लैग दिवस के अवसर आने वाले दिनों में पुलिस अलग–अलग तरह के कार्यक्रम आयोजित करेंगे जैसे कि रन फॉर यूनिटी, ब्लड डोनेशन कैंप, वाद विवाद प्रतियोगिता इत्यादि का आयोजन किया जाएगा।

# यहां रो रहे हैं किसान, वहां सो रही है सरकार

## किसानों की सरकार ने बाजरे की फसल तो खरीदी पर पेमेंट नहीं दी

## त्योहार के चलते परेशान हैं किसान



पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**रो रहे** हैं किसान, सो रही है सरकार। यह बात इसलिए कही जा रही है कि यहां उन किसानों का हालत खराब हो रही है, जिन्होंने सरकार को अपनी बाजरे की फसल तो बेच दी, लेकिन सरकार की ओर से उनके खातों में पेमेंट ट्रांसफर नहीं की गई है। ऐसे में किसानों को त्योहार फीके होने के साथ अब गेहूं की फसल की बिजाई की चिंता सता रही है।

सोहना क्षेत्र में किसानों ने भावुकता के साथ कहा कि किसान तो हमेशा पिसता ही है। चाहे उसे सरकार पीसे या फिर कोई कंपनी। किसान महेश शर्मा, रतिराम यादव, नरू यादव, सूरज यादव ने कहा कि उनकी बाजरे की फसल 13 अक्टूबर को यहां सोहना मंडी में बिकी थी। उन्हें उम्मीद थी कि एक-दो दिन में उनकी फसल के पैसे उनके खाते में आ जाएंगे। नवरात्र, दशहरा, दीवाली के त्योहार हैं। घर के खर्च में कोई परेशानी नहीं होगी। लेकिन शायद उनका यह सोचना गलत था। या यूं कहें कि सरकार ने उनकी सोच पर पानी फेर दिया। किसानों ने कहा कि वे जोश और शौक के साथ कोई त्योहार नहीं मना पा रहे।

परिवार का खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है। एक तो फसल तैयार करने में इतना खर्च करना पड़ता है। वह भी किसी न किसी तरह से जुगाड़ करना पड़ता है। किसी से उधार तक लेना पड़ता है। मतलब एक तरह से खेती-किसानी उनके लिए घाटे का सौदा बन गई है। फिर भी कोई अन्य रोजगार का साधन नहीं होने के कारण खेती करना मजबूरी भी है। किसानों ने कहा कि सरकार हर वर्ग का ख्याल रखने की बात कहती है। किसानों को कोई समस्या नहीं होने की बात कहती है।

किसानों की भलाई के नाम पर 3 अध्यादेश लेकर आई है। ऐसे अध्यादेशों का क्या फायदा जब किसान अपनी खून-पसीने की मेहनत से उगाई फसल को सरकार को बेचकर भी पेमेंट के लिए परेशान होना पड़े। उन्होंने कहा कि अगर किसानों की सरकार सच्ची और सही हितैषी है तो उनकी फसल की पेमेंट बिना देरी के खातों में ट्रांसफर करे, ताकि बचे हुए त्योहार वे मना सकें।

## सात वारदातों को अंजाम देने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**नूंह।** अपराध शाखा पुलिस ने उद्घोषित सर्च अभियान चलाकर गोहत्या, हत्या की कोशिश, सरकारी काम में बाधा डालना, आर्म्स एक्ट सहित करीब सात वारदातों में शामिल व अदालत से वांछित आरोपी को गांव लुहिंगाकलां में घर पर दबिश देकर गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नूरदीन निवासी गांव लुहिंगाकलां के रूप में हुई है। जांच अधिकारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि अरोपी नूरदीन को उसके गांव लुहिंगाकलां से दबिश देकर गिरफ्तार किया है।

## व्यापार मंडल संघ दुकानदारों को ग्रैप का पाठ पढ़ाएगा

**सोहना।** नगर परिषद अधिकारियों और व्यापार मंडल संघ पदाधिकारियों की बीच हुई मैत्रीपूर्ण बैठक में ग्रैप के नियमों पर गहणता से विचार-विमर्श हुआ। परिषद अधिकारियों ने शहर के छोटे दुकानदारों, व्यापारियों और गोदाम संचालकों को प्रदूषण न फैसलाने की हिदायतें दी। व्यापार मंडल संघ की तरफ से परिषद को ग्रैप के नियमों का पालन करने का आश्वासन दिया।

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संदीप मलिक और व्यापार मंडल संघ के प्रधान मनोज राघव समेत अन्य पदाधिकारियों के साथ शुक्रवार को बैठक हुई। बैठक में व्यापार मंडल संघ के सभी छोटें-बड़े दुकानदारों ने आम रास्ते में गंदगी फैलाने से लेकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने पर जोर दिया। कूड़ा-कचरा को सड़क पर न फेंका जाए। कूड़े को आग के हवाले न किया जाए। दुकानदार सफाई करने के बाद कूड़े को कूड़ेदान में रखें। जब कूड़ा को उठाने के लिए ट्रैक्टर आए तो उसमें डाला जाए। व्यापार मंडल संघ प्रधान मनोज राघव ने बताया कि सभी दुकानदार और व्यापारियों को ग्रैप के निमयों को पालन करने की हिदायतें दी गई हैं।

## नवमी पर प्राचीन देवी मंदिर में उमड़े भक्तजन



तावडू के प्राचीन देवी मंदिर में यात्रा निकालते श्रद्धालु।

**तावडू।** नवमी पर प्राचीन देवी मंदिर पर नवरात्र के अंतिम दिन पूर्ण आहुति यज्ञ हुआ। क्षेत्र के लोगों ने इसमें बढ़-चढ़कर शिरकत की। यत्र के बाद कंजकों की पूजा करने के साथ उन्हें भोजन खिलाया गया।

मंदिर पर सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया। पंडित विनोद पाराशर ने भक्तजनों सहित सुबह की आरती की। उसके बाद लोगों ने माता शेरावली के चरणों में नतमस्तक हो आशीर्वाद लिया तथा मनोकामना मांगी। कुछ भक्तजन पूर्व में मांगी मनोकामना पूर्ण होने पर प्रसाद वितरित करते देखे गए। भक्तजनों ने मंदिर प्रांगण में वर्षों से लगे पीपल के वृक्ष की भी पूजा-अर्चना की। बता दें कि हिंदू धर्म में पीपल के वृक्ष की पूजा का बहुत महत्व है। मंदिर के पुजारी व भक्तजनों ने यज्ञ पश्चात कंजकों की पूजा करने के साथ उन्हें भोजन खिलाया। उन्हें उपहार दे व्रत का उद्यापन किया।

कंजकों के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया। मंदिर के पुजारी पंडित विनोद पाराशर के मुताबिक शुक्रवार को सप्तमी पर मंदिर में वार्षिक मेला लगा था, जिसमें भक्तजनों ने मंदिर में माता की पूजा-अर्चना को पहुंचे। प्रसाद वितरण कमेटी सदस्यों ने प्रत्येक भक्तजन को माता का प्रसाद वितरित किया। उसके बाद मंदिर परिसर में मां शेरावाली का जागरण भी हुआ। जिसमें भक्तजन मधुर धार्मिक संगीत पर जमकर थिरके।

## नवमी पर श्रद्धालुओं ने की मां महागौरी की आराधना

### घरों में कंजिकाओं ने किया प्रसाद ग्रहण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



नवमी के अवसर पर एक घर में प्रसाद ग्रहण करती कंजिकाएं।

**नवमी** के मौके पर शनिवार को शहर के सभी मंदिरों में पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ रही। शनिवार को नवरात्रों का समापन हो गया। मां दुर्गा के 8वें नवरात्रे पर शनिवार को श्रद्धालुओं द्वारा मां महागौरी की पूजा अर्चना की गई।

यहां श्री माता शीतला मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ माता के दर्शनों के लिए उमड़ती दिखाई दी। न्यू कालोनी मोड स्थित सुदर्शन माता मन्दिर, गुफा वाला मन्दिर, सिद्वेश्वर मन्दिर, घन्टेश्वर मन्दिर, राम मन्दिर सेक्टटर-4 स्थित श्रीकृष्ण मंदिर, श्रीराम मंदिर, विशाल रामश्याम मंदिर, प्रकाशपुरी आश्रम स्थित मंदिर, चिंतपूर्णी मंदिर, हनुमान मंदिर, शिव मंदिर में भी श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए माता की स्तुति करते दिखाई दिए। मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा भजन-कीर्तन भी पूरे दिन होते रहे, जिनमें क्षेत्रवासी व धर्मप्रेमियों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। शीतला माता मंदिर में नवरात्रों के दौरान श्रद्धालु बड़ी संख्या में आ रहे हैं और मंदिर में कोरोना से बचाव के लिए जारी दिशा-निर्देशों का पालन भी श्रद्धालुओं से कराया जा रहा है। दुर्गा अष्टमी पर समाजसेवियों व धर्मप्रेमियों द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर भण्डारों का आयोजन भी किया गया।

### हर्षोल्लास से की गई दुर्गा पूजा

**गुरुग्राम।** चैंपियन प्ले पेन स्कूल मारुति विहार में दुर्गा पूजा बड़े ही हर्ष उल्लास से मनाई गयी। कोरोना जैसी भयंकर महामारी के कारण ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल मैनेजमेंट ने ऑनलाइन कार्यक्रम का निर्णय लिया। कार्यक्रम में चेतना ने मां दुर्गा की भूमिका निभाई।

सभी बच्चों ने ऑनलाइन डांडिया कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के बाद शिक्षिका प्रीति दत्ता ने बच्चों को भगवान श्री राम के बारे में बताया कि किस तरह भगवान राम ने रावण से सीता को छुड़ाया और सच्चाई की जीत हुई। उसके बाद बच्चों को पूजा की विधि बताई गई और अंत में सभी टीचर्स और बच्चों ने मिलकर मां दुर्गा की आरती गायी। इस अवसर पर स्वाति बासु, सुनीता शर्मा उपस्थित थी।

## पार्षद ने की सफाई कर्मियों को दीवाली का बोनस देने की मांग



गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपतीं पार्षद शीतल बागड़ी व पूर्व पार्षद मंगतराम बागड़ी।

### गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** के सफाई कर्मचारियों को दीपावली का विशेष बोनस प्रदान करने की मांग की वार्ड-10 के पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी व पार्षद शीतल बागड़ी ने की है। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित मांग पत्र गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला को सौंप कर सफाई कर्मचारियों को बोनस प्रदान करने के लिए आग्रह किया है।

विधायक सुधीर सिंगला ने आश्वस्त किया है कि शीघ्र ही वे इस संबंध में मुख्यमंत्री से मिलकर उनको इससे अवगत कराते हुए सफाई कर्मचारियों को बोनस प्रदान कराने का प्रयास करेंगे। पार्षद ने मांग पत्र में उल्लेख किया है कि गुरुग्राम के साथ पूरे प्रदेश के सफाई कर्मचारियों ने कोरोना महामारी के दौरान भी मानव सेवा के लिए समर्पित होकर हरियाणा सरकार के दिशा निर्देश के तहत सफाई कार्य किया। जब लॉकडाउन के दौरान आम नागरिक अपने घरों में कैद थे, तब सफाई कर्मचारियों ने सुबह उठकर सफाई का कार्य करते हुए शुद्ध वातावरण देने का काम किया। ऐसा करके सफाई कर्मचारियों ने हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश में एक मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा है कि इसे देखते हुए जनहित में सभी नियमित और ठेका के तहत काम करने वाले सफाई कर्मचारियों को दीपावली के शुभ अवसर पर विशेष बोनस प्रदान करने की व्यवस्था की जाए।

## पुलिस पर फायरिंग कर भागे युवक

**पलवल।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर बघौला पुलिस चौकी के समीप रूटीन वाहन चेकिंग कर रही पुलिस पार्टी पर स्विफ्ट कार सवार पांच युवकों ने फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने आरोपियों का पीछा किया तो अपने आपको घिरता देख आरोपी कार को छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तीन नामजद व दो अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शरू कर दी है।

पुलिस जांच अधिकारी एएसआई जयपाल ने बताया कि गत 22 अक्टूबर की रात दस बजे नाके पर वह हैड कांस्टेबल कुलदीप व होमगार्ड दिनेश के साथ रूटीन में वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। उसी दौरान बघौला की तरफ से एक स्विफ्ट कार आई जिसे रुकने का इशारा किया गया तो कार सवार युवक पुलिस टीम पर फायरिंग कर नाके को पार करते हुए जनौली फाटक की तरफ निकल गए। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी। पुलिस ने टीम ने आरोपियों का पीछा किया तो आगे फाटक बंद दी और आरोपियों को घेर लिया। लेकिन आरोपी पांच थे, जोकि पुलिस टीम के साथ हाथ-थपाई कर कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गए।

## नप ने प्रॉपर्टी टैक्स बकायादारों से निपटने की योजना बनाई

पायनियर समाचार सेवा। सोहना




। नगर परिषद विभाग ने प्रॉपर्टी टेक्स बकायादारों से सख्ती से निपटने की योजना तैयार की है। परिषद ने बकायादार की सम्पत्ति को सील करने की तैयारी कर रही है। जिसके लिए परिषद ने ऐसे बकायादारों को चिह्नित करना शुरू कर दिया है।

सोहना नगर परिषद का अपने बकायादारों पर 7 करोड़ 63 लाख 30 हजार 19 रुपये बकाया है। कार्यकारी अधिकारी संदीप मलिक बताया परिषद अब अपने टैक्स बकायेदारों को किसी प्रकार की राहत नहीं देगी। जो प्रॉपटी टैक्स को समय पर जमा नहीं कर रहा है। उनके संस्थानों को सील करके अपनी राशी वसूलना अंतिम रास्ता है। ताकि परिषद के खाली खजाने को भरा जा सके। परिषद प्रशासन ने अपने बकायादार उपभोक्ताओं की सम्पत्ति सील करने की योजना तैयार की है। जिसके लिए परिषद ने ऐसे लोगों को चिह्नित कर लिया है। जिन्होंने वर्षों से टैक्स का भुगतान नहीं किया है।

विभाग ने करीब एक दर्जन लोगों की अंतिम लिखित नोटिस जारी कर दिए हैं। जिसमें एक सप्ताह के अंदर प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान किए जाने को कहा है।

### बकायादारों में नामचीन संस्थान भी शामिल

**नगर** परिषद की करोड़ों रुपये की राशि प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में बकायेदारों के जिम्मे बकाया चली आ रही है। जिसमें बिल्डर, यूनिवर्सिटी, होटल, संस्थान आदि नामचीन लोग शामिल हैं। जिन्होंने कई वर्षों से प्रॉपर्टी टैक्स की अदायगी नहीं की है। ऐसी संस्थानों में ओम ट्रैक्टर, एससीजे वर्ल्ड अकेडमी, दी मिलिया, सूर्यांश होटल, एमकेएस कंट्री, वर्धमान, ऐरेटी, जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी, जीडी गोयनका वर्ल्ड स्कूल, सुपरटेक आदि शामिल हैं। जिन्होंने आजतक भी बकाया प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान नहीं किया है। दूसरी ओर नगर परिषद विभाग ने ऐसे डिफाल्टरों पर शिकंजा कसने की ठान ली है।

## एफएमआई यूनियन ने वर्षगांठ में दिया एकता का संदेश

**गुरुग्राम।** शनिवार को आईएमटी मानेसर में सेक्टर-3 में स्थित ऑटो पार्ट कम्पनी एफएमआई ऑटोमोटिव कॉम्पोनेन्ट एम्प्लाइज यूनियन ने एचएमएस के नेता जसपाल राणा की अध्यक्षता में यूनियन की पांचवीं वर्षगांठ मनाई।

यूनियन के प्रधान व महासचिव राहुल सोलंकी व सज्जन कुमार ने अपने कर्मचारियों के साथ ध्वजारोहण स्थल पर पूजा की तथा ध्वजारोहण कर उपस्थित सभी मजदूरों को पांचवीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं दी। अपने सम्बोधन में नेताओं ने कहा कि ये झंडा दिवस मजदूरों का त्योहार होता है। हमें अपनी एकता को हमेशा की तरह बनाये रखना है। एचएमएस के नेता जसपाल राणा ने कहा कि आज से पांच साल पहले मजदूरों ने कड़े संघर्ष से ये यूनियन बनाई थी और यूनियन अपने कर्मचारियों व कम्पनी के हित मे बखूबी से कार्य कर रही है। वरिष्ठ श्रमिक नेता कुलदीप जांघू ने कहा कि आज सरकारें किसानों व मजदूरों का शोषण करने में तुली हुई है, हमने अपने हकों को एकता के बल पर हासिल करने हैं। भविष्य में कामगारों के अधिकारों की रक्षा के लिए बड़ा संगठन तैयार करने की आवश्यकता है।

## श्री दुर्गा रामलीला में दमदार रहा रावण-अंगद संवाद

### राम नाम आधार जिन्हें वो जल में राह बनाते हैं, जिन पर कृपा राम करे वो पत्थर भी तर जाते हैं...

### आखिरकार दोनों ओर से हो गया युद्ध का ऐलान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के जैकबपुरा स्थित श्री दुर्गा राम लीला में लक्ष्मण मूर्छित होने पर विलाप करते राम बने कलाकार।

**जैकबपुरा** स्थित श्री दुर्गा रामलीला में हनुमान जी द्वारा लंका जलाए जाने के बाद वापस अपनी वानर सेना के पास पहुंचने के साथ 10वें दिन की लीला शुरू होती है। जय श्री राम के उद्घोष के साथ हनुमान जब वहां पहुंचे तो सभी को यह उम्मीद हो गई कि हनुमान जी जरूर कोई शुभ समाचार लेकर आए हैं। 10वें दिन की लीला रावण-अंगद संवाद के बाद युद्ध के ऐलान पर समाप्त हुई। लीला में दिखाया गया कि हनुमान जी अपनी वानर सेना के साथ श्रीराम जी के पास पहुंचकर लंका में हुई सारी घटना का जिक्र करते हैं। सभी खुश हो जाते हैं कि सीता माता का पता चल गया है। श्री राम सुग्रीव से मंत्रणा करते हैं कि आखिर किस तरह से युद्ध की तैयारी करके आगे कदम बढ़ाया जाए। लंका में रावण द्वारा विभीषण को लंका छोड़ने की लीला का मंचन होता है। राम समुद्र में पुल बनाने के लिए नल और नील को पत्थर देकर उनके हाथों से रखवाते हैं। क्योंकि उनके हाथों से रख गए पत्थर एक श्राप के तहत डूबते नहीं हैं। इसी दौरान गीत बजता है-


**राम नाम आधार जिन्हें वो जल में राह बनाते हैं,**

**जिन पर कृपा राम करे वो पत्थर भी तर जाते हैं।**

लंका तक पुल बनाकर समुद्र पार करने के बाद एक बार शांतिदूत अंगद को रावण के दरबार में भेजा जाता है। वहां रावण-अंगद का संवाद होता है। रावण से अंगद कहते हैं कि वे श्री राम से क्षमा मांगकर सीता जी को लौटा दें। रावण ने क्रोधित होकर कहा-मुझसा पंडित, मुझसा योद्धा त्रिभुवन में और न दूजा है,

रावण के कई योद्धाओं ने प्रयास किया, लेकिन पैर को हिला तक न सके। इसके बाद खुद रावण आए और अंगद का पांव उठाने लगे। अंगद ने पांव पीछे खींचकर कहा कि मेरे नहीं जाकर श्री राम के पैर पकड़ो। इसके बाद रावण गुस्से में आ गए। बात न बनती देख अंगद की ओर से युद्ध का ऐलान कर दिया गया। जवाब में रावण ने भी यह ऐलान कर दिया। इसके बाद दोनों सेनाओं के बीच युद्ध हुआ। युद्ध में रावण के पुत्र मेघनाथ ने लक्ष्मण को तीर मारकर मूर्छित कर दिया।

## चोरों ने 12 तोले सोना, एक किलो चांदी व डेढ़ लाख चुराए



**गुरुग्राम।** फर्रूखनगर खंड के गांव डूमा हरिनगर में बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने एक घर में परिजनों के कमरों के दरवाजे बंद कर सेंध लगाकर चोरी की घटना को अंजाम देने का मामला प्रकाश आया है। चोर करीब 12 तोला सोने, एक किलो चांदी के जेवर तथा 155000 रुपये सहित घर से जरूरी समान और कागजात लेकर फरार हो गए।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। चोरी की घटना के साक्ष्य जुटाने के लिए डॉग स्क्वायड एवं फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की टीम से जांच कराई गई है। पुलिस को दी गई सूचना में मनीष पुत्र मास्टर महादूर सिंह चौहान ने बताया कि शुक्रवार-शनिवार की रात्रि वह और उसके परिजन अलग-अलग कमरों में सोये हुए थे। कुते भोंकने की आवाज सुन कर उठे तो देखा कि कमरों के बाहर कुंडी पर कपड़े बंधे हुए थे। कमरे में रखी अलमारी, संदूक, बक्से खुले हुए और सामान बिखरा हुआ पड़ा था। अज्ञात चोर उनके मकान के मुख्य द्वार से चढ़ कर अंदर आये और लकड़ी की सीढ़ी लगा घर में प्रवेश कर गए। उसके बाद उन्होंने घर में पत्थर भी फेंके कि कहीं कोई जाग तो नहीं रहा है। पूरी संतुष्ठी के बाद उन्होंने चोरी की घटना को अंजाम दिया और पशुओं के कमरों के दरवाजे से दो बक्से लेकर फरार हो गए। चोरों ने दोनों बक्सों को गांव डूमा हरिनगर के बाहर बनी आंगनबाड़ी केंद्र में रखकर कर सारा सामन एकत्रित किया और खाली बक्से छोड़कर फरार हो गए। चोर उनके घर से करीब 12 तोला सोने, एक किलो चांदी और 155000 रुपये नगद लेकर फरार हो गये।

## संक्षिप्त समाचार

### व्रत की समाप्ति पर यज्ञ व भंडारे का आयोजन



**पलवल।** ग्राम पंचायत असावटी में सरपंच करण पहलवान व उनकी पत्नी सुनीता देवी ने नवरात्र की समाप्ति पर हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया। यह व्रत उन्होंने गांव की सुख शांति व भलाई के लिए मंदिर में पूरे नवरात्रों में खड़े खड़े ही किया था। इस अवसर पर गांव के मौजूदा लोग ठाकुर किशन सिंह, डालचंद रावत, ओमी रावत, पवन रावत, लक्खा, सुभाष डागर, मुकेश डागर, दौलती, शिवकुमार, अनिल रावत, मन्नू नंबरदार, जय सिंह आदि गांव के मौजूदा लोग थे। सरपंच करण पहलवान ने बताया कि यह व्रत वह पिछले कई वर्षों से करते आ रहे हैं। उनके गांव समाज पर कोई परेशानी न आए और देवी मां गांव पर आशीर्वाद बनाए रखें, सभी की मनोकामना पूरी करें। उन्होंने बताया कि गांव में सुख शांति के साथ भाईचारा कायम रहे तथा विकास की गति यूं ही निरंतर चलती रहे यही उनकी कामना रहती है। उनका मानना है कि गांव के लोगों ने उन्हें जिताया है तो उनकी सेवा करना व सदैव उनकी भलाई के लिए काम करना ही उनका कर्तव्य है।

### कॉलेज में संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया



**पलवल।** स्थानीय गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म महाविद्यालय में हरियाणा उच्चतर शिक्षा निदेशालय के आदेशानुसार संयुक्त राष्ट्र का ध्वज फहराया गया। प्राचार्य डॉ जीके सपरा ने संयुक्त राष्ट्र संघ के विषय में सबके सामने विचार रखे। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जिसके उद्देश्यों में उल्लेखित है कि यह अंतरराष्ट्रीय कानूनों को सुविधाजनक बनाने के लिए सहयोग, अन्तर्राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, मानव अधिकार और विश्व शांति प्रमुख हैं और यह इसके लिए कार्यरत है। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 24 अक्टूबर 1945 को हुई। इसकी शुरूआत अधिकार-पत्र पर 50 देशों के हस्ताक्षर होने के साथ हुई थी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीके सपरा के साथ एवं सभी शिक्षक व गैर-शिक्षक वर्ग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### महिला को तीन तलाक देने का आरोप, मामला दर्ज

**नूंह।** जिले के बिछोर थाना अंतर्गत एक गांव की एक विवाहिता को शादी के दो महीने बाद तीन तलाक देने के आरोप में बिछोर थाने में केस दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि विवाहिता की दो महीने पहले ही शादी हुई थी। जांच अधिकारी नवनीत ने बताया कि महिला ने मुकदमा दर्ज कराया है कि उसकी शादी करीब दो महीने पहले फलैंडी निवासी तौफीक के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के साथ हुई थी। आरोप है कि ससुराल वाले शादी में मिले दहेज से खुश नहीं थे। शादी के बाद से ही ससुराल के लोग उसे दहेज में गाड़ी और रुपयों की मांग के चलते उससे मारपीट करते थे। दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर पति ने तीन तलाक बोलकर और मारपीटकर घर से बाहर निकाल दिया। पुलिस ने इस मामले में ससुराल पक्ष के पति, सास अख्तरी, ससुर अब्दुल, देवर-जेठ सहित 6 नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### विशेष अतिक्रमण मुक्त सड़क-फुटपाथ अभियान चलाया



**गुरुग्राम।** सड़कों तथा फुटपाथों एवं बाजार क्षेत्रों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम गुरुग्राम द्वारा शनिवार को जोन-1 तथा जोन-2 क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में नगर निगम की इंफोर्समेंट टीमों ने सेक्टर-10, भूतेश्वर मंदिर, सदर बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान सड़कों-फुटपाथों तथा बाजार क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने के साथ ही अतिक्रमण करने वालों का सामान भी जब्त किया गया। सयुंक्त आयुक्त ने दुबारा से अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी तथा कहा कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इसलिए यह ना समझें कि फिर से अतिक्रमण कर लेंगे। यह विशेष अभियान लगातार चलेगा, ताकि सड़क, फुटपाथ और बाजार अतिक्रमण मुक्त रह सकें।

### खेत में पानी देर रहे युवक पर जानलेवा हमला

**सोहना।** भोंडसी थाना क्षेत्र के गांव रायसीना में मध्यरात्रि खेत में पानी देर रहे 30 वर्षीय युवक पर जानलेवा हमला होने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने अज्ञात बाइक दो बाइक सवार पर गोली मारने का आरोप लगाया है। सोहना नगर परिषद के वार्ड-1 का गांव निवासी जाकिर पुत्र शेरखान पर खेत में पानी लगाते समय फायरिंग कर दी। उस समय जाकिर खेत में अकेला ही थी। जाकिर के बड़े भाई फकरुद्दीन ने बताया कि खून से लथपथ जाकिर खेत से घर पर पहुंचा। जिसके जख्म से खून बह रहा था। जाकिर को गंभीर हालत में बादशाहपुर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया है। जहां पर जाकिर बेहोशी की हालत में है। फकरुद्दीन ने बताया कि उसके छोटे भाई ने घर पहुंचने पर बताया कि रात करीब डेढ़ बजे दो बाइक सवार आए। बाइक पर पीछे बैठे युवक ने उस पर फायरिंग की। जो एक गोली उसके गुप्तांगों के निकट लगी है। भोंडसी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर निरज कुमार ने बताया कि पुलिस मामले को लेकर पुलिस जांच कर रही है। जांच पूरी होने पर ही मामला दर्ज किया जाएगा।

### मेयर कार्यालय में लगाया कोरोना जांच शिविर



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम की मेयर मधु आजाद के वार्ड-7 स्थित राजीव नगर कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क कोरोना जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मेयर की मौजूदगी में वार्ड के नागरिकों ने निशुल्क कोरोना जांच करवाई। मेयर ने वार्ड निवासियों से बातचीत करते हुए उन्हें कोरोना से बचाव करने के उपाय अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि केवल बचाव उपाय करके ही हम खुद को और अपने परिवार को कोरोना से सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि मास्क का नियमित इस्तेमाल तथा अपने हाथों को बार-बार धोएं। जब भी बाहर जाएं मास्क लगाकर जाएं तथा एक-दूसरे के बीच दो गज की दूरी का पालन करें। बिना किसी कारण के भाड़ वाली जगहों पर ना जाएं। बाजार में जाते समय विशेष ध्यान रखें। मेयर ने कहा कि हम इन छोटी-छोटी बातों को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। बच्चों, बुजुर्गों तथा गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखें। मेयर ने कहा की सरकार, जिला प्रशासन एवं नगर निगम गुरुग्राम द्वारा लॉक डाउन के दौरान बेहतर कार्य किया गया, जो अब भी जारी है।

पायनियर
हरियाणा, रविवार 25 अक्टूबर, 2020



# बाल महोत्सव-2020 लोकप्रियता के नए आयाम करेगा स्थापित : कृष्ण ढुल

**पायनियर समाचार सेवा।** पंचकूला

**हरियाणा** राज्य बाल कल्याण परिषद के मानद महासचिव कृष्ण ढुल ने हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय ऑनलाइन बाल महोत्सव 2020 को लेकर कहा कि ऑनलाइन माध्यम के द्वारा बच्चे प्रतिदिन हजारों की संख्या में अपनी प्रविष्टियां दर्ज करवा अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ऑनलाइन माध्यम के द्वारा जितना उन्होंने उम्मीद की थी उससे कहीं अधिक बच्चों द्वारा उत्साह दिखाया जा रहा है। जोकि दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है और इससे बाल महोत्सव का उद्देश्य सार्थक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने कहा यह तो मात्र शुरुआत भर है। आगामी दिनों में बच्चों की प्रतिभागीता रिकॉर्ड स्तर तक बढ़ेगी।

### बोले ऑनलाइन माध्यम के द्वारा प्रतिदिन हजारों की संख्या में बच्चे ले रहे हैं विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग

राज्य स्तरीय ऑनलाइन बाल महोत्सव के माध्यम से प्रदेश के सभी बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना ही परिषद का मुख्य उद्देश्य है।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कोई भी बच्चा साधनों के अभाव में प्रतियोगिता में भाग लेने से अछूता न रहे इस को लेकर परिषद् कार्य कर रही है और लगातार जागरूकता



अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में राज्य स्तरीय ऑनलाइन बाल महोत्सव का आगाज हो चुका है जोकि लगभग हर जिले में जिला उपायुक्त के द्वारा किया गया है और आगामी 10 नवंबर तक ऑनलाइन माध्यम के द्वारा यह प्रतियोगिता जारी रहेगी और विजेताओं को राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय ऑनलाइन बाल महोत्सव में लाखों की संख्या में बच्चे भाग लेंगे और करोड़ों की संख्या में लोग उनकी प्रतिभा को देखेंगे।

### ऑनलाइन माध्यम से लगेंगे बच्चों के सपनों को पंख

**इस** बार ऑनलाइन प्लेटफार्म के द्वारा हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद बच्चों की प्रतिभा को उड़ान देने के लिए पूरी तरह तैयार है। बच्चे ऑनलाइन माध्यम के द्वारा अपने सपनों की उड़ान को साकार कर रहे हैं। हजारों की संख्या में बाल महोत्सव में बच्चे प्रतिभागीता कर रहे हैं। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद राज्य स्तरीय बाल महोत्सव ऑनलाइन के द्वारा बड़ा मंच प्रदान कर रही है। जिसके माध्यम से बच्चे अपनी प्रतिभा निखार सकते हैं। इस बार हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बाल महोत्सव का आयोजन कोविड-19 के चलते ऑनलाइन किया जा रहा है। प्रदेश के बच्चों की चहुंमुखी प्रतिभा को मंच प्रदान करने के लिए हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस बार का राज्य स्तरीय बाल महोत्सव बदलाव के संदेश से ओतप्रोत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत व हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए हुए इस बार सभी प्रतियोगिताएं ऑनलाइन करवाई जा रही हैं। इस बार का राज्य स्तरीय बाल महोत्सव कई मायने में ऐतिहासिक है क्योंकि इससे पहले परिषद् द्वारा जय हिंद और रंगमंच ऑनलाइन प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई। जिसमें लाखों बच्चों ने भाग लेकर उन्हें ऐतिहासिक बनाया और राज्य स्तरीय बाल महोत्सव ऑनलाइन को लेकर भी बच्चे बेहद उत्साहित दिखाई दे रहे हैं।

## हमें देश, समाज व विश्व की शांति के लिए काम करना चाहिए

**भिवानी।** संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस के अवसर पर लघु सचिवालय परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें नगराधीश मनोज कुमार दलाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान विश्व की शांति के लिए राष्ट्रीय ध्वज के साथ ही संयुक्त राष्ट्र संघ का ध्वज भी लगाया।

अपने संबोधन में नगराधीश दलाल ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद विश्व के देशों ने विचार किया कि विश्व स्तर पर एक ऐसा मंच बनाया जाए, जो पूरे विश्व में शांति के लिए कार्य करे। जिसके माध्यम से मानव के अधिकारों की रक्षा हो सके। उन्होंने कहा कि जिसके लिए 24 अक्टूबर 1945 को संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना की गई।

# प्रदेश में योग्यता के आधार पर दी जा रही हैं नौकरियां : कृष्ण बेदी

### भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस पर गांव सिसला में आयोजित हुआ समारोह

**पीएल वर्मा।** कैथल

**मुख्यमंत्री** के राजनीतिक सचिव कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने भगवान राम के जन्म से पूर्व ही महाग्रंथ रामायण की रचना की थी। उन्होंने समाज को नैतिकता से जीवन जीने, बाप का बेटे, भाई का भाई, पत्नी का पति के प्रति फर्ज आदि का मार्ग दिखाया।

उनके दिखाए गए मार्ग पर हम सभी को चलना चाहिए। वे केवल एक विशेष वर्ग के नहीं, बल्कि समस्त मानव जाति में पूजनीय है। उन्हें आदि कवि, कमलेश्वर, रामायण रचियता आदि नामों से पुकारा जाता है। भगवान वाल्मीकि ने मानव जाति को मानवता का सच्चा मार्ग दिखाया है।



जनसमूह को संबोधित करते हुए कृष्ण बेदी।

बेदी गांव सिसला में अखिल भारतीय महापंचायत द्वारा भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले बेदी, तुषार ढांडा ने भी भगवान वाल्मीकि की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया। प्रदेश की धरा से भ्रष्टचार को खत्म करके ईमानदारी से युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां प्रदान कर रही है। इस मौके पर तुषार ढांडा ने भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने मानव जाति को त्याग, प्रेम, संस्कार, भाई-चारे, शिक्षा, ज्ञान आदि का मार्ग दिखाया, जिस पर चलते हुए सभी सभ्य समाज की स्थापना कर सकते हैं। उनका वर्णन सतयुग, त्रेता, द्वापर सभी युगों में मिलता है। अखिल वाल्मीकि महापंचायत के पदाधिकारियों ने कृष्ण बेदी, तुषार ढांडा को पगड़ी, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर शिवकुमार सिसला, अमित घरोंडा, चंद्र प्रकाश गोस्ती, मीनाक्षी, विक्रम सिंह, रामभज, बलिंद्र, विक्की, अशोक कैलरम, अजीत राम, सुबे सिंह, राज सिंह, रामकुमार, नाथूराम, कुलविंद्र राणा, अशोक सेरधा, संजीव कांगड़ा, मुल्तान सिंह, केदार, राजू भागल, धर्मपाल, गुलाब सिंह, बिट्टू दिलोढ़ सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## सीएम फ्लाइंग स्वास्थ्य विभाग के साथ ले रही मिठाई के सैंपल

### शनिवार को धारूहेड़ा में मिठाई के कारखाने पर मारा छापा

**रेवाड़ी।** आमतौर पर अपने कर्तव्य के प्रति निष्क्रियता दिखाने वाले स्वास्थ्य विभाग की इस बार सरकार ने आंखें खोल दी है। विशेषतौर पर दीपावली जैसे बड़े त्योहार को देखते हुए इस बार सीएम फ्लाइंग हलवाइयों की दुकानों, गोदामों व मिठाई के कारखानों पर विशेष छापामार कार्रवाई कर सैंपल ले रही है। पिछले कई दिनों से लगातार चल रही कार्रवाई के तहत शनिवार को टीम ने औद्योगिक कस्बा धारूहेड़ा में ठीक प्रदूषण विभाग की नाक के नीचे रिहायशी बस्ती में चल रहे मिठाई बनाने के एक कारखाने पर छापामार कार्रवाई कर वहां से आधा दर्जन से अधिक मिठाइयों के सैंपल लिए।

अक्सर देखने में आता है कि मिठाइयों, घी, व अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लेने में स्वास्थ्य विभाग कंजूसी दिखाता है। हर बार दीपावली पर एक महीना अथवा बीस दिन पहले बनने वाली मिठाईयां ही आमजन तक पहुंचती रही है, लेकिन विभाग त्यौहार से दो चार दिन पूर्व ही कार्रवाई करके अपने कर्तव्य की इतिश्री करता रहा है। इस बार सरकार ने इस पर संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग को भी नींद से जागने के लिए कहा है। सीएम फ्लाइंग इस बार स्वास्थ्य विभाग की टीम को साथ लेकर हलवाईयों की दुकानों, गोदामों व कारखानों पर छापा मार रही है। शहर में पिछले कई दिनों से संयुक्त टीम ने कई जगह छापामार कार्रवाई कर मिठाइयों के सैंपल लिए हैं। शनिवार को भी दोनों टीमों ने औद्योगिक क्षेत्र धारूहेड़ा में एक कारखाने पर छापामार कार्रवाई कर वहां से दूध, पनीर, डोडा बर्फी, काजू कतली सहित अन्य पदार्थों के सैंपल लिए। इधर टीम की इस कार्रवाई से आज दिनभर धारूहेड़ा के बाजारों में हड़कंप मचा रहा। मिठाई बेचने वाले टीम को देखते हुए अपने प्रतिष्ठान बंद कर फरार हो गए।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक और सांसद के निवास पर होगा रोष प्रदर्शन



**भिवानी।** शूटिंग खिलाड़ी मनोज यादव के हत्यारों को पकड़वाने की मांग को लेकर नुक्कड़ सभाएं जारी हैं, आंदोलन में लोगों का समर्थन मिल रहा है। ढाणा रोड पर की गई नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता शम्भूदयाल जांगड़ा ने की। सभा में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुष और नौजवानों ने भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए विभिन्न वक्ताओं ने खिलाड़ी मनोज यादव की हत्या की कड़े शब्दों में निंदा की और पुलिस प्रशासन से पुरजोर मांग की कि शीघ्र अपराधियों को पहचान करके उन्हें गिरफ्तार किया जाए। जनता को बताया जाए कि आखिर पांच बहनों के इकलौते भाई का कसूर क्या था? इसी बात को लेकर दो नवम्बर को विधायक घनश्याम सर्राफ व सात नवम्बर को सांसद धर्मबीर सिंह के निवास पर रोष प्रदर्शन किया जायेगा। दलित अधिकार मंच, अम्बेडकर सेना, लेबर क्रांति मोर्चा, जनवादी महिला समिति, आम आदमी पार्टी के वक्ताओं ने कहा कि एक महीने से ज्यादा समय हो गया है लेकिन अभी तक पुलिस मनोज यादव के हत्यारों का सुराग लगाने में नाकाम रही है। सभी संगठनों द्वारा सबसे पहले शहर के सभी वार्डों में नुक्कड़ सभाएं होगी उसके बाद गांवों में जाकर दो नवम्बर और 7 नवम्बर को होने वाले प्रदर्शन के लिए लोगों को आमंत्रित किया जायेगा।

### उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला कल धनाना में लगाएंगे जनता दरबार

**भिवानी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला 26 अक्टूबर को शाम को गांव धनाना में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे। उपायुक्त कार्यालय से प्राप्त उप मुख्यमंत्री के दौरा कार्यक्रम अनुसार चौटाला 26 अक्टूबर को सुबह दोपहर बाद चार बजे गांव रोहनात में जजपा के किसान सैल के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र कसंवा के पुत्र के निधन पर शोक प्रकट करने पहुंचेंगे। उसके बाद वे गांव धनाना में आजाद वाल्मीकि के घर पर उनके पुत्र के निधन पर शोक जताने जाएंगे। उप मुख्यमंत्री चौटाला के मीडिया एडवाइजर सतीश बेनीवाल ने बताया कि जिस प्रकार से ताऊ देवीलाल गांवों में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनते थे और उनका समाधान करते थे, ठीक उसी तरह उप मुख्यमंत्री चौटाला 26 अक्टूबर को शाम को गांव धनाना के प्रसिद्ध बंगला चौपाल में जनता दरबार लगाएंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान सभी आलाधिकारी मौजूद रहेंगे।

### बहालगढ़ रोड से शामाबाद तक सड़क विस्तारीकरण समय की मांग



**सोनीपत।** भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि बहालगढ़ रोड से शामाबाद तक सड़क का विस्तारीकरण का काम होने से आमजन को आवागमन में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की साफ नियत का परिणाम है कि विकास कार्यों में तेजी लाई जा रही है। शामाबाद के नागरिकों ने राजीव जैन से मुलाकात करते हुए उन्हें अपनी परेशानी से रूबरू करवाते हुए मौका देखने का आग्रह किया था। शनिवार को मौके पर पहुंचे जैन को नागरिकों ने बताया कि बहालगढ़ रोड से शामाबाद तक की सड़क की जर्जर हालत, गहरे गड्ढे होने से वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल आने-जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में तो यह सड़क तालाब का रूप धारण कर लेती है, जिससे हादसे होने का खतरा बना रहता है। इसलिए नागरिकों ने इसके विस्तारीकरण की मांग उठाई। इस पर राजीव जैन ने भरोसा दिया कि यह सड़क पीडब्ल्यूडी की है और नगर निगम के दायरे में आती है। इसका शीघ्र ही पीडब्ल्यूडी से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर नगर निगम से बनवाने का काम किया जाएगा, ताकि आमजन की परेशानी का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से चर्चा करते हुए बहालगढ रोड से शामाबाद तक सडक का विस्तारीकरण तकरीबन 40 लाख रुपये से करवाया जाएगा और इसी प्रकार शहर में मिशन चौक से कालूपुर तक सड़क की स्पेशल रिपेयर 1.62 करोड़ रुपये की लागत से की जाएगी। इसके लिए लोक निर्माण विभाग से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करवाया गया, ताकि विकास कार्यों को पूरा करने में कोई अड़चन न आए। मौके पर रामकुमार, साहब सिंह, होशियार सिंह, संदीप, जगदीप, राहुल, गणेश, विजय, ओमप्रकाश, बलवान, कृष्ण, जसवंत, सोनू आदि मौजूद रहे।

### रेलवे अंडरपास में बने नाले की लोहे की ग्रिल चोरी

**कैथल।** जींद रोड जाखोली अड्डा रेलवे अंडरपास के नीचे बने गंदे पानी की निकासी के नाले की चोर लोहे की ग्रिलें उठाकर ले गए। जिससे स्थानीय जनता को आवागमन करने में भारी परेशानी हो रही है। रेल यात्री कल्याण समिति के प्रधान लाजपत राय सिंगला, चेयरमैन सतपाल गुप्ता, महासचिव ओमप्रकाश, सचिव डॉक्टर संजय, कर्मचंद जिंदल , बलवंत जाटान, ज्ञानचंद भल्ला, राजकुमार गर्ग, पंकज गर्ग, नरेंद्र निझावन, सचिन धमीजा, रामकरण, सीता राम, डा अश्वनी हृतवाल, अमित गुप्ता, चंद्रप्रकाश शर्मा व शहर वासी सोनू चोपड़ा, मुकुल बंसल, राकेश बंसल, सतीश कुमार, बच्चन सिंह, रामकुमार, शुभम, प्रवीण सिंगला, सुमित बंसल व कृष्ण कुमार ने जिला प्रशासन से मांग की है कि तुरंत ही यहां पर चोरी हुई लोहे की ग्रिलें लगवाई जाएं व यहां पर स्ट्रीट लाइटों की भी व्यवस्था करवाई जाए। ताकि यहां से आवागमन करने वाले राहगीरों को होने वाले परेशानी से निजात मिल सके।

**पायनियर क्लासीफाइड**

**बेदखली सूचना**

मैं, श्रीमति सुनील कुमारी आधार न.- 3109-8046-8373 पत्नी स्व. जगदीश पुत्र श्री मागें राम जाति जोगी निवासी गांव छतैहरा बहादुर पुर तह. व जिला सोनीपत, हरियाणा बयान करती हूँ कि मेरा सगा लड़का मंदीप मेरे कहने-सुनने से बाहर है मैं अपने लड़के मंदीप को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में इससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**बेदखली सूचना**

मैं, हकमुदीन पुत्र फिरोज खां निवासी सिरोली, थाना पुन्हाना, जिला नूंह बयान करता हूं कि मेरा लड़का अरशद जिसका चाल-चलन ठीक न होने के कारण मुझसे अकसर झगड़ा करता रहता है और मेरे कहने-सुनने से बाहर है। जिस कारण मैं आज अपने पूरे होशोहवास में रहते हुये तथा बिना किसी दबाव व बहकावे के अपने लड़के अरशद को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य मे जो कोई मेरे लड़के से किसी प्रकार का लेन-देन करता है तो उसका जिम्मेवार वह स्वयं होगा मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**नीलामी सूचना**

ग्राम पंचायत चटिया ऑलिया में निम्नलिखित कन्डम सामान की खुली बोली दिनांक 30.10.20 को करवाई जानी है और सभी शर्तें समय पर बता दी जाएगी।
4 लोहे के पाईप - 9, सफाई रिक्शा - 5, डस्टबीन - 17, लोटे के जाल - 2, पानी की टंकी - 2, लोहे की नाली (हैंडपम्प) - 20, प्लास्टिक की 08 कुर्सी, 120 फुट का सुडवा प्लास्टिक 4 इंची, 1 फोगिग मशीन, 1 पम्प सैट पानी निकालने का 150 फुट डोरी, 2 स्टाटर ट्यूबल, 4 स्टाटर स्मरशीबल, 21 टुकड़ी पत्थर।

ग्राम सचिव, पूनम - 9306307355

रेखा, सरपंच
ग्राम पंचायत चटिया औलिया
सोनीपत, 8570957288

## सीबीएसई की परीक्षा में हरियाणा से बायजू के छात्रों ने प्रमुख रैंक प्राप्त कर अच्छा प्रदर्शन किया

**पायनियर समाचार सेवा।** महेंद्रगढ़

**दुनिया** की सबसे मूल्यवान एडटेक कंपनी BYJUÓS के छात्रों ने एक बार फिर सी बी एस ई बोर्ड के परिणामों में खुद अपने को ही पीछे छोड़ दिया है। आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खटोद के छात्र अतुल्य यादव ने मेरिट सूची में प्रमुख स्थान हासिल किया है। सीबीएसई की 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में 97.3 प्रतिशत अंक प्राप्त करके इन्होंने जिला मेरिट सूची में पहला रैंक हासिल किया। इनके जैसे छात्र विषय को ठीक से समझने के लिए और अभ्यास परीक्षाओं के माध्यम से अधिक अभ्यास करने के लिए बायजू को चुनते हैं।

ऑनलाइन शिक्षण ने छात्रों के सीखने के तरीके को पूरी तरह से बदल दिया है। पारंपरिक तरीकों के विपरीत, ऑनलाइन शिक्षण अवधारणाओं को और सरल, आसान और अधिक प्रभावी तरीके से समझाता है। बायजू का उद्देश्य अपने छात्रों को सीखने में मदद करना है, और यह अलग-अलग छात्रों को उनके प्रवीणता स्तर के आधार पर संलग्न करने वाला प्रभावी शिक्षण अनुभव व्यक्तिगत रुप से प्रदान करता है। यह छात्रों को उनकी अपनी गति और शैली में सीखने योग्य बनाता है। बायजू मूल सामग्री, देखो और सीखो वीडियो, एनिमेशन और इंटरैक्टिव सिमुलेशन प्रदान करता है जो छात्रों को चीजों को आसानी से सीखने में मदद करता है।

बायजू के सह-संस्थापक और शिक्षक दिव्या गोकुलनाथ ने सफलता पर बोलते हुए कहा, यह वास्तव में बायजू में सभी के लिए गर्व का क्षण है। बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हम अतुल्य यादव को बधाई देते हैं। बायजू में, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि छात्र जिस दिन हमसे सीखना शुरू करते हैं, उसी दिन से उनको सर्वश्रेष्ठ शिक्षक मिलें और तैयारी करने की सामग्री प्राप्त हो। हम अपना ध्यान प्रत्येक छात्र पर दृढ़ता से केंद्रित करते हैं, जिससे उसे गहराई से अपनी कमजोरी और मजबूती की समझ मिलती है। संलग्न करने वाले वीडियो पाठ और इंटरैक्टिव लाइव कक्षाएं हमें प्रत्येक बच्चे के लिए सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली सामग्री प्रदान करने में हमारी मदद करती है।

## एक कदम स्वच्छता की और: पार्क में रखवाएं स्टील के डस्टबिन

**भिवानी।** शहर के वार्ड-1 के पार्षद व नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन विजय पचगांवा ने सैक्टर-13 के पार्क नं 1 में स्टील के डस्टबिन लगवा कर स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि सेक्टर के साथ साथ पूरे भिवानी शहर में स्टील के डस्टबिन लगवाएं जा रहें हैं। इससे पहले पूर्व चेयरमैन पचगांवा ने पूरे हुड्डा सेक्टर 13 का निरीक्षण भी किया।

उन्होंने जिन बढ़े हुए पेड़ों की वजह से बार बार बिजली में फाल्ट आ जाता था, उन बढ़े हुए पेड़ों की कटाई भी करवाई। साथ ही जहां पानी ठहरा हुआ था, जिसकी वजह से डेंगू जैसी महामारी फैल रही हैं, वहां से रूका हुआ पानी निकाल कर सफाई भी करवाई।


इस मौके पर वरिष्ठ एडवोकेट अविनाश सरदाना, चंद्र सिंह परमार, अनिल अरोड़ा, महेंद्र जांगड़ा, कोच भूपेंद्र सिंह, व दयानंद मिड्ढा व पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारी भी मौजूद थे।

# अग्रोहा धाम ऐतिहासिक धरोहर है : बजरंग गर्ग

**सरबजोत सिंह दुग्गल।** कुरुक्षेत्र

**अग्रोहा** धाम ऐतिहासिक धरोहर है। इसलिए केंद्र सरकार की तरफ से भी अग्रोहा धाम की थ्री-डी मैपिंग करने की योजना है। इस थ्री-डी मैपिंग के जरिए देश-विदेश के लोगों ऑनलाइन सेटेलाइट के जरिए अग्रोहा धाम के दर्शन कर सकेंगे। यह जानकारी अग्रोहा धाम अग्रोहा विकास ट्रस्ट वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने दी।

राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा को पयर्टल स्थल बनाने के लिए केंद्र सरकार से बातचीत चल रही है। उनके मुताबिक यूपी, अयोध्या, दिल्ली व मुंबई के साथ-साथ देश में जितने भी तीर्थ स्थल है हर तीर्थ स्थल पर अग्रोहा धाम के भवन बनाए जाएंगे। प्रथम चरण में 125 करोड रुपए खर्च करने का काम शुरू किया है। अग्रोहा धाम के विकास व अन्य प्रदेश में भवन निर्माण के लिए लगभग 500 करोड रुपए खर्च करने की योजना है। संस्था



राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग।

का उद्देश्य तीर्थ स्थल पर जाने वाले श्रद्धांजलुओं को ठहरने व खाने व्यवस्था अच्छे ढंग से मिले। अग्रोहा धाम में भी 25 करोड़ की लागत से विकास कार्य जारी है। विकास के लिए किसी प्रकार की धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। इसके अलावा उन्होंने अग्रोहा धाम की राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर की टीम की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में हरियाणा प्रदेश संयोजक संजय अग्रवाल पानीपत, पंजाब प्रदेश के संयोजक सुरेंद्र सिंगला, प्रदेश प्रवक्ता राजेश सिंगला कुरुक्षेत्र, राज कुमार गोयल जींद बनाया गया है।

## अध्यापकों व बच्चों की वर्चुअल मीटिंग सराहनीय : आर्य

**सोनीपत।** मैगजीन सृजन 2020 का विमोचन करतीं डा. नेहा आर्य व अन्य। स्कूल संस्थापक डा. वीपी आर्य के चित्र पर पुष्प अर्पित करते स्कूल चेयरमैन आशीष आर्य।

सोनीपत। लिटल एंजल्स स्कूल के संस्थापक डॉ. वीपी आर्य को उनकी 80वीं जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय के चेयरमैन आशीष आर्य, डायरेक्टर डॉ. नेहा आर्य, प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्य प्रोमिला सहगल, मुख्याध्यापिका गीता अरोड़ा, सोनिया आर्य मैमोरियल लिटल एंजल्स इंक्ल्यूसिव स्कूल की प्रधानाचार्य सोनिया अरोड़ा, उत्सव चन्द्रा व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। समारोह का प्रारंभ डॉ. वीपी आर्य की प्रतिमा पर दीप प्रज्जलित व पुष्प अर्पित कर किया। डॉ. वीपी आर्य ने अपना जीवन देश के भावी निर्माताओं के भविष्य को संवारने में लगा दिया। समाजसेवी, सत्यवादी, कर्मनिष्ठ, दृढ़ संकल्पी व आशावादी गुणों से युक्त डॉ. वीपी आर्य की छवि अविस्मरणीय है।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**कभी पूरा नहीं होगा तेरा कोई भी मंसूबा**
**तेरे जैसों के कारण ही बहुत कुछ है वहाँ डूबा**
**तू उस मिट्टी से भी ग़द्दारी ही करती जहाँ जन्मी**
**न जाने किसने रक्खा होगा तेरा नाम 'महबूबा'**

## पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा एवं मूर्ति स्थापना समारोह

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र ग्लोबल सिटी में स्थित मां दुर्गा मंदिर में पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा एवं मूर्ति स्थापना समारोह का समापन बड़े हर्ष और उल्लास किया। प्रधान नीरज गौतम एडवोकेट ने बताया कि प्रतिदिन मां भगवती की पूजा-अर्चना की गई तथा भव्य शोभायात्रा का आयोजन भी किया। सभी सेक्टरवासियों ने बड़े ही भक्ति भाव से शोभायात्रा में भाग लिया।

उन्होंने बताया कि 5 महीने से भी कम समय में मंदिर निर्माण का कार्य पूरा होने पर प्रधान नीरज गौतम ने कुरुक्षेत्र ग्लोबल सिटी के सभी निवासियों का धन्यवाद किया व उनको बधाई दी। प्रधान ने बताया कि इस पूरे अनुष्ठान के दौरान कोविड.19 के संदर्भ में सरकार द्वारा निर्धारित सभी दिशानिर्देशों का पालन किया गया। 200 फलदार पौधे भी लगाए गए। उपप्रधान राम बलकार नयन, सचिव सुखविंदर, खजांची राजेश गोयल, अनिल जोशी मौजूद रहे।

## टाटा मोटर्स ने लॉन्च किया ग्राहक संवाद 2020

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम/फरीदाबाद

### अपने कॉमर्शियल वाहन मालिकों के लिए विभिन्न राष्ट्रव्यापी ग्राहक-जुडाव कार्यक्रम भी शुरू किए

**भारत** में कॉमर्शियल वाहनों के सबसे बड़े निर्माता टाटा मोटर्स ने ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने और विश्वस्तरीय उत्पादों की पेशकश करने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती देते हुए 23 से 31 अक्टूबर 2020 तक ग्राहक संवाद 2020 आयोजित करने की घोषणा की है।

टाटा मोटर्स एक नवंबर 2020 से ग्राहक सेवा महोत्सव नामक एक राष्ट्रव्यापी सर्विस कैंपेन भी शुरू करने जा रहा है, जो 30 नवंबर तक चलेगा। वह 23 अक्टूबर 2020 को 'नेशनल कस्टमर केयर डे' भी मनाएगा। ग्राहकों और चैनल पार्टनर्स के बीच लोकप्रिय इन पहलों में कस्टमर फीडबैक सेशन, चैनल पार्टनर्स का अभिनंदन और टाटा मोटर के सभी कॉमर्शियल वाहनों के लिए देशव्यापी चेक-अप कैंप शामिल हैं। बीते वर्षों में टाटा मोटर्स ने रोजाना हजारों ग्राहकों को इस कार्यक्रम में पहुंचकर लाभान्वित होते देखा है। इस साल, टाटा मोटर्स अपने कॉमर्शियल वाहन ग्राहकों को महामारी के दौरान बिना किसी परेशानी के सर्विस अनुभव प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। ग्राहकों और फ्लीट ऑपरेटर्स के साथ जुड़ाव बनाकर उन्हें श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सर्विस अनुभव उपलब्ध कराने के लिए कंपनी लगातार अपनी क्षमताओं और संसाधनों का बेहतरीन इस्तेमाल कर रही है।


23 से 31 अक्टूबर 2020 तक चलने वाला ग्राहक संवाद अभियान ग्राहकों से जडाव का एक कार्यक्रम है। इसके तहत ग्राहकों को हाल ही में लॉन्च की गई वाहनों की अपग्रेडेड बीएस6 रेंज के साथ ही 2020 में लाई गई कंपनी की इनोवेटिव पेशकशों, जैसे- टीएटी गारंटी (टर्नअराउंड टाइम) और इसके एएमसी पैकेजों के साथ अपटाइम गारंटी के बारे में बताया जाएगा। आर रामकृष्णन, ग्लोबल हेड - कस्टमर केयर, कॉमर्शियल व्हीकल बिजनेस यूनिट, टाटा मोटर्स ने कहा, कोविड -19 महामारी के दौरान भारतीय ट्रक उद्योग देश की आपूर्ति श्रृंखला के संरक्षक के रूप में उभरा है। कॉमर्शियल वाहनों के क्षेत्र में एक मार्केट लीडर होने के नाते टाटा मोटर्स ने महामारी के दौरान कई पहल करते हुए समूचे ट्रकिंग समुदाय की भलाई सुनिश्चित करने का जिम्मा उठाया। इस उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए ग्राहक संवाद कार्यक्रम और सर्विस कैंप का यह संस्करण बदलते दौर और उपभोक्ताओं की तेजी से विकसित होती मांग को पूरा करने के लिए आयोजित किया गया है। एक ग्राहक-केंद्रित कंपनी के रूप में, हम हमेशा ग्राहकों की जरूरतों को सुनने और सर्वोत्तम समाधानों की पेशकश में सबसे आगे रहते हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# टीबी उपचार के लिए नई पहल जरूरी

**यदि सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज का लक्ष्य प्राप्त करना है तो तपेदिक रोग के लिए डीओटी पर कम निर्भरता और वीओटी की अधिक स्वीकार्यता तथा अन्य रोगी केंद्रित उपचार पद्धतियों की आवश्यकता है।**

**स्वप्ना मजूमदार**
(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं।




तपेदिक (टीबी) से पीड़ित होने की बात पता चलने के उपरांत, नियाम मोहम्मद को मानकीकृत प्रत्यक्ष उपचार अल्पकालीन कोर्स (डीओटी) का पालन करने को कहा गया। शुरुआत में, उसने कार्यप्रणाली का पालन किया, जिसका अर्थ था डीओटी प्रदाता (स्वास्थ्यरक्षाकर्मी अथवा स्वयंसेवी) के सामने टीबी की दवाएं लेना। ऐसा उपचार का पालन करने एवं उसे पूर्ण करना सुनिश्चित करने एवं दवा-प्रतिरोधी टीबी (डीआरटीबी) को विकसित होने से रोकने के लिए किया गया था। लेकिन उसके लिए, दवाएं लेने के लिए दैनिक रूप से स्वास्थ्यरक्षा केंद्र जाना और अनुपालन के पंजीकरण का अर्थ था काम के कई घंटे बर्बाद होना। एक निर्माण कर्मी के तौर पर, मोहम्मद का बचना उसकी दैनिक आमदनी पर निर्भर था और वह आय के इस नुकसान को सहन नहीं कर सकता था, तो वह न केवल स्वास्थ्यरक्षा केंद्र जाने बल्कि उपचार के प्रति प्रतिबद्धता के मामले में भी धीरे-धीरे अनियमित हो गया। अत:, यह आश्चर्य की बात नहीं थी कि जब उसे मार्च में घर-घर जाकर टीबी परीक्षण कार्यक्रम के दौरान डीआरटीबी से प्रभावित पाया गया। यह महसूस करते हुए कि काउंसेलिंग तथा व्यवहार परिवर्तन उसे वापस लाइन पर लाने के लिए आवश्यक था, विकास के लिए तकनीक का प्रयोग करने वाले एक सामाजिक उद्यम, जेडएमक्यू ग्लोबल, जिसने परीक्षण अभियान का संचालन किया था, उसे अपने दायरे में ले लिया।

एक बार जब टीम ने समझ लिया कि मोहम्मद द्वारा व्यवस्था का पालन करने की संभावना अधिक है यदि उसे काम का हर्जा न करना पड़े, उसे नवीन पहल के अंतर्गत पेशेंट एक्टिव कम्प्लायंस एंड ट्रीटमेंट (पैक्ट) औजार किट, एक मरीज-केंद्रित मोबाइल समाधान दिया जो खासकर डीटीआरबी प्रभावित लोगों के लिए प्रारूपित किया गया है। पैक्ट का इस्तेमाल करके निर्माण कर्मी को उपाचार के लिए काम का हर्जा नहीं करना पड़ा क्योंकि उसे रोज स्वास्थ्यरक्षाकर्मी के सामने उपस्थिति होने की जरूरत नहीं रह गई थी। इसके बजाए, वह यह दिखा सकता था कि वह दवा लेते समय एक वीडियो चला सकता था और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थित टीबी इकाई को वीडियो भेजने के लिए ऐप का इस्तेमाल कर सकता था।

जैसे ही मोहम्मद ने वीडियो आब्जर्व थेरेपी (वीओटी) का इस्तेमाल करते हुए अपना उपचार करवाना प्रारम्भ किया, कोविड महामारी के चलते देशव्यापी लाकडाउन घोषित कर दिया गया। लेकिन श्रमजीवी को पता था कि उसे उपचार को लेकर चिंता करने की आवश्यकता नहीं थी क्योंकि उसे पिछले दो महीनों तक उपचार दिया जा चुका था। अधिक महत्वपूर्ण रूप से, मरीज को पता था कि वह कोई भी समस्या होने पर टेलीकान्फ्रेंसिंग द्वारा चिकित्सक से सलाह लेने के लिए ऐप का इस्तेमाल कर सकता था।

ऐसे समय पर जब भारत में 51 प्रतिशत टीबी के मरीज़ों, जिनका सर्वेक्षण टीबी ऐक्टिविस्टों के वैश्विक गठबंधन द्वारा किया गया था, ने कहा कि महामारी के दौरान उन्हें चिकित्सा देखभाल कराने की संभावना काफी कम थी क्योंकि कोरोना संक्रमण का डर था, ऐसे में डीआरटीबी देखभाल एवं प्रबंधन तक लगातार पहुंच सुनिश्चित करना बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है। उपचार तथा देखभाल को सीधे मरीजों के हाथों में देने के लिए टेलीमेडिसिन एवं रोगी केंद्रित मोबाइल उपकरणों की सुविधा उपलब्ध करा के, पैक्ट प्रतिबद्धता बढ़ाने में सफल रहा है।

जेडएमक्यू ग्लोबल द्वारा गहन शोध एवं परीक्षणों के उपरांत मुद्दे को संबोधित करने के लिए तीन प्रकार की रणनीति अपनाई। तकनीकी समाधानों को विकसित करने में अपनी दक्षता का इस्तेमाल करते हुए, उसने सर्वप्रथम एक रोगी औजार किट बनाई। इसमें एक घटक शामिल था जो डीआरटीबी मरीजों को दैनिक रूप से दवाएं लेने की आवश्यकता याद दिलाता है तथा वीओटी तकनीक के द्वारा अनुपालन की जानकारी देता है। उसके पास व्यक्तिगत विवरणों के साथ मरीज़ के विशिष्ट रूप से निर्मित आंकड़े होते हैं जैसे कि पूर्व की बीमारी का इतिहास, उपचार व्यवस्था, परीक्षण रिपोर्टें आदि।

यह सुनिश्चित करता है कि सभी जानकारियां निर्बाध रूप से स्वास्थ्यरक्षा प्रदाताओं तक पहुंचती हैं और मरीज़ों की पहुंच भी उन उपचार के इतिहास एवं अग्रिम कार्रवाई अनुसूची तक हो जाती है। दूसरे, ऐप के द्वारा मरीज़ दूर बैठकर वीडियो संपर्क उपकरण के द्वारा टीबी उपचार इकाई अथवा वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक से जुड़ जाता है। इसका अर्थ होता है कि टीबीयू तक आवागमन को कम किया जा सकता है और भारत में महामारी के धीमे पड़ने के संकेत न होने के कारण, रोग प्रतिरोधक क्षमता के अभाव वाले मरीजों के लिए यह जीवन रक्षक कारक साबित हो सकता है।

उपचार प्रक्रिया का पालन बढ़ाने के लिए तीसरी रणनीति है डिजिटल बर्ताव से संप्रेषण में बदलाव तथा डीआरटीबी रोगियों के लिए अभिप्रेरक सामग्री। रोचक डिजिटल कहानियां, सीखने के उपकरण एवं संदेश स्थानीय भाषाओं में विकसित किए जा रहे हैं और मरीजों को जोड़ने, संलिप्त करने एवं अभिप्रेरित करने के लिए श्रव्य-दृश्य रूप से पैकेज किए जाते हैं। इस तरह से, निम्न साक्षरता स्तर वाले लोग भी आसानी से ऐप का उपयोग कर सकते हैं।

वर्तमान समय में, पैक्ट का उपयोग नूह (मेवात), हरियाणा में किया जा रहा है, जो राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से मात्र 100 किलोमीटर दूर स्थित है और भारत का सर्वाधिक पिछड़ा जिला माना जाता है। 2018 में, इसे नीति आयोग की आकांक्षी जिलों की सूची में शामिल किया गया था अथवा ऐसे पिछड़े जिले की सूची में जो खराब स्वास्थ्यरक्षा एवं विकास संकेतकों के चलते विशेष रूप से ध्यान देने योग्य है। ऐसा, एक गैर मुनाफा संगठन, सहगल फाउंडेशन द्वारा किए गए अध्ययन के बाद हुआ, जिसमें पाया गया था कि यह जिला हरियाणा के अन्य जिलों से भी पिछड़ गया है। नूह में प्रतिवर्ष 28,00 तपेदिक के मरीज आते हैं। डीआरटीबी रोगियों के उपचार की शुरुआत 24 प्रतिशत तथा उपचार सफलता दर केवल 35 प्रतिशत होने के कारण, नूह में सबसे पहले पैक्ट लागू करने का निर्णय लिया गया था। योजनाकारों का मानना है इस जिले में यदि कोई चीज कारगर होती है तो उसको भारत के 114 अन्य आकांक्षी जिलों में लागू किए जाने की क्षमता है।

पहल की शुरुआत को मात्र सात महीने हुए हैं लेकिन पहले से ही ऐसे संकेत मिल चुके हैं कि पैक्ट अनुपालन एवं प्रतिबद्धता को बढ़ा रहा है। मोहम्मद, नूह के 120 डीआरटीबी रोगियों में से एक है, जिसने वीओटी तकनीक का इस्तेमाल करते हुए 85 प्रतिशत इलाज का अनुपालन दर्ज कराया है। लाकडाउन खुलने के बाद वह अपने काम पर वापस लौटा और उसे अपने उपचार के मार्ग में बाधक नहीं बनने दिया। वह अब निर्माण कार्य स्थल से दवा लेने से संबंधी अपने वीडियो स्वास्थ्यरक्षा केंद्र को भेजता है। यद्यपि मोहम्मद को एक सफल मामला माना जाता क्योंकि उसने अपना व्यवहार बदला और उपचार के मानकों का पालन किया, टीम उसकी निगरानी करती रहती है। क्योंकि वह डीआरटीबी से प्रभावित है, उसे अधिक लंबे समय तक एवं ज्यादा जटिल उपचार अवधि से गुजरना पड़ेगा। टीम सुनिश्चित करना चाहती है कि श्रमजीवी अंत तक चौकन्ना रहे, अत: वह अगले छह महीनों तक उसकी निगरानी करना जारी रखेगी क्योंकि पैक्ट के अधीन आने वाले सभी रोगियों की कम सक कम एक वर्ष तक निगरानी की जाती है।

जो डीआरटीबी से पीड़ित होने की पहचान होने के बाद उपचार से गुजर रहे हैं पैक्ट रोगाणु के आलोक में उन्हें उपचार की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से प्रारूपित किया गया है। उसने हाल ही में एक बड़ी दवा कम्पनी जॉनसन एंड जॉनसन की ग्लोबल पब्लिक हेल्थ तथा जॉनसन एंड जॉनसन पहल द्वारा संस्थागत दवा प्रतिरोधक टीबी लाइफलाइन क्विकफायर चैलेंज जीता है। गैर मुनाफा संगठन के संह संस्थापक हिल्मी कुरेशी के अनुसार, उन्होंने समाधान को रोगी-केंद्रित बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। चूंकि वे भारत तथा अफ्रीका के अन्य हिस्सों में टीबी तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के लिए मोबाइल तकनीक समाधन मुहैया कराने में लगे हुए हैं, उन्होंने मरीजों के हाथों में उचित औजार मुहैया कराने के लिए अस्तित्वमान निचलल पादन से ऊपर तक ले जाने वाली तकनीक से जुड़े मॉडल को अपनाया है। इस काम के लिए इससे बेहतर समय और कोई नहीं हो सकता था क्योंकि हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीम ने अपनी वैश्विक रिपोर्ट में आगाह किया है कि महामारी 2020 में 1.8 मिलियन टीबी पीड़ितों की मौतों का कारण बन सकती है। भारत उन देशों में से एक है जिस पर इन मौतों का सर्वाधिक बोझ पड़ने की संभावना है।

नवीन पहलकदमियों की आवश्यकता को फेफड़ों के स्वास्थ्य पर हाल ही में आभासी रूप से आयोजित किए गए 51वें यूनियन विश्व सम्मेलन में भी हरी झंडी दी गई है। इस सम्मेलन का संयोजन इंटरनेशन यूनियन अगेंस्ट टीबी एंड लंग डिजीज (दि यूनियन) द्वारा किया गया था जो दुनिया का सहला वैश्विक स्वास्थ्स एनजीओ है। नागरिकों के स्वास्थ्य में निवेश करने तथा रोकथाम के योग्य, उपचार योग्य एवं ठीक हो जाने वाली टीबी जैसी बीमारी को पराजित करने में विफलता नोवल कोरोनावायरस तथा भावी महामारियों के प्रभाव की संभावना में वृद्धिकारी है, यह कहना है दि यूनियन के कार्यकारी निदेशक, जोसे लुई कास्ट्रो का।

75 प्रतिशत टीबी शोधकर्ताओं का कहना है कि उनके पास आवश्यक संसाधन नहीं है, ऐसे में वर्तमान संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता बेहद अहम हो जाती है। इस चिंता को मैकगिल विश्वविद्यालय टीबी केंद्र के निदेशक, डॉ मधुकर पाई, ने उजाकर किया है कि टीबी की दवाएं, टीके, यहां तक कि स्पुटम कप भी संभवत: उपलब्ध न हों। ऐसे में पैक्ट जैसे टीबी रोकथाम एवं देखभाल के नए उपकरण अधिक जरूरी हो जाते हैं। इससे पहले इस नवीन पहल पर आधारित उपकरण किट की आवश्यकता इतनी नहीं थी, यह ध्यान में रखते हुए कि कोरोना के दौर में स्वास्थ्यरक्षा केंद्रों में आवागमन एवं स्वास्थ्यरक्षा कर्मियों से संपर्क कम से कम करने की अनिवार्यता है।

यदि सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज का लक्ष्य प्राप्त करना है तो तपेदिक रोग के लिए डीओटी पर कम निर्भरता और वीओटी की अधिक स्वीकार्यता तथा अन्य रोगी केंद्रित उपचार पद्धतियों की आवश्यकता है।

# कोरोना संक्रमण से बढ़ा कैंसर का खतरा

**भारत में अधिकांश कैंसर मरीजों के निदान में विलंब होता है। ऐसे में कोरोनावायरस वैश्विक महामारी से कैंसर के निदान और इलाज में खतरा बढ़ गया है। ऐसे में भारत जैसे देश में स्थिति और गंभीर हो सकती है**

**वेदांत काबरा**
(लेखक सर्जिकल आंकोलाजी के विभागाध्यक्ष हैं)




इस वर्ष अप्रैल में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक छोटे कस्बे की पचपन वर्षीय महिला को स्तन में बिना दर्द वाली छोटी सी गांठ का अनुभव हुआ। लेकिन कोरोनावायरस के कारण लागू लाकडाउन तथा अस्पताल जाने पर संक्रमण के भय से वह डाक्टर के पास नहीं गई। लाकडाउन में रियायत के बावजूद उसका परिवार चिकित्सा सलाह के लिए दिल्ली जाने से डर रहा था। इस कारण जब वह चार महीने बाद कैंसर विशेषज्ञ के पास पहुंची तो कैंसर तेजी से बढ़ कर तीसरे चरण में पहुंच गया था और उसका जीवन खतरे में पड़ गया था। दुर्भाग्य से यह गंभीर रूप से बीमार रोगी के निदान में विलम्ब का अकेला मामला नहीं है। ऐसे रोगियों की संख्या बहुत है। महामारी की शुरुआत में कैंसर क्लीनिकों में आने वाले रोगियों की संख्या में भारी कमी आई और संपूर्ण लाकडाउन में रियायत के बावजूद यह काफी समय तक कम रही। लेकिन अब एक ब्रिटिश दानदाता संगठन ने अनुमान लगाया है कि लगभग एक मिलियन ब्रिटिश महिलाओं में स्तन कैंसर का सही समय पर निदान नहीं हो पाया है। ऐसे में भारत जैसे देश में स्थिति और गंभीर हो सकती है क्योंकि यहां स्तन कैंसर का निदान काफी बाद में हो पाता है। कोरोनावायरस महामारी के कारण निदान व इलाज में और ज्यादा विलम्ब हुआ है। इसका नकारात्मक असर कैंसर रोगियों की जीवन प्रत्याशा पर हो सकता है।

भारतीय महिलाओं में स्तन कैंसर तुलनात्मक रूप से सामान्य है और सभी प्रकार के कैंसर में यह 28 प्रतिशत है। देश में हर चार मिनट में एक महिला में इस कैंसर का निदान होता है तथा हर 13 मिनट में एक महिला की जान चली जाती है। अनुमान है कि 2018 में इसके कारण 87,000 महिलाओं ने प्राण गंवाए। अनेक कारणों से पिछले 25 साल में बीमारी का प्रकोप बहुत बढ़ा है जिनमें बढ़ता शहरीकरण, आरामदेह जीवनशैली, प्लास्टिक बर्तनों व माइ क्रोवेव ओवनों का प्रयोग, मुटापे में बढ़ोत्तरी, शारीरिक गतिविधियों में कमी, बच्चा पैदा करने की आयु में विलम्ब तथा स्तनपान में कमी शामिल हैं। इसके साथ ही धूम्रपान, मदिरापान व जंक फूड के प्रयोग से भी खतरा बढ़ रहा है। भारत में अधिक मृत्यु दर का कारण बहुसंख्य रोगियों में निदान देर से होना तथा उपयुक्त इलाज न मिलना है। कम आयु में स्तन कैंसर पाए जाने की घटनायें चिन्ताजनक रूप से बढ़ी हैं। शहरी भारत में लगभग आधी रोगी पचास साल से कम आयु की हैं। लक्षणों के बारे में जागरूकता की कमी, समग्र व व्यापक स्क्रीनिंग कार्यक्रम का अभाव तथा सामाजिक पूर्वाग्रह भी देर में निदान के कारण हैं। दुर्भाग्य से कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के कारण अनेक गैर-कोरोना बीमारियों के निदान व इलाज में विलंब हुआ है जिनमें सभी प्रकार के कैंसर शामिल हैं। महिलाओं के स्वास्थ्य को वैसे भी अनेक परिवारों में प्राथमिकता नहीं दी जाती है और वे बीमारी की नियमित जांच कराने के लिए अस्पताल जाने से बचती हैं।

कोरोनावायरस एक दीर्घकालीन समस्या है और निकट भविष्य में यह बनी रहेगी। ऐसे में महामारी पर नियंत्रण के साथ सभी सं क्रामक बीमारियों के इलाज पर ध्यान देना उच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सरकारों व स्वास्थ्यरक्षा प्रदाताओं को नीतिगत निर्णय लेते हुए अन्य गंभीर बीमारियों के निदान व इलाज पर ध्यान देना होगा। शिक्षित लोगों को भी स्वास्थ्य स्थितियों की अनदेखी नहीं करनी चाहिए तथा इलाज में आने वाली बाधायें दूर करनी चाहिए। यह भी समान रूप से महत्वपूर्ण है कि अस्पतालों में गैर-कोरोनावयरस इलाज में बाधा न आने पाए। इसके लिए जनता में अस्पतालों में व खासकर ओपीडी में कोरोना से सुरक्षा के प्रति विश्वास पैदा किया जाना चाहिए। खुशी की बात है कि निदान व इलाज की परिष्कृत विधियों से दुनिया भर में स्तन कैंसर रोगियों का जीवन बचाने में बड़ी सीमा तक सफलता मिली है। हालांकि, उनका जीवन कैंसर के प्रकार, निदान के समय रोग के स्तर और इलाज की गुणवत्ता पर निर्भर करता है। अनुमान है कि अमेरिका में निदान के बाद 90 प्रतिशत तक महिलायें पांच साल तथा 84 प्रतिशत 10 साल जीवित रह सकती हैं। लेकिन भारत में स्तन कैंसर रोगियों की जीवन प्रत्याशा अनेक कारणों से बहुत कम है। ऐसे में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने, 40 साल के बाद नियमित स्क्रीनिंग, स्वस्थ व सक्रिय जीवनशैली का पालन तथा अत्यधिक धूम्रपान का निषेध महत्वपूर्ण है।

**अध्ययनों के द्वारा अनुमान लगाया गया है कि अमेरिका में निदान के बाद 90 प्रतिशत तक महिलायें पांच साल तथा 84 प्रतिशत 10 साल जीवित रह सकती हैं। लेकिन भारत में स्तन कैंसर रोगियों की जीवन प्रत्याशा अनेक कारणों से बहुत कम है। ऐसे में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने, 40 साल के बाद नियमित स्क्रीनिंग, स्वस्थ व सक्रिय जीवनशैली का पालन तथा अत्यधिक धूम्रपान का निषेध महत्वपूर्ण है।**

नवीन तकनीकों से कोरोनावायरस महामारी के प्रकोप से बचने में सहायता मिल सकती है जिससे रोगियों की जीवन गुणवत्ता में सुधार होता है। अब स्तन कैंसर में सर्जरी का अर्थ पूरा स्तन निकालना नहीं है। 60-70 प्रतिशत रोगियों में कीमोथेरेपी के बाद या उसके पहले ब्रेस्ट कंजरवेशन सर्जरी संभव होती है। इसी प्रकार दो दशक पहले सभी रोगियों में आमतौर से आर्मपिट नोड हटाए जाते थे, पर अब ट्यूमर की उपस्थिति का पता लगाने वाली लिम्फनोड बायोप्सी से केवल प्रभावित नोड ही हटाए जाते हैं। इस प्रकार बाकी नोड बचे रहने पर कंधे सामान्य रूप से काम करते रहते हैं तथा हाथों की सूजन काफी सीमा तक कम हो जाती है। सर्जरी के साथ ही व्यक्तिगत रोगियों के अनुसार व्यवस्थित इलाज हो सकता है जिसमें कीमो, हारमोन, इम्यून व लक्षित चिकित्सा शामिल हैं। समान आकार के ट्यूमर वाली दो रोगियों में नतीजे एकदम अलग हो सकते हैं। नई निदान तकनीकों से स्तर कैंसर का बहुत जल्दी सटीक निदान संभव है जिससे रोगियों का जोखिम कम होता है। कम जोखिम वाले रोगियों को कीमोथेरेपी से बाहर रखा जा सकता है।

कैंसर रोगियों में कोरोनावायरस संक्रमण का खतरा अधिक होता है। यह खतरा बीमारी के इम्यूनो-सप्रेसिव चरण में और गंभीर हो जाता है जब कीमोथेरेपी का प्रयोग होता है। इसलिए यदि कीमोथेरेपी से बचाने वाले निदानों का समुचित प्रयोग किया जाए तो इससे रोगी इम्यूनिटी घटाने वाली कीमोथेरेपी से बचते हैं तथा उनको इसके लिए अस्पताल जाने से मुक्ति भी मिलती है। पिछले दशकों में रेडियेशन थेरेपी में भी व्यापक बदलाव आए हैं तथा आधुनिक मशीनों से सटीक रेडियेशन दिए जा सकते हैं। इससे फेफड़ों व हृदय को अत्यधिक रेडियेशन से बचाया जा सकता है तथा कुछ रोगियों में रेडियेशन देने का समय पांच सप्ताह से घटा कर दो सप्ताह किया जा सकता है। कनाडा में शोध से एक नई सस्ती तकनीक का पता चला है जिससे स्तन कैंसर से ग्रस्त महिलाओं को नियमित स्क्रीनिंग में रेडियेशन से बचाया जा सकता है। वाटरलू विश्वविद्यालय द्वारा विकसित इस तकनीक में हानिरहित माइक्रोवेव तथा कृत्रिम बुद्धि साफ्टवेयर के प्रयोग से मिनटों में शुरुआती चरण पर छोटे ट्यूमरों का पता चल जाता है।

एक स्तन के ऊतकों की दूसरे स्तन के ऊतकों से तुलना कर यह व्यवस्था अत्यन्त संवेदनशील रूप से एक सेंटीमीटर से भी छोटे व्यास वाले स्थानों में विकृतियों का पता लगा सकती है। इसके नकारात्मक नतीजे से कैंसर को फौरन खारिज किया जा सकता है, जबकि सकारात्मक परिणाम के बाद मैमोग्राफी या मैग्नेटिक रिजोनेंस जैसे परीक्षणों की जरूरत होती है। इससे रोगियों द्वारा प्रतीक्षा का समय कम होता है तथा जल्दी निदान संभव हो जाता है। इस उपकरण से रेडियेशन से मुक्ति मिलती है, रोगी सहज अनुभव करता है तथा मैमोग्राम की अन्य जटिलताओं से भी राहत मिल सकती है। लेकिन यह तकनीक अभी शुरुआती चरण में है और इसके भारत आने में कुछ समय लगेगा। इस प्रकार जनता को समझना चाहिए कि कोरोनावायरस गंभीर महामारी है।

उनको ऐसे में अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही से बचते हुए नियमित चेकअप व खासकर कैंसर जैसे रोगों की आशंका होने पर डाक्टर से मिलने में विलम्ब नहीं करना चाहिए। इसके साथ ही अस्पताल जाते समय पूरी सावधानी बरतना अब सामान्य बात हो जानी चाहिए।


पायनियर
हरियाणा, रविवार 25 अक्टूबर, 2020



# विधानसभा में मानसून सत्र के लिए विधायकों के पहुंच 370 सवाल

### स्पीकर अगले सप्ताह ड्रॉ से करेंगे सवालों का चयन

### पंजाब से अपना हिस्सा लेने के लिए पारित होगा प्रस्ताव



**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** विधानसभा में मानसून सत्र के आयोजन से पहले प्रदेश के विधायकों द्वारा जहां सवाल भेज दिए गए हैं वहीं विधानसभा की तरफ से इस सत्र में पंजाब के विरुद्ध भी प्रस्ताव पारित करके सचिवालय में अपना हिस्सा मांगा जाएगा। विधानसभा सत्र के दौरान प्रश्नकाल में लगने वाले सवालों का चयन अगले सप्ताह के दौरान ड्रॉ के माध्यम से किया जाएगा।

विधानसभा सचिवालय में सत्र की तैयारियों को लेकर शनिवार को हुई बैठक में अधिकारिक रूप से चर्चा की गई। इस बार के सत्र की कार्यवाही में सबसे अहम पंजाब के विरुद्ध पारित होने वाला प्रस्ताव होगा। हरियाणा विधानसभा प्रस्ताव पारित करके पंजाब से विधानसभा की इमारत में अपना 13 प्रतिशत हिस्सा मांगेगी। वर्ष 1966 में पंजाब से अलग होने के बाद विधानसभा में हरियाणा के लिए 40 फीसद हिस्सेदारी तय हुई थी, लेकिन मिली सिर्फ 27 फीसद जगह। विधानसभा में हरियाणा के हिस्से के 20 कमरों पर पंजाब कब्जा जमाए हुए है। कोरोना के चलते 26 अगस्त से स्थगित चल रहा विधानसभा का मानूसन सत्र पांच नवंबर को फिर शुरू होने जा रहा है। हालांकि अब यह शरदकालीन सत्र की तर्ज पर चलेगा। पिछली बैठक में महामारी के चलते भले ही प्रश्नकाल नहीं हो पाया, लेकिन इस बार विधायकों को अपने हलकों से जुड़े मुद्दों पर सरकार को घेरने का पूरा मौका मिलेगा। प्रश्नकाल के लिए अभी तक विधायकों के 457 प्रश्न पहुंच चुके हैं। इनमें 370 तारांकित प्रश्न हैं और 83 अतारांकित। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता की मौजूदगी में बुधवार को ड्रा के जरिये सदन में उठाने वाले सवाल तय किए जाएंगे। अभी तक विधानसभा सचिवालय में 34 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पहुंच चुके हैं और चार काम रोको प्रस्ताव कांग्रेस और इनेलो विधायकों ने दिए हैं।

### विपक्ष नहीं ला पाएगा प्राइवेट मेंबर बिल

**केंद्र** सरकार द्वारा पारित तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ प्राइवेट मेंबर बिल लाने की तैयारी में लगे विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को झटका लगा है। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि प्राइवेट मेंबर बिल लाने के लिए 15 दिन पहले सचिवालय को सूचना देनी होती है। अब सत्र के दोबारा शुरू होने में सिर्फ 12 दिन बाकी हैं। ऐसे में प्राइवेट बिल लाने को मंजूरी नहीं दी जा सकती।

# राशन डिपो पर सीएम फ्लाइंग की छापेमारी

**पायनियर समाचार सेवा।** रादौर



**शहर** के छोटाबांस में शनिवार दोपहर सीएम फ्लाइंग अंबाला की टीम ने एक डिपो होल्डर पर छापेमारी की। सीएम फ्लाइंग की टीम के छोटाबांस पहुंचने की सूचना मिलते ही शहर के डिपो होल्डरों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में डिपो होल्डर अपनी दुकानें बंद करके भूमिगत हो गये।

अंबाला से आयी सीएम फ्लाइंग की टीम में सब इंस्पेक्टर दिनेश कुमार, एएसआई राजबीर सिंह, सीआईडी से सुरेंद्र राणा, एएसआई सुनील कुमार, धर्मपाल हैड कांस्टेबल ने डिपू पर जाकर गहनता से निरीक्षण किया। सीएम फ्लाइंग की टीम ने खाद्यपुर्ति विभाग के निरीक्षक रोशनलाल सैनी को मौके पर बुलाकर डिपो होल्डर अमनदीप का डिपो चेक किया। डिपो में रखे खाद्य पदार्थों के स्टॉक को खाद्यपुर्ति विभाग के निरीक्षक रोशनलाल ने चेक किया। लगभग ढाई घंटे चली कार्रवाई के बाद सीएम फ्लाइंग के सब इंस्पेक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि डिपो पर जांच के बाद स्टॉक में 5 क्विंटल 22 किलो आटा कम पाया गया। वहीं 5 लीटर सरसो का तेल भी स्टॉक में कम पाया गया। इसके अलावा 15 किलो नमक स्टॉक में अधिक पाया गया। जिसके बाद सीएम फ्लाइंग की टीम ने कार्रवाई की रिपोर्ट तैयार की। सब इंस्पेक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर उन्हें इस बात की सूचना मिली थी कि छोटाबांस में डिपू होल्डर राशन वितरण में गडबड़ी कर रहा है। जिसके बाद सीएम फ्लाइंग की टीम ने मौके पर जाकर डिपू होल्डर के स्टॉक की जांच की।

डिपो होल्डर के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। डिपो होल्डर अमनदीप का कहना है कि वह एक समाजसेवी व्यक्ति है। उन्होंने राशन वितरण में कोई गड़बड़ी नहीं की है। गांव में जरूरतमंद लोगों के पास आटा व अन्य सामान खत्म होने पर उन्हें राशन समय से पहले देकर उनकी मदद जरूर की है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रद्धा से भक्ति करने का फल मीठा : छाबड़ा



**सोनीपत।** नवमी के अवसर पर शनिवार को राई गांव के शिव मंदिर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मां काली की मूर्ति स्थापित की गई। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर कांग्रेस के युवा नेता अनुज छाबड़ा पहुंचे। आयोजक नरेश ने बताया कि गांव के शिव मंदिर में काफी समय से श्रद्धालु पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। दूर-दूर तक के लोग मंदिर में पहुंचकर अपनी मनोकामना व शांति की प्रार्थना करते हैं। कांग्रेस नेता अनुज छाबड़ा ने कहा कि भगवान भक्त की हर फरीयाद सुनते है। इसलिए सच्ची भक्ति से भगवान की पूजा की जाए तो उसका फल भी मीठा होता है। उन्होंने कहा कि आज नवमी का दिन है और साथ में शनिवार का दिन भी। ऐसे में मां काली की मूर्ति स्थापित करना बहुत अच्छा है, क्योंकि ऐसा संयोग कभी-कभी मिलता है। कार्यक्रम के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान सुरेन्द्र, पवन, सत्यनारायण, कृष्ण, विनोद व समस्त ग्रामीण का सहयोग रहा।

### दुष्यंत चौटाला के निर्देश पर बाजरे के लिए दोगुने टोकन जारी

**भिवानी।** अपना बाजरा बेचने के लिए किसानों को काफी कठिनाइयों से गुजरना पड़ रहा था। बवानी खेड़ा व ढिगावा मंडी में हर रोज 20 से 25 किसान ही अपना बाजरा बेच पा रहे थे। बताना होगा कि ढिगावा बवानी खेड़ा मंडी में रोजाना 24 किसानों के ही टोकन आ रहे थे। ढिगावा में सबसे ज्यादा किसानों के बाजरा बेचने के लिए पंजीकृत कराया हुआ था। साथ ही दादरी जिले के बढ़डा विधान सभा के भी डेढ़ दर्जन गांवों की किसानों ने भी ढिगावा मंडी में पंजीकरण कराया हुआ है। 22 तारीख से ढिगावा मंडी में 24 की बजाए सर्वाधिक 150 किसानों को टोकन जारी कर दिए है। इसके अलावा बवानीखेड़ा मंडी सहित सभी सातों पक्की मंडियों में टोकन डबल कर दिए है। जिलेभर की सभी ग्रामीण खरीद केंद्रों पर भी टोकनों की संख्या डबल कर दी गई है। यह जानकारी देते हुए जजपा के जिला प्रधान विजय सिंह गोठड़ा ने बताया कि उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के निर्देश के बाद जिले की सभी कच्ची व पक्की अनाज मंडियों में टोकनों की संख्या दोगुनी कर दी गई है।

### शहीदों की याद में रन फॉर यूनिटी 25 को : एसपी

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पुलिस के शहीद जवानों याद में 25 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन पुलिस लाईन में 31 अक्तूबर तक चल रहे पुलिस फ्लैग-डे के तहत किया जा रहा है। इसके अलावा पुलिस लाईन में शहीदों की याद में एक प्रदर्शनी भी लगाई है। यही नहीं, अंतर थाना पुलिस वालीवाल प्रतियोगिता भी कराई जा रही है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक राजेश दुग्गल ने दी। उन्होंने बताया कि 25 अक्टूबर को सुबह 7 बजे पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा सेक्टर- 7 व 5 के बीच की सड़क पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पुलिस के ज्यादा से ज्यादा कर्मचारी भाग लेंगे। 26 अक्टूबर को जिला खेल विभाग के खिलाड़ी और 27 अक्टूबर को खेल विभाग की महिला खिलाड़ी तथा पुलिस विभाग की महिला पुलिस कर्मचारी इस कार्यक्र में शिरकत करेंगी।

### जिला में धान की फसल के 360 करोड़ की होगी अदायगी

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने कहा कि धान की फसल की 360 करोड़ 9 लाख 12 हजार 510 रुपए की राशि शीघ्र ही कुरुक्षेत्र, शाहाबाद, पिहोवा, बाबैन लाडवा के व्यापारियों के खातों में जमा होगी। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक कुरुक्षेत्र ने इस राशि को अप्रूव करके मुख्यालय भेज दिया है। इस राशि को मुख्यालय द्वारा सीधा आढ़तियों के खातों में जमा करवा दिया जाएगा और व्यापारियों को एसएमएस के जरिए राशि जमा होने का संदेश भी मिलेगा। इतना ही नहीं अभी तक करोड़ों रुपए की राशि आढ़तियों के खाते में जमा भी करवाई जा चुकी है।


### ट्रक-मोटरसाइकिल की भिड़ंत एक की मौत

**कुरुक्षेत्र।** ट्रक व मोटरसाइकिल की भिड़ंत में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 2 लोग जख्मी हो गए। पुलिस ने लोकनायक जय प्रकाश अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार जैनपुर निवासी प्रदीप ने शिकायत में कहा कि वह और राहुल पुत्र सुरेश निवासी दिल्ली व हिम्मत सिंह मोटरसाइकिल से जा रहे थे। रास्त में हरि सिंह माजरा के पास अज्ञात ट्रक के चालक ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। इस हादसे में राहुल की मौत हो गई, जबकि वे दोनों घायल हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

### अभाहिं महासंघ ने किया ओम प्रकाश धनखड़ को सम्मानित

**कैथल।** अखिल भारतीय हिंदू महासंघ के उपप्रधान लाजपत राय सिंगला द्वारा हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ को महासंघ की तरफ से स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रधान सुरेंद्र अरोड़ा, चेयरमैन सतपाल गुप्ता, महासचिव चंद्र प्रकाश शर्मा, संरक्षक सोमदत्त कौशिक, जिले सिंह सहित संस्था के अन्य लोग भी मौजूद थे।

### अब कैथल वासियों को मिलेगी विद्युत शवदाह गृह की सुविधा



**कैथल।** कल्याण भूमि, प्रताप गेट में विद्युत शवदाह गृह तैयार किया जा रहा है और जल्द ही यह काम करने लगेगा। वहीं दूसरी तरफ कोरोना संक्रमित शव का अंतिम संस्कार करने में भी इससे मदद मिल सकेगी। स्मरण रहे कि अभी तक कैथल में विद्युत शवदाह गृह नहीं था। कैथल नगर परिषद के ईओ अशोक कुमार ने बताया कि कल्याण भूमि प्रताप गेट में विद्युत शवदाह गृह तैयार हो रहा है ओर जल्द ही कैथल वासियों को यह समर्पित कर दिया जाएगा। कल्याण भूमि,प्रताप गेट के सरंक्षक शिव शंकर पाहवा ने बताया कि कैथल शहर में विद्युत शव ग्रह की लंबी समय से मांग चल रही थी। इस मांग को हरियाणा सरकार के आदेशानुसार नगर परिषद द्वारा कल्याण भूमि में पूरा कराया जा रहा है। विद्युत शवदाह गृह बन जाने से शहर वासियों को काफी सुविधा होगी। कल्याण भूमि के प्रधान कृष्ण नारंग ने बताया कि इस शवगृह से पर्यावरण की भी रक्षा होगी। वहीं दूसरी तरफ लकड़ी की खपत भी कम होगी। लॉकडाउन के समय लकड़ी न मिल पाने के कारण भी लोगों को विद्युत शवग्रह की आवश्यकता महसूस की गई थी। सभा के सभी सदस्यों ने कैथल नगर परिषद एवं हरियाणा सरकार का इस पुण्य कार्य के लिए धन्यवाद किया है। इस अवसर पर प्रधान कृष्ण नारंग,महासचिव बिशम्बर इशपुनानी, इन्द्रजीत सरदाना, तुलसीदास सचदेवा, राजकुमार मुखीजा, सुषम कपूर, विनोद दुआ, कौशल खेत्रपाल, प्रकाश नारंग, महेन्द्र बिंदु मक्कड़, विनय बिट्टू दुआ, वेद नरूला, सुरेश तनेजा, पुनीत खुराना और हैप्पी ग्रोवर आदि मौजूद थे।

### स्वास्थ्य के लिए खतरा बना जैविक कचरा

फरीदाबाद। जैविक कचरे के सही तरीके से निपटान नहीं होने कारण एक और स्वास्थ्य संकट मंडराने का खतरा बढ़ रहा है। जिले के 7422 अस्पताल बिस्तरों से प्रतिदिन लगभग 14-15 टन जैविक कचरा निकलता है, जिसके निपटान का दायित्व एकमात्र जैविक कचरा ट्रीटमेंट प्लांट के भरोसे है। प्लांट की क्षमता मात्र 2 टन प्रतिदिन है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि अतिरिक्त जैविक कचरे का क्या किया जा रहा है? विशेषज्ञों की मानें तो स्वास्थ्य सेवाओं से निकलने वाले कचरे में जैविक कचरे के अलावा एक बड़ा हिस्सा कोरोना वेस्ट का भी है। अगले महीने 2000 बिस्तरों का एक नया अस्पताल शहर में शुरू होने वाला है। यही नहीं, बढ़ रहे जनसंख्या के दबाव और विकास गतिविधियों के मद्देनजर शहर में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार होना लाजमी है। ऐसे में क्या अतिरिक्त जैविक कचरे के निपटान से निकलने के लिए विभाग ने कोई तैयारी की है। नियमानुसार, जैविक कचरे का निपटान 48 घंटे के भीतर किया जाना अनिवार्य है जबकि कोविड वेस्ट का निपटान 24 घंटे के भीतर किया जाना जरूरी है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गाइडलाइन कहती हैं कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की राज्य इकाई जैविक कचरे के उत्पादन और उसके निपटान में आ रहे असंतुलन पर नजर बनाए रखेंगी और विभाग को नयी बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट फेसिलिटी की स्थापना के लिए पूर्व में ही अनुशंसा करेंगी।

# कपड़ा प्लांट में आग से भारी तबाही, फैक्ट्री पूरी तरह ध्वस्त



**भिवानी।** सेक्टर 26 के कपड़ा प्लांट में करीब सुबह सात बजे शार्ट सर्किट की वजह से भीषण आग का तांडव रहा। भिवानी, दादरी, रोहतक व हांसी की दमकल गाड़ियों ने लगभग चार से पांच घंटों में आग पर काबू पाया। प्लांट मालिक की तरफ से हालांकि कुछ भी नही बताया गया लेकिन करोड़ों का नुकसान आंका जा रहा है।

बताया गया है कि नॉन वुन फेब्रिक में सुबह सात बजे अचानक आग भड़क उठी। फ़ैक्ट्री चोकीदार ने मालिक को सूचना दी। तभी फायर बिग्रेड को भी सूचना दी गई। आग इतनी भीषण थी कि फायर बिग्रेड की तरफ से आसपास के जिलों दादरी, रोहतक व हांसी की दमकल गाड़ियों को बुलाया गया। चार से पांच घंटो के बीच आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। आग लगने से मशीनें, थैला बनाने का कपड़ा व पूरी बिल्डिंग ध्वस्त हो गई। बिल्डिंग की दीवारें, छत व मशीनें बुरी तरह क्षतविक्षत हो गई। इंड्रस्टीयल एरिया में कोई भी वाटर स्टोरेज टैंक न होने क ी वजह से पानी लाने के लिए बाजार के अन्य हिस्सों में दमकल गाड़ियों को जाना पड़ा।

# भाजपा जिला इकाई में फिर दिखाई दी धड़ेबाजी

**रेवाड़ी।** जिले में भाजपा के धड़े में बंटे होने की बात सर्वविदित है। नि:संदेह पार्टी नेतृत्व भी इस बात से अंजान नहीं है। बात चाहे लोकसभा के चुनाव की करें या फिर विधानसभा की।

पार्टी की फूट स्पष्ट दिखाई दी है। पार्टी के कई धड़ों में विभाजित होने की बात गत दिवस पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एंव हाल ही में हरको बैंक के चेयरमैन बनाए गए डॉ. अरविंद यादव के शपथ ग्रहण समारोह के बाद यहां हुए सम्मान समारोह में स्पष्ट देखने को मिली। समारोह में पार्टी के विधायकों की बात तो अलग छोटे-बड़े नेता भी इससे अलग ही रहे।

# अष्टमी पर घर-घर हुआ कंजक पूजन

### शक्तिपीठ श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



**धर्मनगरी** में दुर्गाष्टमी एवं नवमी का पर्व श्रद्धाभाव से मनाया गया। हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर में श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में पूजा अर्चना करने के बाद अपने-अपने घरों में कंजक पूजन किया।

शहर की कई कालोनियों में स्थापित मां के मंदिरों में भी भक्तों ने शीश नवाने के साथ कन्या पूजन किया। कोरोना काल के चलते सूने पड़े मंदिरों में काफी समय बाद कुछ हद तक रौनक नजर आई। श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव से पूजा अर्चना करते हुए सुख-समृद्धि के लिए मां के दरबार में प्रार्थना की। शनिवार को दुर्गा अष्टमी एवं नवमी पर घर-घर कंजक पूजन हुआ। नवरात्र में व्रत रखने वालों ने कंजक पूजन के साथ अपने व्रत भी संपन्न किए खेत्री विसर्जन की। भक्तों ने हलवा, पूरी, चने अन्य पकवान बना कर कंजक को भोग लगाया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कंजक को विदा करते समय श्रद्धालुओं द्वारा उन्हें सुंदर उपहार व नगदी भी दी गई। आठवें नवरात्र पर मंदिरों में मां महागौरी की पूजा श्रद्धा के साथ हुई। कई मंदिरों में भी पूजा अर्चना करके कंजकों को भोजन कराया।

# पांच महिलाओं को स्कूटी देकर किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल



**उपमुख्यमंत्री** दुष्यंत चौटाला ने जींद में आयोजित कार्यक्रम में सात जिलों की पंचायती राज संस्थाओं की 42 महिला जन प्रतिनिधियों को सराहनीय कार्य करने पर स्कूटी देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में जिला कैथल की पांच महिलाओं को भी सम्मानित किया।

उपमुख्यमंत्री ने कैथल, भिवानी, चरखी दादरी, जींद, हिसार, सिरसा, फतेहबाद, समेत सात जिलों की पंचायती राज संस्थाओं की महिला जन प्रतिनिधियों को सम्बोन्धित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र तथा महिलाओं के विकास एवं उत्थान के लिए लगातार प्रयास कर रही है। पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा ताकि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नही रहे बल्कि आगे आकर अपने क्षेत्र, गांव एवं ईलाके के विकास में अहम भागीदारी निभाकर प्रदेश के विकास में शत प्रतिशत सहयोग दे सकें। बतादें कि इस तरह का पहला कार्यक्रम गुरुग्राम में आयोजित किया गया था, जिसमें 8 जिलों की महिला जन प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया था और अब जींद में 7 जिलों की महिला जन प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।

उप मुख्यमंत्री ने घोषणा की अब शेष बचे जिलों के लिए जल्द ही पंचकूला में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महिला प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कार्यक्रम में कैथल जिले से गोहरा गांव की पंच सलीना देवी, जगदीशपुरा गांव की सरपंच निशान कौर, डूमाड़ा गांव की सरपंच सुधा रानी, खेड़ी सिकन्दर गांव की सरपंच दर्शना देवी और कौल गांव की पंच सुदेश रानी को स्कूटी देकर सम्मानित किया गया।

# मनाया जाएगा भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस

**रादौर।** गांव खुर्दबन में शनिवार को वाल्मीकि समाज के लोगों की बैठक की अध्यक्षता संदीप खुर्दबन जिला संयोजक ने की। मंच संचालन प्रांतीय सचिव सुभाष लोहट ने किया।

बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रांतीय संचालक बलबीर सुद व विशिष्ट अतिथि विक्रम वाल्मीकि अध्यक्ष ब्लॉक रादौर उपस्थित हुए। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष बलबीर सुद ने कहा कि 30 अक्टूबर को भगवान वाल्मीकि के प्रकट दिवस को एकता दिवस के रूप में मनाया जायेगा। उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे भगवान वाल्मीकि द्वारा पवित्र रचित ग्रंथ आदि महाकाव्य रामायण की शिक्षा पर चलें और उनका अनुशरण करे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रधान विक्रम वाल्मीकि ने कहा कि समाज में फैले अंधविश्वास, नशाखोरी को छोड़कर गुरु प्रभु रत्नाकर महाराज की विचारधारा को अपनाकर समाज एकता के सूत्र में बन सकता है। हमें पावन योग वशिष्ट से शिक्षा लेकर के अपने बच्चों को शिक्षित करना चाहिए और शिक्षा पर अधिक से अधिक बल देना चाहिए।

# संयुक्त राष्ट्र दिवस आपसी समझ बढ़ाने की सोच



**करनाल।** दुनिया के देशों में आपसी समन्वय और सामजस्य का सद्भाव बुनियादी स्तर पर स्थापित करने के लिए आज ही के दिन 1945 में संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना की गई थी ताकि दुनिया के देशों में किसी भी प्रकार की युद्ध जैसी स्थिती को बातचीत के माध्यम से हल किया जा सके। यह बात संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर शनिवार 24 अक्टूबर को स्थानीय लघु सचिवालय कीछत पर संयुक्त राष्ट्र का ध्वज फहराने उपरान्त जिला राजस्व अधिकारी सुरेश कुमार ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा हम सभी को इस मौके पर आपसी सौहार्द की भावना को मजबूत करने के लिए संकल्प लेने की जरूरत हैं। डीआरओ ने कहा कि जिस उद्धेश्य को लेकर संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना की गई थी उसके पीछे मानवता और प्राणी मात्र को सुरक्षित रखने की भावना थी लेकिन आज भी विश्व स्तर पर विभिन्न देशों में असुरक्षा की भावना इस बात की ओर इशारा करती है कि यूएनओ को अपने आधारभूत सिद्धान्तों को पूर्ण रूप से लागू करवाने में और बेहत्तर प्रयासों की जरूरत है।




# नंदीशाला के ठेकेदार गोसेवा के ठेके को आमदनी का साधन न बनाएं

### भरपूर मात्रा में हरा चारा नंदीशाला में उपलब्ध कराएं ठेकेदार

**रणबीर सिंह।** सोनीपत



**उपायुक्त** श्याम लाल पूनिया ने कमासपुर किशोरा गांव की नंदीशाला का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नंदीशाला में बारीकी से पशुओं के चारे, हरा चारा, सुखा चारा, उपचार व्यवस्था, साफ सफाई एवं व्यवस्था का जायजा लेते हुए खोर में स्वयं चारे की जांच करके ठेकेदार पर काफी सख्ती बरतने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार द्वारा नंदियों की सेवा के लिए भरपूर मात्रा में धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। फिर भी नंदियों की सेवा में इतनी खामियां क्यों है? उन्होंने नगर निगम संयुक्त आयुक्त सुभाष को निर्देश देते हुए कहा कि नंदियों की सेवा में लग रहे ठेकेदार एवं व्यवस्था के जुड़े हुए निगम के अधिकारी कर्मचारी को संस्कारों की महत्ता बताते हुए समझाएं कि पैसा सरकार खर्च कर रही है। कम से कम व्यवस्था से जुड़े वे सभी अधिकारी कर्मचारी सेवा करके मुफ्त में धर्म कमाएं। उपायुक्त ने कहा कि सबसे पहले ठेकेदार से कांटा पर्ची मंगवाएं, डीजल के तेल की पर्ची मंगवाएं और गहनता से जांच करें कि सरकार द्वारा हरसाना कलां तथा किशोरा कमासपुर नंदीशाला पर 30 लाख रुपये प्रति मास के हिसाब से किस ढंग से खर्च किए जा रहे हैं। क्या नंदियों की सेवा में लग रहे व्यक्तियों की संख्या निर्धारित मापदंडों के अनुसार सही है। साफ सफाई में कितने कर्मचारी लगे हैं, प्रति नंदी के हिसाब से कितना हरा चारा मंगाया जा रहा है और भूसे की मात्रा का क्या मिश्रण है। उपायुक्त ने अपना गुस्सा दिखाते हुए कहा कि ठेकेदार नंदियों की सेवा में अपनी कमाई का जुगाड़ न बिठाएं अन्यथा उसका ठेका वे स्वयं जांच करके निरस्त कर देंगे। उन्होंने कहा कि नंदियों की सेवा में कौताही को वे स्वयं पूरी बारीकी से लेंगे। कौताही बरतने वाले ठेकेदार अथवा अधिकारी कर्मचारी को किसी भी कीमत पर माफ नहीं किया जाएगा।

### अविलम्ब करें पानी निकासी की व्यवस्था

**उपायुक्त** ने नगर निगम के संयुक्त आयुक्त को निर्देश दिए कि नंदीशाला परिसर में जो गोबर का ठेर लगा हुआ है, उसे नीलाम करके तुरंत उठवाएं और नगर निगम के अधिकारी इसमें व्यक्तिगत रूचि दिखाते हुए व्यवस्था को सुचारू बनाए। इसके साथ ही परिसर में जमा पानी की निकासी की व्यवस्था अविलम्ब करें। उपायुक्त ने पशु पालन विभाग के चिकित्सकों को निर्देश दिए कि वे स्पष्ट बताएं कि नंदियों के उपचार में कितना खर्च किया जा रहा है तथा किसके द्वारा इसकी व्यवस्था करवाई जा रही है और क्यां इसे ठेके में सम्मलित किया गया है अथवा नहीं। उपायुक्त ने जिले की स्वैच्छिक संस्थाओं का आह्वान किया कि वे नंदीशाला में पौधा रोपण करें साथ ही उसके चारों तरफ ग्रील का भी प्रावधान करें। उन्होंने इस अवसर पर जिला उद्योग केन्द्र के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी उद्योगपति नंदीशाला में व्यवस्थित ढंग से पौधे लगवाकर उसकी रक्षा सुरक्षा अवश्य कर सकता है। जिससे वातावरण में सुद्वता एवं हमारी पुरानी रीति की तरह से पेड़ों के नीचे पशुओं के बैठने की व्यवस्था हो सकती है।

# क्षय रोग के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सरकार ने उठाया कदम

**रादौर।** हर वर्ष 24 मार्च को मनाए जाने वाले क्षय रोग दिवस को सरकार के आदेशानुसार अब हर महीने की 24 तारीख को मनाया जाएगा। दरअसल टीबी की बीमारी से होने वाली मौतों के मामले में देश दूसरे स्थान पर है। सरकार की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में टीबी के करीब 27 लाख मरीज है। ऐसे में सरकार ने टीबी की बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से अब हर माह 24 तारीख को निक्षय दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी कड़ी में आज नाहरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉ. सुशीला सैनी के नेतृत्व में निक्षय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया।

डॉ. सैनी ने बताया कि टीबी की बीमारी का इलाज व इससे सम्बंधित टैस्ट भी सरकारी अस्पताल में बिल्कुल मुफ्त किया जाता है। उन्होंने कोई भी व्यक्ति जिसे दो हफ्ते तक खांसी, शाम के वक्त बुखार, लगातार वजन कम होना, रात के समय पसीना आना व छाती में दर्द के साथ खांसते वक्त खून आना की शिकायत है, तो वो अपनी टीबी की जांच अवश्य कराए। उन्होंने कहा कि निक्षय योजना के तहत हर महीने टीबी के मरीज को सरकार की ओर से 500 रुपये भी दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें हरी सब्जियों व ताजे फलों का सेवन कर अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना चाहिए। इस मौके पर अस्पताल के स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# क्वाड गठबंधन नहीं बल्कि नियम आधारित व्यवस्था चाहने वाले देशों का समूह है : अमेरिकी अधिकारी


**ललित के झा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** ने कहा है कि चार देशों का समूह क्वाड गठबंधन नहीं बल्कि वैसे देशों का समूह है जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नियम आधारित व्यवस्था को मजबूत बनाने के इच्छुक हैं। इस समूह में जापान, भारत, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका शामिल हैं।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की आक्रामकता का मुकबला करने के लिए लंबे समय से लंबित इस प्रस्ताव को 2017 में चारों देशों ने अमलीजामा पहनाया था। भारत और अमेरिका के बीच अगले सप्ताह मंत्रिस्तरीय टू प्लस टू बैठक से पहले एक वरिष्ठ अधिकारी ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, क्वाड में ऐसा कुछ भी नहीं है, जो इसे गठबंधन बनाता है। अभी वह रूप नहीं दिया गया है। इसमें शामिल देशों के बीच अभी कोई पारस्परिक दायित्व नहीं है। यह वैसा संगठन भी नहीं है जो सदस्यता का अनुरोध करता हो। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ और रक्षा मंत्री मार्क एस्पर विदेश मंत्री जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ चर्चा के लिए भारत जा रहे हैं। भारत जा रहे अमेरिकी अधिकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिलेंगे।

### इस समूह में जापान भारत, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका शामिल हैं

एक सवाल के जवाब में अधिकारी ने कहा कि अक्टूबर में तोक्यो में आयोजित क्वाड मंत्रिस्तरीय वार्ता ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लोकतांत्रिक देशों के बीच मजबूत संबंधों को प्रदर्शित किया। उन्होंने कहा कि यह ऐसे देशों का समूह है जो नियम आधारित व्यवस्था चाहते हैं जिसमें सभी देश संप्रभु, मजबूत और समृद्ध हों। अधिकारी ने नाम न जाहिर करने का आग्रह करते हुए बताया, यह वैसे देशों का समूह है जो दायित्वों से ज्यादा साझा हितों और मूल्यों को लेकर आगे बढ़ता है। यह प्रभावी बहुपक्षवाद का एक उदाहरण है।



चीन के विस्तारवादी व्यवहार को लेकर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच क्वाड देशों के मंत्रियों ने छह अक्टूबर को तोक्यो में बैठक की और एक बार फिर स्वतंत्र, मुक्त और समावेशी हिंद-प्रशांत की सामूहिक दृष्टि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इन चारों देशों के विदेश मंत्रियों की क्वाड के तहत पहली बैठक सितंबर 2019 में न्यूयार्क में हुई थी। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन द्वारा सैन्य दबदबा बनाए जाने की कोशिशें इन वैश्विक शक्तियों के बीच वार्ता का अहम हिस्सा बन गया है। चीन की बढ़ती आक्रामकता पर लगाम लगाने के लिए अमेरिका क्वाड को एक सुरक्षा ढांचा के रूप में तैयार करने का पक्षधर रहा है। चीन दक्षिण और पूर्वी चीन सागर में क्षेत्रीय विवाद में शामिल है। चीन पूरे दक्षिणी सागर पर अपना दावा करता है जबकि वियतनाम, मलेशिया, फिलिपीन, ब्रुनेई और ताइवान भी इस पर दावा करते हैं।

वहीं पूर्वी चीन सागर में चीन का विवाद जापान से चल रहा है। दक्षिणी चीन सागर और पूर्वी चीन सागर को खनिज, तेल और अन्य प्राकृतिक संसाधनों के लिहाज से समृद्ध माना जाता है और यह वैश्विक कारोबार के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। हालांकि अमेरिका इस विवादित जल क्षेत्र पर अपना दावा नहीं करता है लेकिन वह चीन के दावे को युद्धक विमान, युद्धक पोत आदि की तैनाती के साथ इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में गश्त और नौ परिवहन की स्वतंत्रता को लेकर चुनौती देता रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पौलैंड के राष्ट्रपति कोरोना वायरस से संक्रमित हुए

**वॉरसॉ।** पौलेंड के राष्ट्रपति आंद्रजेइ दुदा कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। राष्ट्रपति के प्रवक्ता ब्लाज़ेइ स्पाइचलस्की ने ट्विटर पर बताया कि 48 वर्षीय दुदा ने शुक्रवार को अपनी जांच कराई थी और उनकी रिपोर्ट में कोविड-19 से संक्रमित होने की पुष्टि हुई। प्रवक्ता ने बताया कि राष्ट्रपति ठीक महसूस कर रहे हैं। इस बाबत तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई कि स्थिति का सरकार के कामकाज पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

### स्लोवेनिया के विदेश मंत्री कोरोना से संक्रमित

**लियुबलियाना ( स्लोवेनिया )।** स्लोवेनिया के विदेश मंत्री एंजी लोगर कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि लोगर में बीमारी के कोई लक्षण नहीं दिख थे और वह अगले 10 दिनों तक पृथक-वास में रहेंगे। आधिकारिक समाचार एजेंसी एसटीए ने बताया है कि लोगर इस हफ्ते की शुरुआत में बाल्टिक देशों की यात्रा पर गए थे और उन्होंने इस महीने की शुरुआत में लक्ज़मबर्ग में यूरोपीय देशों के विदेश मंत्रियों के सत्र में भी हिस्सा लिया था। स्लोवेनिया में नए मामलों में बढ़ोतरी हुई है। 20 लाख की आबादी वाले देश में 1500 से ज्यादा मामले रोजाना आ रहे हैं।

### यान से छलककर अंतरिक्ष में गिर रहे बेनू छुद्र ग्रह के नमूने

**केप केनावरल ( अमेरिका )।** बेनू छुद्र ग्रह के नमूने लेकर आने वाले नासा के अंतरिक्ष यान ऑरिसिस-रेक्स के कंटेनर से नमूनों के बहूमूल्य कण छलककर अंतरिक्ष में ही गिर रहे हैं। वैज्ञानिकों ने शनिवार को यह जानकारी दी। तीन दिन पहले वैज्ञानिकों ने बताया था कि अंतरिक्ष यान ऑरिसिस-रेक्स ने बेनू छुद्र ग्रह पर कुछ देर रुककर उसके नमूने एकत्रित कर लिए हैं। यह नासा का इस तरह का पहला अभियान है। नासा को उम्मीद है कि अंतरिक्ष यान से लाए गए बेनू ग्रह के नमूनों की मदद से सौरमंडल की उत्पत्ति के राज खुल सकते हैं। माना जाता है कि इन ग्रहों की उत्पत्ति भी सौरमंडल के साथ हुई थी। अभियान के मुख्य वैज्ञानिक डेंटे लॉरेटा ने मंगलवार को हुए उस अभियान के बारे में बताते हुए कहा था कि यान ने उम्मीद से अधिक नमूने एकत्रित कर लिए हैं और उसके धरती पर लौटने की उम्मीद है। लॉरेटा ने आनन-फानन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम अपनी सफलता का ही शिकार बन गए हैं। उन्होंने कहा कि यान नियंत्रक बाधाओं को दूर कर बेनू के और अधिक नमूनों को गिरने से रोकने के अलावा कुछ नहीं कर सकते।

### भारत-चीन सीमा विवाद पर अमेरिका की करीबी नजर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि उनका देश भारत और चीन के बीच सीमा विवाद पर करीबी नजर रख रहा है और वह नहीं चाहता कि तनाव और बढ़े। अधिकारी ने अगले हफ्ते नई दिल्ली में भारत और अमेरिका के बीच शुरू हो रहे 2प्लस2 मंत्रिस्तरीय सम्मेलन से पहले शुक्रवार को पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि ट्रंप प्रशासन रक्षा उपकरण बेचने के अलावा संयुक्त सैन्य अभ्यासों और सूचनाओं के आदान-प्रदान से जरिए भारत को सहयोग दे रहा है। उन्होंने कहा, हम एक सरकार के रूप में हिमालय क्षेत्र की स्थिति पर बारीकी और सूझ-बूझ के साथ नजर रखे हुए हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हालात और तनावपूर्ण न हों। अधिकारी ने कहा, इन सभी क्षेत्रों में भारत के साथ सहयोग जारी है और इसे केवल हिमालय पर तनाव से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख सीमा पर इस साल मई से गतिरोध चल रहा है।

### गोवा में मूल्य निगरानी एवं संसाधन इकाई की स्थापना हुई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के तहत गोवा में एक मूल्य निगरानी एवं संसाधन इकाई की स्थापना की गई है। केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि एनपीपीए की पहुंच को बढ़ाने के लिए मूल्य निगरानी एवं संसाधन इकाई (पीएमआरयू) राज्य दवा नियंत्रक की प्रत्यक्ष निगरानी में काम करेगी। एनपीपीए ने उपभोक्ता जागरूकता, प्रचार और मूल्य निगरानी (सीएपीपीएम) योजना के तहत 15 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में पीएमआरयू की स्थापना की है। इन इकाइयों का काम दवाओं की कीमतों की निगरानी करने, दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने और उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने में एनपीपीए की सहायता करना है।

### पूर्वी अफगानिस्तान में सड़क के किनारे विस्फोट में नौ मरे

**काबुल।** पूर्वी अफगानिस्तान में सड़क के किनारे किए गए विस्फोट में नौ लोगों की मौत हो गई। इस विस्फोट की चपेट में मिनी वैन आ गई थी जिसमें आम लोग बैठ हुए थे। गज़नी प्रांत के पुलिस प्रवक्ता अहमद खान सीरत ने बताया कि सड़क के किनारे किए गए दूसरे विस्फोट में दो पुलिस कर्मियों की मौत हो गई। इस विस्फोट की चपेट में पुलिस कर्मियों की एक गाड़ी आ गई जो पहले विस्फोट के स्थल पर पीड़ितों की मदद के लिए जा रही थी। सीरत ने बताया कि विस्फोटों में कई अन्य जख्मी भी हुए हैं और हमलों की जांच चल रही है। हमलों की जिम्मेदारी तत्काल किसी ने नहीं ली है। प्रांतीय पुलिस ने दावा किया कि तालिबान ने बम लगाए थे।

### टाटा मोटर्स ने कुल उत्पादन के लिहाज से 40 लाख पार

**नई दिल्ली।** प्रमुख ऑटो कंपनी टाटा मोटर्स ने शनिवार को कहा कि उसकी यात्री वाहन शाखा ने कुल उत्पादन के लिहाज से 40 लाख के आंकड़े को पार किया है। कंपनी ने करीब तीन दशक पहले 1991 में इस खंड में अपना पहला मॉडल टाटा सिएरा एसयूवी पेश किया था। टाटा मोटर्स ने इस दौरान इंडिका, सिएरा, सूमो, सफारी और नैनो जैसे मॉडल पेश किए और इससे पहले यात्री वाहनों के उत्पादन के लिहाज से 2005-06 में 10 लाख और 2015 में 30 लाख के आंकड़े को पार किया था। टाटा मोटर्स के अध्यक्ष (यात्री वाहन कारोबार इकाई) शैलेश चंद्र ने पीटीआई-भाषा को बताया, टाटा मोटर्स के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उद्योग में बहुत कम कंपनियां इस मुकाम को हासिल कर सकी हैं। 1991 में टाटा सिएरा को पेश करने के बाद यह एक लंबा सफर रहा है। उन्होंने कहा कि कंपनी अपने वाहनों के सुरक्षा पहलुओं पर खासतौर से ध्यान केंद्रित करने के साथ ही देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दे रही है।

### आईसीआईसीआई बैंक ने श्रीलंका में परिचालन बंद किया

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई बैंक ने शनिवार को कहा कि उसने श्रीलंका के मौद्रिक प्राधिकरण से मंजूरी लेकर वहां अपना काम बंद कर दिया है। बैंक ने शेयर बाजारों को बताया कि श्रीलंका के केंद्रीय बैंक के मौद्रिक बोर्ड ने वहां परिचालन बंद करने तथा निर्गत लाइसेंस समाप्त करने के उसके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। उसने कहा, बैंक पर्यवेक्षण के निदेशक मौद्रिक बोर्ड द्वारा तय की गई नियम व शर्तों के बैंक के द्वारा अनुपालन से संतुष्ट थे।

### बीएसई ने आईसीसीआई के साथ समझौता किया

मुंबई। शेयर बाजार बीएसई ने शनिवार को कहा कि उसने छोटे तथा मझोले उद्योगों (एसएमई) और स्टार्ट-अप की मदद करने और उन्हें बाजार में सूचीबद्ध होने को प्रोत्साहित करने के लिए इन्वेंटिविप्रेन्योर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (आईसीसीआई) के साथ एक समझौता किया है। बीएसई ने एक बयान में कहा कि इस समझौते के तहत आईसीसीआई एसएमई और स्टार्टअप के मूल्यांकन में मदद करेगा, ताकि वे बीएसई एमएमई सूचकांक में सूचीबद्ध हो सकें। इसके अलावा निवेशकों को भी इस संबंध में जागरूक किया जाएगा। बीएसई के एसएमई और स्टार्ट-अप प्रमुख अजय कुमार ठाकुर ने कहा कि आईसीसीआई के जरिए अधिक संख्या में स्टार्ट-अप और एसएमई को बाजारों में सूचीबद्ध होने का फायदा मिल सकेगा और वे बेहतर तरीके से पूंजी बाजार के कामकाज को समझ सकेंगे।

### गुजरात में भूरे सीमेंट की पीसने वाली इकाई का उद्घाटन

**अहमदाबाद।** जेके सीमेंट ने शनिवार को गुजरात के महिसागर जिले के बालासिनोर में ग्रे सीमेंट की पीसने वाली नई इकाई का उद्घाटन किया। इस इकाई की विनिर्माण क्षमता सात लाख टन प्रति वर्ष है। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में यह कहा। कंपनी ने कहा कि यह संयंत्र आठ हेक्टेयर के क्षेत्र में फैला है, जिसकी कुल लागत 200 करोड़ रुपये है। यह कंपनी के कुल 2,000 करोड़ रुपये की निवेश योजना का एक हिस्सा है। इसके तहत कंपनी 42 लाख टन सालाना क्षमता बढ़ाना चाह रही है। क्षमता में 20 लाख टन वृद्धि राजस्थान में , 15 लाख टन सालाना उत्तर प्रदेश में और सात लाख टन सालाना गुजरात में कर रही है। कंपनी ने कहा कि नई इकाई की शुरुआत से ग्रे सीमेंट की उसकी कुल वार्षिक उत्पादन क्षमता बढ़कर 147 लाख टन हो गई है।

**कर्जदारों को तोहफा : किस्त भुगतान से राहत नहीं चुनने वालों को भी**

# दो करोड़ तक के कर्ज पर ब्याज लाभ

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**केंद** सरकार ने कर्जदारों को बड़ी राहत दी है। उन्हें एक तरह से दिवाली का उपहार तोहफा देते हुए उनके दो करोड़ रुपये तक के कर्ज पर ब्याज-राहत देने की शुक्रवार को देर रात घोषणा की। यह राहत इस सीमा के तहत आने वाले सभी कर्जदारों को मिलेगा, चाहे उन्होंने किस्त भुगतान से छह महीने की मोहलत (मोरेटोरियम) का विकल्प चुना हो या नहीं।

उच्चतम न्यायालय द्वारा ब्याज राहत लागू करने का निर्देश दिए जाने के बाद वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग ने योजना को लागू करने संबंधी दिशानिर्देश जारी किए। इस निर्णय से सरकारी खजाने पर 6,500 करोड़ रुपये का बोझ पड़ने का अनुमान है। शीर्ष अदालत ने 14 अक्टूबर को केंद्र को निर्देश दिया था कि वह कोविड-19 महामारी और लॉकडाउन के मद्देनजर रिजर्व बैंक की किस्तों के भुगतान से छूट की योजना के तहत दो करोड़ रुपये तक के कर्ज पर ब्याज माफ करने के बारे में यथाशीघ्र निर्णय ले। न्यायालय ने कहा था कि आम लोगों की दिवाली अब सरकार के हाथों में है। मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार विनिर्दिष्ट ऋण खातों पर एक मार्च से 31 अगस्त 2020 की अवधि के लिए ब्याज राहत का लाभ दिया जाएगा। इसमें कहा गया, जिन कर्जदारों के ऋण खाते की मंजूर सीमा या कुल बकाया राशि 29 फरवरी तक दो करोड़ रुपये से अधिक नहीं थी, वे इस योजना के लाभ के पात्र होंगे।



### चाहे उन्होंने किस्त भुगतान से छह महीने की मोहलत का विकल्प चुना हो या नहीं

दिशानिर्देश की शर्तों के अनुसार, 29 फरवरी तक इन खातों का मानक होना अनिवार्य है। मानक खाता उन खाताओं को कहा जाता है, जिन्हें गैर निष्पादित संपत्ति (एनपीए) नहीं घोषित किया गया हो। इस योजना के तहत आवास ऋण, शिक्षा ऋण, क्रेडिट कार्ड का बकाया, वाहन ऋण, एमएसएमई ऋण, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद ऋण और उपभोग ऋण लेने वाले कर्जदारों को लाभ मिलेगा।

योजना के तहत, कर्ज देने वाले संस्थानों को योजना की अवधि के लिए पात्र कर्जदारों के संबंधित खातों में संचई ब्याज व साधारण ब्याज के अंतर की राशि जमा करनी होगी। योजना में कहा गया है कि कर्जदार ने रिजर्व बैंक के द्वारा 27 मार्च 2020 को घोषित किस्त भुगतान से छूट योजना का पूर्णत: या अंशत: लाभ लेने का विकल्प चुना हो यह नहीं, उसे ब्याज राहत का पात्र माना जाएगा।

### नियमित किस्तों का भुगतान कर रहे कर्जदारों को भी मिलेगा लाभ

**कर्ज** राहत योजना का लाभ उन कर्जधारकों को भी मिलेगा, जो नियमित किस्तों का भुगतान करते रहे। कर्ज देने वाले संस्थान इस योजना में दी गई छूट के तहत संबंधित कर्जधारक के खाते में अपनी ओर से धन जमा करने के बाद केंद्र सरकार से उसके बराबर की राशि पाने के लिए दावा करेंगे। उच्चतम न्यायालय ने 14 अक्टूबर को मामले की सुनवाई करते हुए कहा था, वह इस बारे में चिंतित है कि कर्जदारों को ब्याज राहत का लाभ किस तरह से दिया जाए। उच्चतम न्यायालय ने तब कहा था कि केंद्र सरकार ने आम लोगों की बदहाल स्थिति का संज्ञान लेते हुए अच्छा निर्णय लिया है। हालांकि शीर्ष न्यायालय ने इस बात पर चिंता व्यक्त की थी कि अब तक इस संबंध में कोई आदेश नहीं जारी किया गया है। न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अगुवाई वाली पीठ ने कहा था, कुछ ठोस किए जाने की जरूरत है। जितना जल्दी संभव हो सके, दो करोड़ रुपय। तक के कर्जदारों को ब्याज से राहत देने की योजना का क्रियान्वयन किया जाना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने मामले की सुनवाई की अगली तारीख दो नवंबर तय करते हुए बैंकों तथा केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे वकीलों से कहा था, लोगों की दिवाली अब आपके हाथों में है।

# अशांति में 51 आम नागरिकों, 18 सुरक्षा कर्मियों की मौत : नाइजीरिया

**लागोस।** नाइजीरिया में पुलिस की बर्बरता के खिलाफ कई दिनों तक शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के बाद भड़की हिंसा में कम से कम 51 आम नागरिकों और 18 सुरक्षा कर्मियों की मौत हो गई नाइजीरिया के राष्ट्रपति मुहम्मदू बुहारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने हिंसा के लिए उपद्रव को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि सुरक्षा बलों ने अत्यंत संयम से काम लिया।

राष्ट्रपति की टिप्पणियों से अफ्रीका के इस सबसे बड़ी जनसंख्या वाले देश में तनाव और बढ़ सकता है। मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा कि सैनिकों ने मंगलवार रात गोलियां चलाईं और इसमें कम से कम 12 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई। इस घटना की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा हो रही है। बुहारी ने एक बयान में कहा कि बृहस्पतिवार तक दंगाइयों ने 11 पुलिसकर्मियों और सात सैनिकों की हत्या की और अशांति का यह दौर थमा नहीं है। उन्होंने कहा कि अन्य 37 आम नागरिक घायल हो गए हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि सही इरादे से शुरू



हुए प्रदर्शन पर उपद्रवियों का कब्जा हो गया है। हालांकि राष्ट्रपति के इस बयान पर कई लोगों ने निराशा जाहिर की है।

मंगलवार रात हुई गोलीबारी के एक चश्मदीद ने कहा, जब सैनिक यह कह रहे थे कि झंडा रक्षाकवच नहीं है, तभी मैं समझ गया था कि स्थिति हाथ से निकल रही है। इस महीने की शुरुआत में प्रदर्शनकारियों ने सरकार से स्पेशल एंटी-रॉबरी स्कवाड (विशेष डकैती रोधी दस्ता) को समाप्त करने की मांग की थी। इस पुलिस इकाई को एसएआरएस इकाई कहा जता है। इस दस्ते की शुरुआत अपराध से निपटने के लिए हुई थी, लेकिन एमनेस्टी इंटरनेशनल का कहना है कि इसने लोगों को प्रताड़ित करने और हत्याएं करने का काम किया।

# आईएलएंडएफएस लक्ष्य से 7,300 करोड़ पीछे रही

**मुंबई।** कर्ज में फंसी कंपनी इंफ्रास्ट्रक्चर लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज (आईएलएंडएफएस) समूह चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में महज 1,460 करोड़ रुपये के ऋण का समाधान कर सकी है। इस तरह कंपनी दूसरी तिमाही में लक्ष्य से 7,300 करोड़ रुपये पीछे रह गई है। कंपनी ने शनिवार को इसकी जानकारी दी।

कंपनी को दूसरी तिमाही में करीब 8,800 करोड़ रुपये के ऋण का समाधान करना था। कंपनी के ऊपर अक्टूबर 2018 के आंकड़ों के अनुसार, 99 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज बकाया है। हालांकि दूसरी तिमाही में लक्ष्य से चूकने के बाद भी कंपनी ने कुल बकाया के 50 फीसदी का समाधान करने का लक्ष्य बरकरार रखा है। कंपनी ने एक बयान में कहा, पिछली बार की जानकारी की तुलना में सितंबर 2020 तक के लक्ष्य में 7,300 करोड़ रुपये की कमी को अगली तिमाहियों में हासिल करने का लक्ष्य तय किया जा रहा है। उसने कहा, लक्ष्य पाने में देरी मुख्य रूप से कोविड-19 के असर के कारण हुई है,



जिसके कारण संबंधित पक्षों के साथ बातचीत की प्रक्रिया पूरी करने में समय व आने-जाने संबंधी जटिलताएं आईं। इसके अलावा कर्जदाताओं, नियामकों और न्यायिक प्राधिकरणों से मंजूरियां पाने में भी देरी हुई।

कंपनी ने कहा कि दूसरी तिमाही में 7,300 करोड़ रुपये की कमी में से तीसरी तिमाही में 4,200 करोड़ रुपये और चौथी तिमाही में 3,100 करोड़ रुपये के समाधान का लक्ष्य पा लिया जाएगा। कंपनी ने जुलाई में कहा था कि वह मार्च 2021 तक करीब 50,500 करोड़ रुपये के कर्ज का समाधान कर लेगी। इसके अलावा कंपनी ने वित्त वर्ष 2020-21 के बाद अतिरिक्त 6,500 करोड़ रुपये के कर्ज का समाधान निकालने की योजना तय की थी।

# अमेरिकी चुनाव : बाइडेन, हैरिस समर्थक भारतीय-अमेरिकियों ने ट्रंप को बताया शत्रु

### बोले, समुदाय समझता है कि भारत का असली मित्र और दुश्मन कौन है

**एजेंसी।** वाशिंगटन

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति पद के लिए पार्टी उम्मीदवार एवं भारतीय-अमेरिकी सीनेटर कमला हैरिस के समर्थक भारतीय-अमेरिकियों ने कहा है कि डेमोक्रेटिक उम्मीदवार समुदाय को सबसे अच्छी तरह समझते हैं, जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शत्रु है, जो वैश्विक मंच पर भारत की आलोचना करते हैं।

भारतीय अमेरिकियों ने शुक्रवार को कहा कि बाइडेन ने अमेरिकी सीनेटर और उपराष्ट्रपति के रूप में समुदाय की मदद की। सिलिकॉन वैली के उद्यमी अजय जैन भुटोरिया ने कहा, ट्रंप प्रशासन के चार साल के बाद हम यह जानते हैं कि हमारे बच्चों और नाती-पोतों के पास वह अवसर नहीं होंगे, जो हमारे पास थे।

हमें ऐसे नेता की आवश्यकता है, जो हमारे समुदाय, हमारे मूल्यों, हमारे गौरव को समझता हो, जो हमारी कड़ी मेहनत की सराहना करे और अपने प्रशासन में समान अवसर दे और हमारी राय ले। भुटोरिया ने शुक्रवार को ट्रम्प और बाइडेन के बीच राष्ट्रपति पद के लिए हुई अंतिम बहस का जिक्र करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने वैश्विक मंच पर भारत की आलोचना की।

उन्होंने कहा, समुदाय समझता है कि भारत का असली मित्र और दुश्मन कौन है। ट्रंप दुश्मन हैं। ट्रंप ने बहस के दौरान कहा कि आप भारत में कोविड-19 संक्रमण के मामलों की संख्या पर भरोसा नहीं कर सकते और भारत दूषित है। उन्होंने एच। वीजा कार्यक्रम निलंबित कर दिया, भारत के साथ व्यापार समझौतों को खतरे में डाल दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मित्रता को केवल तस्वीर खिंचवाने के अवसर के तौर पर इस्तेमाल किया।

भुटोरिया ने कहा, बाइडेन ने व्हाइट हाउस में (अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक) ओबामा के साथ दीपावली मनाई थी। उन्होंने कहा कि बाइडेन और हैरिस का भारतीय-अमेरिकियों के साथ गहरा नाता है। कैलिफोर्निया स्टेट असेम्बली की सदस्य ऐश कालरा ने कहा कि वह पिछले दो दशक से हैरिस और उनकी बहन माया को जानती है। उन्होंने कहा कि हैरिस को अपनी भारतीय विरासत पर गर्व है। कारोबारी अशोक भट्ट ने कहा कि ओबामा-बाइडेन के पूर्व प्रशासन ने भारत को प्राथमिकता दी थी।


### तेजी से पटरी पर लौटने और बाइडेन की मंदी के बीच का चयन होगा तीन नवंबर का चुनाव : ट्रंप

**राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी इस चुनाव में उनके प्रशासन के प्रयासों के चलते अर्थव्यवस्था के अत्यंत तेजी से पटरी पर लौटने और उनके डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन के कारण पैदा होने वाली मंदी के बीच चयन करेंगे। ट्रंप ने राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए हुई अंतिम बहस के एक दिन बाद कहा,



बाइडेन ने कल रात साबित कर दिया कि वह अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के योग्य नहीं है। ट्रंप ने अपने हजारों समर्थकों के बीच कहा कि इस देश ने स्वयं देखा कि यह चुनाव तेजी से पटरी पर लौटने के ट्रम्प के प्रयास और बाइडेन की मंदी के बीच चयन होगा। उन्होंने कहा कि तीन नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए होने वाला चुनाव अमेरिका की सफलता को लेकर आशावादी एवं देशभक्ति वाली सोच और बाइडेन की निराशाजनक सोच के बीच चयन होगा।

## सुकवि-संवाद



**सुकवि डॉ.एस.एन.भारद्वाज 'अक'**
कवि, लेखक एंव वरिठ शिक्षा सलाहकार
विव भारती शिक्षण संस्थान समूह,
बल्लभगढ़, फरीदाबाद M: 9871666627

### 'समर्पण'

*जिस क्षण छूटे अहम् हृदय का, कितना निर्मल वो क्षण है*
*पर-सेवा में निज की निष्ठा, सबसे श्रेष्ठ समर्पण है*

*दीप प्रज्वलन देवालय में, करना क्या आवश्यक है*
*माँ की आभा से आलोकित, इस सृष्टि का कण-कण है*

*धूप, दीप, नैवेद्य , दक्षिणा अर्पित करना लघुता है*
*सत्य भावनाओं का अर्पण, सबसे पावन अर्पण है*

*जो सद्गुण से सज्जित , उसको क्या लेना आभूषण से*
*सद् वाणी आभूषण मुख का, दान हस्त का कंकण है*

*वही सबल है , जो हर व्यक्ति के गुण का सम्मान करे*
*निज का मंडन, आत्म-प्रशंसा, दुर्बलता का लक्षण है*

*आडम्बर का वसन सत्य को, आच्छादित ना कर पाऐ*
*बिम्ब सत्य का दिखता केवल, मानव-मन वो दर्पण है*

*भोग लगाऐं क्या तुमको, तुम अन्नपूर्णा हो जग की*
*'श्रद्धा' के दो 'अश्क', आपके श्रीचरणों का तर्पण है*

दीप प्रज्ज्वलन -दीपक जलाना, लघुता-छोटापन, पावन-पवित्र, अहम-घमंड, पर-दूसरों की, निज की निष्ठा- अपना विश्वास , कंकण-कंगन, मंडन-प्रशंसा, वसन-वस्त्र, आच्छादित-ढकना , बिम्ब-छाया, तर्पण-देवता आदि को जल-दान

# त्योहारी और निर्यात मांग से सरसों, मूंगफली सहित सभी तेल तिलहन कीमतों में सुधार

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**त्योहारी** मांग के साथ साथ निर्यात मांग बढ़ने के बीच दिल्ली तेल तिलहन बाजार में शनिवार को लगभग सभी तेल तिलहनों में सुधार दिखा। बाजार सूत्रों ने कहा कि विदेशी बाजारों में मूंगफली दाना के साथ साथ मूंगफली तेलों की भारी मांग है और नंबर एक गुणवत्ता वाले मूंगफली दाने की निर्यात के लिए मांग में भारी वृद्धि होने के कारण मूंगफली तेल तिलहन कीमतों में पर्याप्त सुधार आया।

सूत्रों ने कहा कि पूरे विश्व में हल्के तेलों की भारी मांग है। हल्के तेलों में सबसे सस्ता होने के कारण भी सोयाबीन की खपत में पिछले साल के मुकाबले 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सूरजमुखी फसल के कम उत्पादन होने, सरसों जैसे हल्के तेल में ब्लेंडिंग की मांग बढ़ने तथा उत्तर भारत के मौसम की वजह से सोयाबीन तेल मांग के बढ़ने से इसके तेल कीमतों में सुधार आया है। उन्होंने कहा कि सरसों दाना की जम्मू-कश्मीर की मांग बढ़ी है जहां हरियाणा से 6,250 रुपये क्विंटल के भाव सरसों दाना की बिक्री की गई है। जयपुर की मंडी में सरसों का हाजिर भाव 6,000 रुपये प्रति क्विंटल चल रहा है। इस मांग के साथ साथ खासकर उत्तर भारत में त्योहारी मांग के कारण सरसों तेल तिलहन के भाव में पर्याप्त लाभ दर्ज हुआ। बेपड़ता कारोबार के कारण सीपीओ और पामोलीन के भाव में भी सुधार दर्ज किया गया।



सूत्रों ने कहा कि सूरजमुखी का भाव न्यूनतम समर्थन मूल्य के हिसाब से 150 रुपये किलो बैठता है जबकि एमएसपी के हिसाब से मूंगफली तेल का भाव भी 150 रुपये किलो बैठता है और सरसों तेल एमएसपी के हिसाब से लगभग 120-125 रुपये प्रति किलो बैठता है। दूसरी ओर विदेशों से आयात होने सीपीओ का भाव नगभग 81 रुपये किलो और आयात होने वाले सोयाबीन डीगम का भाव 93.20 रुपये किलो बैठता है। उन्होंने कहा कि जब सीपीओ और सोयाबीन डीगम जैसे आयातित तेलों का भाव घ्ररेलू तेलों के मुकाबले काफी सस्ता बैठे तो फिर आत्मनिर्भरता के बारे में सोचना भी नहीं चाहिए। आत्मनिर्भरता के लिए सरकार को सस्ते आयात को घरेलू तेलों के मुकाबले प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए कदम उठाना चाहिए और साथ ही घरेलू तेल तिलहनों के बाजार विकसित करने की ओर ध्यान देना चाहिए। यह काम सस्ते आयात को हतोत्साहित करने, तिलहनों का स्टॉक निर्मित करने से ही होगा। इस ओर ध्यान न दिए जाने के कारण ही आज लगभग 70 प्रतिशत तेल मिलें बंद होने की कगार पर हैं।

### अमेरिकी नौसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो लोगों की मौत

**फोले ( अमेरिका )।** फ्लोरिडा से प्रशिक्षण के तहत उड़ान भरने वाला अमेरिकी नौसेना का एक विमान शुक्रवार को अलबामा के रिहाइशी इलाके के नजदीक दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। नेवल एयर फोर्सेस के कमांडर के प्रवक्ता जाच हैरेल ने बताया कि टी-6बी टेक्सान 2 प्रशिक्षण विमान में सवार दोनों लोगों की मौत हो गई। मृतकों के नाम अभी जारी नहीं किए गए हैं। फोले में दमकल विभाग के प्रमुख जोए डार्बी ने बताया कि विमान के नीचे गिरने के बाद उसमें आग लग गई और कई घर एवं मकान इसकी चपेट में आ गए, लेकिन दमकल कर्मियों ने आग पर जल्द ही काबू पा लिया। विमान फोले शहर के निकट मागनोलिया स्प्रिंग्स कस्बे में दुर्घटना ग्रस्त हुआ। घटनास्थल के पास रिहाइशी इलाका है। नौसेना की प्रवक्ता जूली जीगेनहोर्न ने बताया कि विमान ने फ्लोरिडा के पेनसाकोला से करीब 48.28 किलोमीटर पूर्वोत्तर में नेवल एयर स्टेशन व्हाइटिंग फील्ड से उड़ान भरी थी।

# राज्य भूमिगत जल की बर्बादी रोकें : केंद्रीय भूजल बोर्ड

**बोर्ड ने कहा कि ऐसा होने पर पर्यावरण (संरक्षण अधिनियम) 1986 के तहत कार्रवाई की जाएगी।**



एजेंसी। नई दिल्ली

**केन्द्रीय भूजल बोर्ड** (सीजीडब्ल्यूडी) ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में जलापूर्ति कर रहीं एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि भूजल की बर्बादी या दुरुपयोग न हो। साथ ही उसने ऐसा होने पर कड़ी कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है।

बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देश पर राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को आठ अक्टूबर को आदेश जारी किया गया था। बोर्ड के एक और अधिकारी ने कहा कि ऐसा होने पर पर्यावरण (संरक्षण अधिनियम) 1986 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

बोर्ड के आदेश में कहा गया है कि राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में जलापूर्ति कर रहे संबंधित नगर निकायों जैसे जल विभाग, नगर निगम, नगर परिषद, विकास प्राधिकरण, पंचायत या अन्य एजेंसियां यह सुनिश्चित करें कि भूमिगत जल के नलों से पानी की बर्बादी या इसका दुरुपयोग न हो। ऐसा होता पाए जाने पर दंडात्मक कार्वाई की जाए।

आदेश में कहा गया है, देश के किसी भी व्यक्ति को इन भूमिगत जल संसाधनों को न तो बर्बाद करना चाहिए और न ही इनका दुरुपयोग करना चाहिए। बोर्ड ने अपने आदेश में एनजीटी के अक्टूबर 2019 के निर्देश का भी जिक्र किया, जिसमें कहा गया है कि जल की बर्बादी को रोकने के लिए एक समयबद्ध कार्य योजना और निगरानी व्यवस्था होनी चाहिए।

# रिम्स के केली बंगले में जेल नियमावली का उल्लंघन : भाजपा

## लालू और हेमंत सरकार को बताया पूरी तरह जिम्मेदार

**रांची।** झारखंड प्रदेश भाजपा ने राजद प्रमुख लालू यादव द्वारा न्यायिक हिरासत में रिम्स के केली बंगले में रहने के दौरान लगातार जेल नियमावली के उल्लंघन का आरोप लगाया और कहा है कि इसके लिए लालू के साथ राज्य की हेमंत सोरेन सरकार भी पूरी तरह जिम्मेदार है।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आरोप लगाया कि केली बंगले में लंबे समय से जेल मैनुअल का उल्लंघन हो रहा है जो बिल्कुल भी नहीं रुक रहा। उन्होंने कहा कि आज बिहार राजद के नेता सईद अली ने लालू प्रसाद से मुलाकात की और मुलाकात की तस्वीरों को फेसबुक पर साझा करते हुए लिखा की लालू प्रसाद को बिहार चुनाव की स्थिति पर अवगत कराया।

प्रतुल ने कहा, जेल मैन्युअल के अनुसार आप किसी सजायाफ्ता मुजरिम के साथ तस्वीर नहीं खिंचा सकते। यहां बड़ा प्रश्न यह है कि अगर यह तस्वीर मोबाइल से ली गई है तो मोबाइल को केली बंगले के अंदर ले जाने की इजाजत किसने दी? दूसरा जेल मैनुअल स्पष्ट करता है की सजायाफ्ता मुजरिम के साथ कोई राजनीतिक बातचीत नहीं होगी और असिस्टेंट जेलर स्तर का अधिकारी मुलाकात के दौरान मौजूद रहेगा लेकिन इसका कत्तई पालन नहीं हो रहा है।

राजद नेता तेजस्वी यादव ने पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया

# हर पंचायत में निःशुल्क कम्प्यूटर केंद्र भी स्थापित करेंगे : तेजस्वी

**राजद के घोषणा पत्र में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना और 10 लाख सरकारी नौकरी देने का भी वादा**



एजेंसी। पटना

**राजद** नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। जिसमें 10 लाख सरकारी नौकरी देने का वादा दोहराते हुए एक ऐसे बेहतर बिहार के निर्माण का आह्वान किया गया है। जहां लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए राज्य से पलायन करने की जरूरत नहीं पड़े।

राजद के घोषणा पत्र, प्रण हमारा, संकल्प बदलाव का में पार्टी ने 10 लाख सरकारी नौकरी देने का वादा दोहराया है और कृषि ऋण माफ करने की बात कही है। घोषणापत्र में कृषि, उद्योग और शिक्षा को प्रमुखता दी गई है। यादव ने महागठबंधन को जनादेश देने की अपील करते हुए कहा, आइए हम मिलकर अपनी पीढ़ी और अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए एक ऐसे बेहतर बिहार का निर्माण करें जहां शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए पलायन करने की जरूरत न पड़े।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हम 10 लाख सरकारी नौकरी देंगे। राजद नेता ने कहा कि सभी को पक्की नौकरी मिलेगी और एक जैसे काम के लिए सभी को एक जैसा वेतन मिलेगा। भाजपा के 19 लाख नौकरियां देने के वादे पर तंज करते हुए राजद नेता ने कहा, भाजपा बताए कि उनके मुख्यमंत्री पद का चेहरा कौन है? उनके मुख्यमंत्री पद का चेहरा नीतीश कुमार है। नीतीश जी ने तो पहले ही 10 लाख नौकरियों पर हाथ खड़े कर दिए, अब भाजपा कैसे 19 लाख नौकरियां देगी? यादव ने आरोप लगाया कि नौकरी देने के नाम पर भाजपा लोगों को बेवकूफ बना रही है। महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार ने कहा कि उन्होंने तार्किक आधार पर 10 लाख नौकरियों का वादा किया है क्योंकि 4.5 लाख पद तो रिक्त पड़े हैं। नौकरियों के लिए पैसे के बारे में नीतीश कुमार के बयान पर यादव ने कहा कि बिहार का बजट 2.5 लाख करोड़ रूपये है और उसमें से नीतीश कुमार की सरकार सिर्फ 60 बजट का हिस्सा ही खर्च कर पाती है। उन्होंने कहा कि 40 प्रतिशत राशि बिना खर्च रह जाती है जो 80 हजार करोड़ रूपये है। उन्होंने कहा, क्या बाकी बचे धन को भी जनकल्याण व अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए कोई योग्य व तत्पर सरकार सदुपयोग नहीं कर पाएगी? राजद के संकल्प में कहा गया है, राजद का संकल्प-समग्र विकास एकमात्र विकल्प। आओ मिलकर कदम बढ़ाएं, तेजस्वी संग नया बिहार बनाएं। राजद के घोषणापत्र में कहा गया है कि हमारा उद्देश्य किसानों की आमदनी बढ़ाना और कर्ज मुक्त करना है।

घोषणापत्र में किसानों की फसलों की खरीद, बोनस के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य पर करने के साथ साथ सरकार बनने पर कृषि ऋण माफ करने की बात भी कही गई है। राजद ने वादा किया है कि सभी सरकारी स्कूलों में अभियान चलाकर युद्ध स्तर पर अध्यापकों की भर्ती की जाएगी और सभी रिक्त पदों को प्राथमकिता के आधार पर भरा जाएगा। इसमें कहा गया है कि राज्य के बजट में शिक्षा बजट का हिस्सा 22 प्रतिशत होगा। इसमें कहा गया है कि हर पंचायत में ग्रामीणों के लिए निःशुल्क कम्प्यूटर केंद्र बनाया जाएगा। घोषणा पत्र में कहा गया है कि राज्य में विश्वस्तरीय खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी।

# कृषि कानून : अपने ही खेत में करेगा मजदूरी किसान : भूपेश




एजेंसी। पटना

**छत्तीसगढ़** के मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने हाल में बनाए गए कृषि संबधी तीन कानून का विरोध करते हुए शनिवार को कहा कि यह किसान, उपभोक्ता विरोधी है और पूंजीपतियों के लिए हैं और अनुबंध कृषि के माध्यम से सरकार किसानों की सारी जमीन हड़प लेना चाहती है। जिससे किसान अपने ही खेत में मजदूर बनकर रह जाएगा।

बिहार में कांग्रेस का चुनाव प्रचार करने आए बघेल ने आरोप लगाया कि 70 के दशक में इंदिरा जी ने जो जमीन गरीबों को दी, उनपर भाजपा की नजर है। कृषि कानून आम उपभोक्ताओं के खिलाफ है, किसान विरोधी है। ये किसान विरोधी ही नहीं आम उपभोक्ता विरोधी भी है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार कहती है कि एफसीआई की भूमिका सीमित कर देनी चाहिए, न्यूनतम समर्थन मूल्य बंद कर देनी चाहिए, सार्वजनिक विमरण प्रणाली (जिससे गरीब को राशन मिलता है) को बंद कर देना चाहिए।

बघेल ने कहा, ये सारी व्यवस्थाएं केवल पूंजीपतियों को लाभ देने के लिए की जा रही हैं। उन्होंने दावा किया कि जो कानून इन्होंने बनाए, दरअसल यह सब शांता कुमार की रिपोर्ट के आधार पर किया गया है, जिसमें कहा गया कि जो राज्य अनाज पर बोनस दे उसके यहां से एफसीआई अनाज नहीं खरीदेगी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें कहा गया है कि मंडी समाप्त होंगे, पैन कार्डधारी अनाज खरीद सकेंगे, मंडी लाइसेंस की जरूरत नहीं और 1955 में नेहरू जी के बनाए कानून आवश्यक वस्तु अधिनियम को समाप्त किया है। उन्होंने आरोप लगाया, यह सरकार अनुबंध कृषि (कांट्रैक्ट फार्मिंग) के माध्यम से किसानों की सारी जमीन हड़प लेना चाहती है, जिससे किसान अपने ही खेत में मजदूर बनकर रह जाएगा।

# दुर्गा अष्टमी पर तृणमूल सांसद ने ढाक की धुन पर नृत्य किया



एजेंसी। कोलकाता

**अभिनेत्री** से नेता बनीं तृणमूल कांग्रेस सांसद नुसरत जहां कोविड-19 महामारी के सख्त नियमों के बीच शनिवार को दुर्गा पूजा महाष्टमी के अवसर पर भक्ति के रंग में रंगी हुई दिखाई दीं।

महाष्टमी के अवसर पर न्यू अलीपुर स्थित सुरुचि संघ पंडाल में सफेद और लाल पाट की साड़ी तथा मास्क में पहुंची नुसरत ने देवी दुर्गा को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनके पति भी साथ थे। इसके बाद टॉलीवुड (बांग्ला भाषा फिल्म उद्योग) अभिनेत्री ढाक की धुन पर पंडाल में अन्य डांसरों के साथ थिरकती नजर आईं।

नृत्य का उनका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब देखा जा रहा है। पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री अरूप बिस्वास भी नुसरत के साथ थे और दोनों ने सामाजिक दूरी का पालन करते हुए मां दुर्गा की आरती की। कलकत्ता उच्च न्यायाल ने महामारी को देखते हुए पश्चिम बंगाल के सभी पूजा पंडालों को निषेध क्षेत्र घोषित कर दिया है।

# राहुल ने जीडीपी में गिरावट और नौकरी मुद्दे पर प्रधानमंत्री को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जीडीपी में गिरावट और लोगों की कथित तौर पर नौकरियां जाने के मुद्दे को लेकर शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा।

दावा किया कि प्रधानमंत्री देश को सच्चाई से दूर भागना सिखा रहे हैं, जिसका नतीजा है कि लाखों लोगों की आजीविका चली गई। उन्होंने एक खबर शेयर करते हुए ट्वीट किया, हमारे प्रधानमंत्री भारत को यह सिखा रहे हैं कि सच्चाई से कैसे दूर भागा जा सकता है। इसका नतीजा है कि लाखों लोगों की गरिमा और आजीविका चली गई। कांग्रेस नेता ने जो खबर साझा की है, उसके मुताबिक भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने संकेत दिया है कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के नुकसान की भरपाई होने में वर्षों का समय लग सकता है।

# पंजाब में छह वर्षीय बच्ची के बलात्कार मामले में भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**राहुल और प्रियंका से सवाल किया कि वे पीड़िता के परिवार से मिलने अभी तक क्यों नहीं गए**

एजेंसी। नई दिल्ली

**भाजपा** ने पंजाब में बिहार के एक प्रवासी परिवार की छह वर्षीय बच्ची के कथित बलात्कार एवं हत्या के मामले में शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधा। विपक्षी दल के नेताओं राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी वाद्रा से सवाल किया कि वे पीड़िता के परिवार से मिलने अभी तक क्यों नहीं गए।

केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता प्रकाश जावड़ेकर ने राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा पर उत्तर प्रदेश के हाथरस में राजनीतिक दौरे पर जाने का आरोप लगाया। हाथरस में एक दलित युवती का कथित रूप से सामूहिक बलात्कार किया गया था और बाद में उसकी मौत हो गई थी। जावड़ेकर ने सवाल किया कि दोनों नेताओं ने कांग्रेस शासित पंजाब और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराधों को लेकर भी वही प्रतिक्रिया क्यों नहीं दी, जो उन्होंने हाथरस मामले में दी थी। उन्होंने कांग्रेस नेताओं के हाथरस जाने का जिक्र करते हुए यहां संवाददाताओं से कहा कि वे वहां तस्वीर खिंचवाने गए थे। जावड़ेकर ने कहा, बिहार के दलित प्रवासी परिवार की छह वर्षीय बेटी का पंजाब के टांडा में बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई। हमारी पार्टी के पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय साम्पला ने परिवार से मुलाकात की। कांग्रेस के किसी नेता ने उनसे मुलाकात नहीं की।

उन्होंने कहा, वे (गांधी परिवार) वहां महिलाओं के खिलाफ ज्यादती को नहीं देख पाते, जहां उनकी (कांग्रेस) सरकार है। न तो राहुल गांधी और न ही प्रियंका गांधी वहां गए और ना ही उनकी अध्यक्ष सोनिया गांधी का कोई बयान आया। जावड़ेकर ने राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि वह उन लोगों के साथ मिलकर आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार कर रहे हैं, जो उनके राज्य की बेटी के खिलाफ ज्यादती पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि टांडा में बलात्कार एवं हत्या मामले में दोषियों को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है

# जंगलराज वालों का विकास और नौकरी की बात करना मजाक : नीतीश

**बिहार के मुख्यमंत्री ने राजद महागठबंधन के घोषणापत्र के वादों पर कटाक्ष करते हुए कहा**



एजेंसी। अलौली, तेघड़ा (बिहार)

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजद सहित विपक्षी महागठबंधन के घोषणापत्र के वादों पर परोक्ष निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि 15 साल के शासन में बिहार में शिक्षा, इलाज, आवागमन का इंतजाम करने की बजाए जंगलराज कायम करने वालों का नौकरी और विकास की बात करना मजाक है।

खगड़िया के अलौली और बेगुसराय के तेघड़ा में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने सवाल किया, हमारी सरकार से पहले जो सत्ता में थे, उन्होंने क्या कोई काम किया। समाज में टकराव और विवाद पैदा करके वोट लेते रहे और काम करने का मौका मिलने पर सिर्फ अपने और अपने परिवार के लिए सोचा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजद के शासनकाल में न पढ़ाई की व्यवस्था थी, न इलाज का इंतजाम था और न लोगों के आने-जाने की सुविधा थी। शाम के बाद लोगों की घर से निकलने की हिम्मत नहीं होती थी। उन्होंने कहा कि पहले कितनी अपराध की घटनाएं होती थीं, कितनी नरसंहार, हत्या की घटनाएं होती थीं जिसके कारण डाक्टरों एवं व्यापारियों को भागना पड़ा था।

उन्होंने कहा, जंगलराज था पहले। हमने अपराध की घटनाओं को नियंत्रित करने का काम किया है। हमने जंगलराज से बाहर निकालकर कानून का राज कायम किया। नीतीश कुमार ने लोगों से कहा, जो पूरी स्थिति को देखे हुए हैं, वे नई पीढ़ी को पहले की स्थिति और आज की स्थिति के बारे में बताएं, उस दौर की तस्वीर खाएं। राजद नेतृत्व पर प्रहार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, लोगों को मौका मिला तो क्या किया ? अपने पिता से पूछो, अपनी माता से पूछो कि क्या कोई स्कूल बना ? क्या कोई कॉलेज बना? उन्होंने लालू प्रसाद का नाम लिए बिना कहा कि जब राज करने का मौका मिला तब राज करके ग्रहण करते रहे और जेल चले गए तब पत्नी को गद्दी पर बैठा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब कोई गड़बड़ करने वाला नहीं बचेगा और उसे अंदर (जेल) जाना होगा।

तेघड़ा में मुख्यमंत्री की रैली के दौरान कुछ लोगों ने शोर शराबा किया। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिनके लिए ऐसा कर रहे हो, उसके बारे में सभी को पता है। विपक्षी राजद को आड़े हाथों लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, हम चाहते हैं कि सभी को पढ़ाया जाए लेकिन कुछ लोग बिना पढ़े ही काम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आने पर स्कूलों की स्थापना की गई, महिलाओं को पंचायतों एवं सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि हमने न्याय के साथ विकास सुनिश्चित किया और अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े, अतिपिछड़े, महादलितों सभी को आगे बढ़ाने का काम किया जिन्हें पहले कोई पूछता नहीं था।

उन्होंने कहा कि हमें आगे काम करने का मौका मिला तो हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचा देंगे। नई टेक्नोलॉजी को गांव-गांव तक पहुंचाएंगे, सभी युवक-युवतियों को इसका प्रशिक्षण दिलवाएंगे। अपनी सरकार के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि उनके (राजद की पूर्ववर्ती सरकार) अंतिम वर्ष का उनका बजट 24 हजार करोड़ रुपये से भी कम था लेकिन जब हमें मौका मिला तो यही बजट आज 2 लाख 11 हजार करोड़ से ज्यादा का हो गया है।

# कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने को कदम उठा रही सरकार : मोदी

**प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस से तीन परियोजनाओं का उद्घाटन कर कहा**

एजेंसी। अहमदाबाद

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार देश में कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए कदम उठा रही है ताकि किसानों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। मोदी ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब किसान समूह और विपक्षी दल नए कृषि कानूनों का विरोध कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए गुजरात में कृषि, स्वास्थ्य देखभाल और पर्यटन विकास से संबंधित तीन परियोजनाओं के उद्घाटन के दौरान ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा, किसानों की आय दोगुनी करने और उत्पादन लागत तथा उनकी कठिनाइयों को कम करने के लिए हमें बदलते समय के साथ अपने प्रयासों को भी बढ़ाना होगा। मोदी ने कहा, चाहे किसानों को देश में कहीं भी फसल बेचने की आजादी देना हो, हजारों किसान उत्पादन संगठनों का गठन हो, रुकी हुई सिंचाई परियोजनाओं का पूरा करना हो, फसल बीमा योजना में सुधार हो, यूरिया की 100 प्रतिशत नीम कोटिंग हो या फिर मृदा स्वास्थ्य कार्ड हो...सभी का लक्ष्य कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाना है ताकि किसानों के खेती में कोई दिक्कत न आए। इस प्रकार की पहल लगातार की जा रही हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री ने गुजरात के किसानों को सिंचाई और कृषि से संबंधित कार्यों के लिए दिन के समय बिजली मुहैया कराने के लक्ष्य के साथ किसान सूर्योदय योजना की शुरुआत की।

इसके अलावा उन्होंने अहमदाबाद के यू एन मेहता हृदयरोग विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान में राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 470 करोड़ रुपये की लागत से तैयार बाल हृदय रोग अस्पताल का भी उद्घाटन किया। मोदी ने अहमदाबाद में प्रमुख तीर्थस्थल जूनागढ़ शहर के निकट गिरनार पर्वत में 2.3 क्लिोमीटर लंबी रोप-वे परियोजना का भी उद्घाटन किया। इसे एशिया का सबसे लंबा मंदिर रोपवे बताया जा रहा है। इस दौरान मोदी ने अपने संबोधन में रोप-वे परियोजना के पूरे होने में देरी को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा।

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना के खिलाफ संघर्ष बना दुर्गा पूजा का विषय

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कोलकाता शहर की प्रसिद्ध दुर्गा पूजा समितियों में से एक मोहम्मद अली पार्क दुर्गा पूजा समिति की दुर्गा पूजा इस बार कोरोना वायरस के खिलाफ संघर्ष के विषय पर आयोजित की गई है। समिति के संयुक्त सचिव अशोक ओझा ने पीटीआई-भाषा को बताया, हमने राक्षस महिषासुर को कोविड-19 की तरह कांटेदार आकार दिया है। वह कोरोनासुर है जिसे हमारी देवी दुर्गा परास्त करेगी। देवी की प्रतिमा के चरणों के पास दृश्यों को जीवंत बनाने के लिए कोविड योद्धाओं जैसे डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों और पुलिसकर्मियों की संरचनाएं बनाई गई हैं। ओझा ने कहा, इस महामारी में डॉक्टर, पुलिसकर्मी, नर्स और अन्य स्वास्थ्यकर्मी जैसे कोरोना योद्धा अपनी जान खतरे में डालकर हमारे जीवन को सुरक्षित रखने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा, मोहम्मद अली पार्क की दुर्गा पूजा में प्रतिमाएं हमेशा से समसामयिक मुद्दों से प्रेरित रही है। इस वर्ष यह स्थिति और अधिक गंभीर है क्योंकि इसने हम सभी को प्रभावित किया है इसलिए हमने इस वर्ष पूजा का विषय कोरोना वायरस के खिलाफ संघर्ष को बनाया है।

### महबूबा के देशद्रोही बयान पर गिरफ्तारी की मांग की

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर भाजपा ने शुक्रवार को पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती के देशद्रोही बयान के लिए उनकी गिरफ्तारी की मांग की। मुफ्ती ने कहा था कि वह तिरंगा झंडा तभी थामेंगी जब जम्मू कश्मीर को पूर्ववर्ती राज्य का झंडा वापस मिल जाएगा। भाजपा ने कहा कि धरती की कोई ताकत वह झंडा फिर से नहीं फहरा सकती और अनुच्छेद 370 को वापस नहीं ला सकती। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रवींद्र रैना ने संवाददाताओं से कहा, मैं उप राज्यपाल मनोज सिन्हा से अनुरोध करता हूं कि वह महबूबा मुफ्ती के देशद्रोही बयान का संज्ञान लें और उन्हें सलाखों के पीछे डालें।

### दो से अदालत कक्ष में प्रत्यक्ष सुनवाई का विकल्प दिया

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने आगामी दो नवंबर से याचिकाकर्ताओं को अदालत कक्ष में प्रत्यक्ष सुनवाई का विकल्प देने की घाषणा की है लेकिन इसके लिए दोनों पक्षों की लिखित सहमति आवश्यक होगी। झारखंड उच्च न्यायालय के महापंजीयक (रजिस्ट्रार जनरल) अंबुजनाथ ने आज जारी नोटिस में यह जानकारी सभी याचिकाकर्ताओं और वकीलों को दी है। नोटिस में कहा गया है कि दो नवंबर से उच्च न्यायालय डिजिटल सुनवाई के साथ अब प्रत्यक्ष सुनवाई भी प्रारंभ करेगा इसलिए नए याचिकाकर्ताओं को यह स्पष्ट रूप से बताना होगा कि वह किसी तरह से अपनी याचिका पर सुनवाई चाहते हैं और यदि कोई प्रत्यक्ष रूप से सुनवाई चाहता है तो उसे संबद्ध दूसरे पक्ष से भी प्रत्यक्ष सुनवाई के लिए सहमति का पत्र न्यायालय में दाखिल करना होगा।

### प्रधानमंत्री ने तीन परियोजनाओं का उद्घाटन किया

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली से वीडियो लिंक के जरिए गुजरात में किसान कल्याण, स्वास्थ्य देखभाल और पर्यटन से संबंधित तीन परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मोदी ने राज्य के किसानों को सिंचाई और कृषि से संबंधित कार्यों के लिए दिन के समय बिजली मुहैया कराने के लक्ष्य के साथ किसान सूर्योदय योजना की शुरुआत की। इसके अलावा उन्होंने अहमदाबाद के यूएन मेहता ह्दयरोग विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान में राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 470 करोड़ रुपये की लागत से तैयार बाल ह्दय रोग अस्पताल का भी उद्घाटन किया। मोदी ने अहमदाबाद में प्रमुख तीर्थस्थल जूनागढ़ शहर के निकट गिरनार पर्वत में 2.3 किलोमीटर लंबी रोप-वे परियोजना का भी उद्घाटन किया। इसे एशिया का सबसे लंबा मंदिर रोपवे बताया जा रहा है। इस दौरान मोदी ने अपने संबोधन में रोप-वे परियोजना के पूरे होने में देरी को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा, अगर उन्होंने गिरनार रोपवे की राह में रोड़े न अटकाए होते तो इसका काम वर्षों तक न रुका रहता। लोगों और पर्यटकों को काफी समय पहले ही इसका लाभ मिलना शुरू हो जाता।

### मॉल में लगी आग बुझाने में 36 घंटे से जुटे दमकलकर्मी

**मुंबई।** दमकलकर्मियों को मुंबई सेंट्रल इलाके के सिटी सेंटर मॉल में लगी आग पर काबू पाने की कोशिश करते हुए 36 घंटे से भी अधिक का समय हो गया है, लेकिन अब तक इसे नियंत्रित नहीं किया जा सका है। दमकल विभाग के अधिकारियों ने शनिवार सुबह बताया कि 18 दमकल इंजन और 10 बड़े टैंकर आग बुझाने के अभियान में जुटे हैं। भूमिगत तल और तीन मंजिल वाले मॉल की दूसरी मंजिल पर बृहस्पतिवार रात आठ बजकर करीब 50 मिनट पर आग लगी थी। दमकल विभाग के अधिकारी ने कहा, इस दौरान किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं मिली है। आग बुझाने की कोशिश के दौरान पांच दमकल कर्मी झुलस गए, लेकिन उन सभी की हालत स्थिर है और उन्हें अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई है। इस आग को शुरुआत में स्तर-एक यानी मामूली श्रेणी में रखा गया था, लेकिन इसे रात 10 बजकर 45 मिनट पर स्तर-तीन तक बढ़ा दिया गया तथा बाद में यह और भयानक होकर देर रात दो बजकर 30 मिनट पर स्तर-चार तक पहुंच गई। मॉल के पास स्थित एक अन्य बहुमंजिला इमारत से 3,500 से अधिक लोगों को एहतियात के तौर पर बाहर निकाला गया है।

### विकास दुबे के 30 सहयोगियों पर गैंगस्टर में मुकदमा

**कानपुर (उप्र)।** कानपुर के बिकरू गांव में एक पुलिस उपाधीक्षक समेत आठ पुलिसकर्मियों की हत्या के आरोपी और मुठभेड़ में मारे गए गैंगस्टर विकास दुबे के 30 सहयोगियों के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्वाई की है। बिकरू गांव में करीब तीन माह पहले अपराधियों ने पुलिस दल पर हमला किया था। कानपुर के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) डाक्टर प्रीतिंदर सिंह ने शनिवार को बताया कि बिकरू कांड में जेल में बंद 30 आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्वाई की गई है। डीआईजी ने कहा कि जेल में बंद इन आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की धाराओं में एक अलग मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच बिल्हौर थाना प्रभारी पीएन बाजपेई को दी गई है और उनसे निष्पक्ष जांच की अपेक्षा की गई है। पुलिस ने इस माह की शुरुआत में संबंधित अदालत में बिकरू हत्याकांड में एक आरोप पत्र प्रस्तुत किया है। गौरतलब है कि दो-तीन जुलाई की रात को बिकरू गांव में जब विकास दुबे को पकड़ने के लिए पुलिस उपाधीक्षक देवेंद्र मिश्रा की अगुवाई में पुलिस दल पहुंचा तो कुछ ही देर बाद छतों से गोलियां बरसाई गईं जिसमें पुलिस उपाधीक्षक समेत आठ पुलिसकर्मी मारे गए। इस मामले में बाद में पुलिस ने सरगना विकास दुबे समेत कई अपराधियों को मुठभेड़ में मार गिराया।

### कोविड-19: इच्छामति नदी में होगा मूर्ति विसर्जन

**बसीरहाट (पश्चिम बंगाल)।** भारत और बांग्लादेश को अलग करने वाली इच्छामति नदी में देवी दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन को देखने सालाना हजारों पर्यटक आते थे। लेकिन इस साल कोविड-19 के मद्देनजर विजयादशमी के मौके पर विसर्जन कार्यक्रम सादा होगा। दोनों देशों के सीमा रक्षकों के बीच हुई एक बैठक में शुक्रवार को यह निर्णय लिया गया। नदी के मध्य में मूर्ति विसर्जन के कार्यक्रम में दोनों देशों की पूजा समितियां हिस्सा लेती हैं और यह हजारों पर्यटकों के लिए अद्भुत नजारा होता है। इस नजारे को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक दूर-दूर से आते हैं। जिला के एक अधिकारी ने बताया कि व्यवस्था के अनुसार पूजा समितियों के कुछ सदस्यों को छोटी या बड़ी नावों के जरिए मूर्ति विसर्जन की अनुमति होगी। इस मौके पर पर्यटकों के आने की मंजूरी नहीं है। अधिकारी ने बताया कि बांग्लादेश की तरफ से चार मूर्तियां यहां विसर्जित होंगी जबकि भारत की तरफ से बसीरहाट और टाकी की पूजा समितियों की 40 मूर्तियां विसर्जित होंगी।

### विधायक ने सुकन्या योजना में 20 बालिकाएं गोद लीं

**नोएडा।** भाजपा नेता एवं जेवर से विधायक धीरेंद्र सिंह ने शुक्रवार को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों की आर्थिक मदद करने के लिए सरकार की सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 20 लड़कियों को गोद लिया। सुकन्या समृद्धि योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का हिस्सा है। सिंह ने 20 लड़कियों को गोद लेने के साथ ही उनके बैंक खाते खुलवाए और सरकारी योजना के तहत उन्हें प्रतिवर्ष आर्थिक सहायता का वादा भी किया।

# राजनीति की लबादा ओढ़ धनकुबेर बनते नेता



सुभाष शर्मा
( लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं )

**हरियाणा के आंकड़ों पर ही गौर किया जाए तो राजनीति के अखाड़े में उतरने वाले नेताओं की नेटवर्थ हर पांच सालों में कई गुणा बढ़ जाती है, जबकि जाहिर तौर पर ज्यादातर के कोई कामधंधे दिखाई नहीं देते।**

मंथन



हरियाणा प्रदेश के ज्यादातर राजनेता चाहे वो विपक्ष के हो या पक्ष के राजनीति जनसेवा के लिए नहीं बल्कि अपने कामधंधे बढ़ाने के लिए करते हैं। बड़े शहरों के नेता जहां प्रापर्टी के कारोबार में निवेश करना, हिस्सेदारी रखना, आपसी विवादों या पारिवारिक विवादों में फंसे जमीनी सौदों को सैटल करवा कर अपने करीबियों के मिलकर लाभ कमाते है। वहीं बहुत से ऐसे भी है जो सत्तापक्ष से जुड़े होने के कारण लाइसनिंग का काम भी करते है। हालांकि यह कार्य वो सीधे तौर पर हाथ में नहीं लेते उनके करीबी व वफादार लोग इस प्रकार के कार्यों को सरकार या प्रशासन से करवाने का ठेका लेते है और बदले में अपना हिस्सा वसूलते है।

प्रदेश के लगभग हर जिले में इन नेताओं से काम करवाने का ठेका उठाने वाले लोग मिल जाएंगे, इनकी जानकारी हर स्थानीय व्यापारी या अपराधी को भी होता है। हरियाणा के आंकड़ों पर ही गौर किया जाए तो राजनीति के अखाड़े में उतरने वाले नेताओं की नेटवर्थ हर पांच सालों में कई गुणा बढ़ जाती है, जबकि जाहिर तौर पर ज्यादातर के कोई कामधंधे दिखाई नहीं देते। दरअसल, सत्तापक्ष से जुड़े नेताओं को तमाम सरकारी अधिकारी सपोर्ट करते है वो उनकी निजी कार्यों या उनके द्वारा बताये गए कार्यों को करवाने में हमेशा तत्पर रहते है और खुद ही इसका रास्ता निकालते है, जबकि आम लोगों की फाइल सरकारी दफ्तरों में धूल चाटती नजर आती है। ऐसा नहीं है कि केवल हरियाणा का राजनेता इस प्रकार से कार्य करता है, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान व पंजाब जैसे उत्तर भारत के प्रदेशों में तो ज्यादातर नेताओं की जुगलबंदी वहां के बड़े अपराधियों के साथ भी रहती है। यही कारण है कि बिहार, उत्तरप्रदेश जैसे राज्यों में अपराधी भी अपने अवैध धंधों को रफ्तार देने के लिए राजनीति में न केवल उतरे है बल्कि चुनाव भी लड़ते है।

हालांकि चुनाव आयोग ने अब अपराधियों के चुनाव लड़ने पर भी बंदिशे लगाई है, लेकिन इस सबके बावजूद सैकड़ों अपराधिक प्रवृत्ति के लोग कानूनी खामियों का सहारा लेकर चुनाव लड़ते है और इस बार के बिहार के विधानसभा चुनावों में अनेक बाहुबली चुनाव मैदान में उतरे हुए है। हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली और हिमाचल जैसे राज्यों में अभी तक बाहुबलियों को टिकट देने की परम्परा शुरू नहीं हुई है, लेकिन अन्य माध्यमों से धन कमाने वालों को खूब तवज्जो दी जाती है। हर पार्टी करोड़पतियों को ही टिकट देती है। कुल मिलाकर राजनीति अब पहले की तरह सेवा नहीं रह गई है, बल्कि यह उद्योग बन गई है, जीतने के लिए उम्मीदवार करोड़ों रुपये खर्च करते है, बड़े पैमाने पर चंदा वसूलते है और फिर जीत जाने पर राजनीति को व्यापार बना लेते है।

## बरोदा उपचुनाव मुख्यमंत्री की प्रतिष्ठा दांव पर

आगामी 3 नवंबर को होने जा रहे बरोदा उपचुनाव को जीतकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर वर्ष 2019 के चुनावों में बहुमत से पिछड़ने का दाग धोने के लिए बरोदा के मैदान में पूरे लाव-लश्कर के साथ उतर चुके है। उनके साथ विधायकों, मंत्रियों, सांसदों का लम्बा चौड़ा काफिला है और साथ ही जजपा का समर्थन भी है, लेकिन इस सबके बावजूद स्थितियां पूरी तरह से पक्ष में दिखाई नहीं दे रही। हालांकि अभी चुनावों में एक सप्ताह से अधिक का समय बाकी है। आखिरी दौर में भाजपा कांग्रेस से आगे निकलने के लिए पूरा जोर लगा रही है।

गौरतलब है कि बरोदा विधानसभा जाट बाहुल्य क्षेत्र है इसीलिए भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष पद पर इस बार गैरजाट नेता केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर का नाम आखिरी वक्त पर वापिस लिया था ताकि जाट अध्यक्ष का उन्हें इस उपचुनाव में लाभ मिल सके इसलिए यहां की हार-जीत से प्रदेशाध्यक्ष धनखड़ की प्रतिष्ठा भी जुड़ी है। इतना ही नहीं जननायक जनता पार्टी के साथ गठबंधन की परीक्षा का भी समय है, क्योंकि इन चुनावों के नतीजों से इस बात का भी पता चलेगा कि जाट नेता दुष्यंत चौटाला कितने प्रतिशत जाट मतदाताओं को भाजपा के ब्राह्मण उम्मीदवार योगेश्वर दत्त के पक्ष में ला पाने में सफल हो पाते है। भाजपा हाईकमान की भी हरियाणा के इस उपचुनाव पर पूरी नजर है क्योंकि अगर मुख्यमंत्री मनोहरलाल इस बार यहां से जीत दर्ज करने में असफल रहते है तो फिर उनके राजनैतिक भविष्य पर भी प्रश्नचिन्ह लग सकता है। दरअसल 5 साल सत्ता में रहने के बावजूद वर्ष 2019 के चुनावों में भाजपा मनोहरलाल के नेतृत्व में केवल बहुमत से पिछड़कर मात्र 40 सीटों पर सिमट गई थी, यहां तक कि मनोहर कैबेनेट के ज्यादातर मंत्री व प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला भी चुनाव हार गए थे। लेकिन इस सबके बावजूद हाईकमान ने प्रदेश में सरकार बचाने के लिए जजपा से गठबंधन किया और सत्ता में उन्हें साझा किया। उन्हें उपमुख्यमंत्री के साथ-साथ एक राज्यमंत्री पद भी दिया और हाल ही में उन्हें 5 पद चेयरमैन के भी दिए गए। यह सब इसलिए किया गया कि हरियाणा में भाजपा की सरकार बची रहे और बरोदा उपचुनाव भी हर हालत में जीता जाए।

मुख्यमंत्री खुद इस हल्के के गांवों का दौरा कर रहे है और ग्राम सरपंचों के साथ बैठकें कर लोगों की नाराजगी दूर करने का प्रयास करने में जुटे है। जजपा सुप्रीमो दुष्यंत चौटाला भी इस हलके में अपना प्रभाव दिखाने में जुटे है, ताकि भाजपा के खाते में यह जाट बाहुल्य सीट जितवाकर भाजपा हाईकमान को अपनी मजबूती का पैगाम दे सके। उधर, कांग्रेस भी इस अपनी परम्परागत सीट को किसी सूरत में खोना नहीं चाहती। हालांकि इस सीट पर पूरा प्रभाव हुड्डा परिवार का है इसलिए भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके पुत्र दीपेंद्र हुड्डा यहां जी जान से जुटे हुए है। हालांकि एक बात यह भी निकल कर सामने आ रही है कि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा अपनी राज्यसभा सीट के चले जाने से अंदरखाने बहुत परेशान है क्योंकि उनके दावे को दरकिनार कर कांग्रेस हाईकमान ने इस बार उनकी जगह दीपेंद्र हुड्डा को राज्यसभा भेजा था।

## क्षेत्र में समस्याओं के अंबार विधायक जी रामकथा में व्यस्त

**एनसीआर** के सबसे प्रदूषित शहर फरीदाबाद में जन समस्याओं का अंबार लगा है, लेकिन कांग्रेस के एक विधायक कभी मजदूर नेता बन जाते है तो कभी कथावाचक। जबकि उनकी खुद की विधानसभा में आम लोग मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे है। कानून व्यवस्था की स्थिति खराब है क्योंकि सबसे सस्ती व अवैध शराब इसी इलाके में उपलब्ध है। हर गली-मोहल्ले में थोड़ी-थोड़ी दूरी पर अवैध शराब कारोबारी सक्रिय है, जहां न केवल शराब बेची जाती है, बल्कि परोसी भी जाती है। इस क्षेत्र में अनेक नागरिकों ने बातचीत के दौरान बताया कि वैसे तो पूरे शहर में पानी, सीवर, बिजली, सड़क, सफाई की स्थिति खराब है, लेकिन एनआईटी में सीवर जाम और पानी की किल्लत ज्यादा है।

नगर निगम के सफाईकर्मी यहां झाडू लगाते कभी कभार ही नजर आते है। कूड़े के ढेरों पर आवरा पशु और अन्य जानवर दर्जनों की संख्या में दिखाई देते है और ऐसे ढेर हर गली-चौराहे पर नजर आते है। स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में भी यहां सरकारी स्तर पर कोई इंतजाम नहीं है। लोगों को निजी डॉक्टरों या फिर नीम-हकीमों के यहां इलाज करवाना पड़ता है।



स्ट्रीट लाइटों की स्थिति, सड़कों की हालत यहां किसी से छुपी नहीं। अपराधों की दर भी यहां इसलिए ज्यादा है क्योंकि नशों के कारोबारी यहां खुलकर धंधा कर रहे है। उनका कहना था कि जब बड़े पंडित जी मंत्री थे और बड़े बेटे मुकेश शर्मा नगर निगम में वरिष्ठ उपमहापौर थे, तब उनके इलाके में बहुत काम हुए थे, लेकिन अब ऐसा कुछ भी नहीं है। विधायक महोदय वैसे तो हर वक्त चर्चा में रहते है कोई न कोई आयोजन करते रहते है। चिट्टी-पत्र लिखने में भी बहुत तेज है। विधानसभा में भी कोई न कोई मुद्दा उठाते रहते है, लेकिन जनसमस्याओं को निपटाने या क्षेत्र में विकास करवाने में वो अभी तक सफल होते दिखाई नहीं देते। उनके क्षेत्र के मतदाताओं का कहना है कि अगर वो हर वक्त सुर्खियों में बने रहने में कम रूचि ले और जनसमस्याओं पर ज्यादा ध्यान दे तो शायद वो अपने क्षेत्र की बेहतर सेवा कर सकते है। फिलहाल विधायक महोदय अपना एमएलए फ्लैट खाली कर, अपनी सुरक्षा वापिस कर, कार के बजाए बस से सफर कर, बड़े स्तर पर खतों किताबत कर, राम कथा कर हमेशा चर्चा में रहते है। इससे एक बात तो स्पष्ट होती है कि विधायक जी का लक्ष्य कुछ और है, लेकिन उनके उपरोक्त कार्यों से क्षेत्र की समस्याएं कम नहीं हो रही। वैसे भी वो विपक्ष यानी कांग्रेस के विधायक है, ऐसे में सरकार का ज्यादा विरोध करने से वो सुर्खियां में तो रह सकते है, लेकिन अपने क्षेत्र का विकास नहीं कर पाएंगे। अब यह उन्हें खुद को तय करना है कि वो इस क्षेत्र से दोबारा विधायक बनना चाहते है या फिर केवल चर्चा में रहकर प्रसिद्धी पाना चाहते है।

## आम आदमी जाए तो जाए कहां?

**जब** आम आदमी के जायज काम भी सरकारी दफ्तरों में नहीं होते तो उनकी शिकायत करने के लिए प्रत्येक राज्य सरकारें ऐसा सिस्टम बनाती है, जहां वो अपनी शिकायत दर्ज करवा न्याय की उम्मीद कर सकते है। हरियाणा में सीएम विंडो, ग्रीवेंस कमेटी या बड़े अधिकारियों के यहां लगने वाला मेला जहां वो अपनी लिखित शिकायत दे सकते है। इसके अलावा आरटीआई के माध्यम से सूचनाएं एकत्र कर उस पर कार्यवाही की मांग करना या उन मुद्दों को जनहित याचिकाओं के माध्यम से अदालतों तक ले जाना कुछ ऐसे तरीके है, जिनके द्वारा आम आदमी सरकारी भ्रष्टाचार, अनियमितताओं की पोल खोल सकता है या फिर अपने जायज कामों, शिकायतों पर उचित कार्यवाही करवा सकते है, लेकिन प्रदेशों में इन शिकायत मंचों की स्थिति क्या है किसी से छुपी नहीं है, जहां तक सीएम विंडो पर शिकायत करने की बात है, वहां इंसाफ की उम्मीद इसलिए कम है कि जिस विभाग या अधिकारी के खिलाफ वहां शिकायत की जाती है, उस शिकायत की जांच का जिम्मा भी ज्यादातर मामलों में उन्हीं को सौंप दिया जाता है।

**जब आम आदमी के जायज काम भी सरकारी दफ्तरों में नहीं होते तो उनकी शिकायत करने के लिए प्रत्येक राज्य सरकारें ऐसा सिस्टम बनाती है, जहां वो अपनी शिकायत दर्ज करवा न्याय की उम्मीद कर सकते है। हरियाणा में सीएम विंडो, ग्रीवेंस कमेटी या बड़े अधिकारियों के यहां लगने वाला मेला जहां वो अपनी लिखित शिकायत दे सकते है।**

हालांकि फरीदाबाद के नए पुलिस कमिश्नर ने पुलिस विभाग के खिलाफ आने वाली सीएम विंडो की शिकायतों पर अब संज्ञान लेने में कुछ तेजी दिखाई है, लेकिन अन्य विभागों की शिकायतें अब भी इधर-उधर धूल चाटती रहती है, अधिकारी ऐसी शिकायतों पर गोलमोल कार्यवाही करते है और कुछ समय बाद उन्हें चुपचाप दाखिल दफ्तर कर दिया जाता है यानी सीएम विंडो पर शिकायतों को प्राथमिकता के साथ हल करवाने का ढिंढौरा जो पीटा गया था, उसमें कोई दम नहीं। इसी प्रकार ग्रीवेंस कमेटी में अपनी शिकायत रखवाने के लिए शिकायतकर्ता की जूतियां घिस जाती है। इसके लिए उन्हें सिफारिशें ढूंढनी पड़ती है, तब जाकर भी उन्हीं मामलों को इस कमेटी के समक्ष रखा जाता है, जिसमें सरकारी अधिकारियों पर कोई बड़ी कार्यवाही होती न दिखाई देती हो। इन बैठकों में कई बार तो संबंधित विभाग का कोई बड़ा अधिकारी खुद आने के बजाए अपने जूनियर को भेज देते है, ऐसे मामले अनेकों बार फरीदाबाद में दिखाई दिए है, इससे अंदाजा लगा सकते है कि शिकायतकर्ता की शिकायतों को हल करने में अधिकारी कितने उदासीन रहते है। अब रही बात आरटीआई के माध्यम से सूचनाएं मांग कर अधिकारियों पर दबाव बनाने की तो वर्ष 2005 में आए आरटीआई एक्ट के माध्यम से कभी पूरी सूचनाएं नहीं मिलती, आधी-अधूरी सूचनाएं देकर अन्य विभागों की जिम्मेदारी बताकर इतिश्री कर ली जाती है। इनके खिलाफ अगर जाना हो तो अपील करनी पड़ती है वहां भी महीनों उचित कार्यावाही नहीं होती, थक हारकर ज्यादातर लोग बीच में ही छोड़ देते है और कुछ मामलों में जब सूचनाएं न देने पर अपीलिंग अथॉरिटी जब अधिकारियों पर जुर्माना लगाती है, तो वो खुशी-खुशी भर दिया जाता है। सूचनाएं इसके बावजूद भी पूरी नहीं दी जाती। कुल मिलाकर आरटीआई एक्ट अब बेमानी हो गया है, सीएम विंडो, ग्रीवेंस कमेटी वगैरा जैसे मंचों पर भी इंसाफ की उम्मीद बहुत कम है, जबकि चौटाला सरकार में या कांग्रेस के कार्यकाल में खुले दरबार या सरकार आपके द्वार जैसे आयोजन होते रहते थे, जहां कुछ हद तक शिकायतों पर समाधान हो जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है, ऐसे में आम आदमी जाए तो जाए कहां।

# कोरोना की दवा विकसित करने में मददगार हो सकती है काली मिर्च

**कोरोना** वायरस के खिलाफ अभी तक कोई टीका या दवा विकसित नहीं हो सकी है, जिसके लिए वैज्ञानिक लगातार प्रयास कर रहे हैं। एक नये अध्ययन में पता चला है कि कोरोना वायरस के खिलाफ दवा विकसित करने में काली मिर्च एक संभावित उम्मीदवार हो सकती है। भारतीय वैज्ञानिकों के एक अध्ययन में यह बात उभरकर आयी है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), धनबाद के डिपार्टमेंट ऑफ फिजिक्स के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए कम्प्यूटेशनल अध्ययन में काली में मिर्च पाए जाने वाले पाइपराइन नामक तत्व नये कोरोना वायरस (सार्स-सीओवी-2) को न केवल बांध सकते हैं, बल्कि रोक भी सकते हैं। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 बीमारी के लिए सार्स-सीओवी-2 को जिम्मेदार माना जाता है। शोधकर्ताओं की टीम का नेतृत्व कर रहे प्रोफेसर उमाकांत त्रिपाठी ने बताया कि 'किसी दूसरे वायरस की तरह कोरोना वायरस भी मानव कोशिकाओं में प्रवेश करने के लिए अपनी सतह पर एक विशेष प्रकार का प्रोटीन उपयोग करता है। हम ऐसे प्राकृतिक तत्वों की खोज करना चाहते थे, जो इस प्रोटीन से बंध जाए और वायरस को मानव कोशिकाओं में प्रवेश करने से रोक दे।' कोरोना की कार्यप्रणाली को बाधित करने वाले संभावित तत्वों की पहचान के लिए शोधकर्ताओं ने कम्प्यूटर आधारित अत्याधुनिक मॉलिक्यूलर डॉकिंग एवं मॉलिक्यूलर डायनेमिक्स सिमुलेशन तकनीकों का उपयोग किया है। उन्होंने रसोई में आमतौर पर उपयोग होने वाले मसालों में पाए जाने वाले 30 अणुओं का विश्लेषण किया है और उपचारात्मक एजेंट के रूप में उनकी प्रतिक्रिया का मूल्यांकन किया गया है। इनमें से, काली मिर्च में मौजूद एल्केलॉइड और उसके तीखेपन के लिए जिम्मेदार पाइपराइन तत्वों की पहचान कोरोना वायरस प्रोटीन के खिलाफ मजबूत अवरोधक के रूप में की गई है।

इंडिया साइंस वायर से बातचीत में प्रोफेसर त्रिपाठी ने बताया कि 'इस अध्ययन के परिणाम काफी उत्साहजनक रहे हैं। यह अध्ययन कम्प्यूटर आधारित है, जिसकी पुष्टि प्रयोगशाला में किया जाना जरूरी है। हालांकि, यह शुरुआती जानकारी है, जो काफी महत्वपूर्ण है।' ओडिशा की बायोटेक



**हम ऐसे प्राकृतिक तत्वों की खोज करना चाहते थे, जो इस प्रोटीन से बंध जाए और वायरस को मानव कोशिकाओं में प्रवेश करने से रोक दे।**

कंपनी बायोलॉजिक्स डेवेलमेंट, इम्जेनेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर इस अणु का परीक्षण प्रयोगशाला में किया जा रहा है। शोधकर्ताओं ने बताया कि कम्प्यूटर आधारित अध्ययन प्रायोगिक परीक्षणों से पहले का चरण होता है। यदि प्रायोगिक परीक्षण सफल होता है तो यह एक बड़ी कामयाबी होगी, क्योंकि काली मिर्च एक प्राकृतिक उत्पाद है और रासायनिक उत्पादों के मुकाबले इसके दुष्प्रभाव की आशंका नहीं है। शोधकर्ताओं में प्रोफेसर त्रिपाटी के पीएचडी छात्र जन्मेजेय राउत और बिकास चंद्र स्वैन शामिल हैं। उनका यह अध्ययन जर्नल ऑफ बायोमॉलिक्यूलर स्ट्रक्चर ऐंड डायनेमिक्स में प्रकाशित किया गया है।

( इंडिया साइंस वायर )


# अपनी खूबियों पर ध्यान दें

## अजित कुमार बिश्नोई का कहना है कि अपनी आध्यात्मिक व शारीरिक खूबियों का सजग उपयोग सात्विक व स्वस्थ जीवन जीने में हमारी सहायता कर सकता है

**मैं** खूबी शब्द की परिभाषा से अपनी बात शुरू करता हूं। यह हर वो शारीरिक या मानसिक योग्यताएं हैं जिनके साथ इंसान जन्म लेता है। पहली खूबी जिसका मैं उल्लेख करूंगा, वो है बुद्धि, क्योंकि यह अधिकांशता जागृत घंटों में उपयोग में आती है या आनी चाहिए। भगवान कृष्ण ने गीता के श्लोक 18.30 में बुद्धि के उचित उपयोग का वर्णन किया है, जहां वह कहते हैं कि व्यक्ति को जानना चाहिए कि क्या करना उचित है और क्या नहीं। हालांकि यह इतना सरल नहीं है। व्यक्ति के पास पर्याप्त आध्यात्मिक ज्ञान होना आवश्यक है वर्ना वह चूक सकता है। हमारी अन्य सभी खूबियों को मार्गदर्शन की जरूरत होती है।

अगली खूबी- मन, भी सूक्ष्म है। इसका नियंत्रण गुणकारी जीवन के लिए अत्यावश्यक है। हमें गीता में सचेत किया गया है कि यदि मन को स्वयं द्वारा जीता नहीं गया तो यह स्वयं अपने शत्रु के रूप में काम करता है। (6.6) और यह हम हर समय देखते हैं। वर्तमान स्थिति को ले लें। महामारी की स्थिति है और लगभग समूची दुनिया प्रभावित है। लेकिन हमें डरने की जरूरत नहीं है, हम आवश्यक सावधानियां बरत सकते हैं, खासतौर पर सोशल डिस्टेंसिंग, और हम काफी हद तक सुरक्षित रहेंगे। हालांकि, मन का ऐसा नियंत्रण मुख्यत: ईश्वर की सहायता से आता है। सैद्धांतिक रूप से, व्यक्ति का अच्छा मानसिक नियंत्रण हो सकता है लेकिन मैं ईश्वर से सहायता लेना पसंद करूंगा।

तीसरी खूबी भी इतनी ही महत्वपूर्ण है क्योंकि इसका उपयोग कर्तव्य करने तक सीमित होना चाहिए, इससे ज्यादा नहीं। मैं अहंकार की बात कर रहा हूं। यह हमें अपने कर्तव्य करने के लिए कि मैं यह काम करूंगा, मैं कर्ता हूं, कोई करे न करे मगर मैं अपना कर्तव्य कार्य करूंगा। प्रेरित महसूस करने के लिए दी गयी है। क्या होता है जब हम इसकी मर्यादा लांघ जाते हैं, इसका अनर्थपूर्ण ढंग से उपयोग करते हैं तो हम गंभीर समस्या में होते हैं। सबसे बुरा काम जो हम कर सकते हैं वो अहंकार में आकर ईश्वर के आदेशों को न मानना। और जो हो सकता है, वो बहुत सुखद नहीं है, हम बर्बाद हो जाएंगे। (18.58) इंसान अपने आपको वैसा होने से कैसे बचाता है? उसे ईश्वर की शरण लेनी चाहिए जो कि सृष्टि का



मालिक है। (13.13-16) ऐसा करने के असंख्य लाभ होते हैं। व्यक्ति को यह महसूस करके ऐसा करना होता है कि जिस चीज की कमी लग रही थी। मुझसे पूछो।

अब मैं आखों से शुरू करके हमारी मूल खूबियों पर आता हूं। ये सबसे कीमती हैं। हमारी आंखें सूचना या ज्ञान पाने का सर्वोत्तम उपकरण हैं। हम देख भी सकते हैं, पढ़ भी सकते हैं। हालांकि आधुनिक व्यक्ति ने इस अद्भुत खूबी को विकृत कर दिया है। यह मानसिकता व चेतना दोनों को हानि पहुचाती हैं। स्वाभाविक तौर पर, हमें खुद को नियंत्रित रखना चाहिए। मैं इसके बाद जिव्हा की बात करूंगा। यह खूबी जो हम खाते हैं उसका आनंद लेने के लिए प्रदान की गयी है। तो हमने क्या किया है? हम इसे भी सभी प्रकार के मांस खाकर बिगाड़ दिया है। मांस खाने के प्रति यह पागलपन वातावरण को नुकसान पहुंचाता है, जब हम अधिक अनाज उगाने के लिए जंगलों को जलाते हैं ताकि उन जानवरों को खिलाया जा सके, जिन्हें हम खा सकते हैं। तो एक संभावना बनती है कि इस खतरनाक वायरस ने इस तरह से इंसानों में प्रवेश पा लिया हो।

बोलना और सुनना का उद्देश्य भलाई को साझा करने तथा उसकी चर्चा करने में हमारी सहायता करना है। हमारी आंखें और कान सूचन और ज्ञान हासिल करने का उत्कृष्ट उपकरण हैं। लेकिन हम इन खूबियों को विषवमन करके, झूठी अफवाहें फैलाकर और अपने आसपास, भरपूर संदेहों व आक्रामकताओं, खासतौरपर सोशल मीडिया मंचों पर, दुखद वातावरण पैदा करके बर्बाद कर देते हैं। हमारे हाथों का सर्वोत्तम उपयोग होता है जब वे हमें विस्तारित अवस्था में पहुंचाते हैं, उन्हें पूर्णतया मोड़ना खाने के लिए अनिवार्य है। इसी तरह, पैरों को स्वस्थ रहने के लिए सीधी अवस्था में होना चाहिए, पैरों को उठाए रखना मनोरंजन की सीमित अवधि के लिए निर्धारित होना चाहिए। काम के लिए नीचे बैठना या सोने के लिए लेट जाना जुर्माना है। इन दिनों नाक को वायरस के खिलाफ ढक कर रखा जाना चाहिए। अच्छी क्वालिटी वाले मास्क पहनने चाहिए अगर आप सार्वजनिक स्थानों में हैं। इसी प्रकार, हमें अपनी त्वचा की रक्षा करनी चाहिए, खासतौर पर, वायरस के संपर्क से बचने के लिए हाथों की। उचित साफ सफाई अत्यावश्यक है यदि हम सख्ती होने से बचना चाहते हैं। अपनी अच्छी देखभाल करना तथा अपनी खूबियों (आध्यात्मिक व शारीरिक) का सावधानीपूर्ण उपयोग सात्विक व स्वस्थ जीवन जीने में हमारी सहायता कर सकता है।

# राजस्थान रॉयल्स का सामना मजबूत मुंबई इंडियन्स से

**एजेंसी।** आबुधाबी



**गत** चैंपियन मुंबई इंडियन्स रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने दबदबे भरे प्रदर्शन को जारी रखना चाहेगी, हालांकि उसके लिए कप्तान रोहित शर्मा की फिटनेस चिंता का विषय बनी होगी। वहीं राजस्थान रॉयल्स की टीम को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए इस मैच में जीत दर्ज करना जरूरी होगा। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 10 विकेट की जीत से मुंबई ने फार्म में वापसी की, जबकि इससे पिछले मैच में वह किंग्स इलेवन पंजाब से सुपर ओवर में हार गई थी। वहीं दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स को पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से आठ विकेट से शिकस्त झेलनी पड़ी।

अंक तालिका में शीर्ष पर चल रही मुंबई इंडियन्स प्ले ऑफ में पहुंचने की ओर है, लेकिन राजस्थान के लिए यह मैच काफी अहम है जो सातवें स्थान पर है और एक और हार उसे बाहर होने के करीब पहुंचा देगी। लेकिन सवाल यही होगा कि रोहित रविवार को इस मैच के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं, जो हैमस्ट्रिंग चोट के कारण चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच नहीं खेले थे। रोहित की अनुपस्थिति हालांकि शुक्रवार को महसूस नहीं की गई क्योंकि युवा ईशान किशन (261 रन) ने चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर नाबाद 68 रन बनाए। ऐसा ही क्विंटन डि कॉक (368 रन) ने भी किया जिन्होंने अपनी अच्छी फार्म जारी रखते हुए नाबाद 46 रन बनाए। अगर रोहित रविवार को उपलब्ध नहीं हो पाते हैं तो ये दोनों फिर से पारी का आगाज करेंगे। मुंबई का मध्यक्रम भी रन जुटा रहा है, चाहे वह सूर्यकुमार यादव (243 रन) हों, हार्दिक पंड्या (164 रन) हों, वेस्टइंडीज के विस्फोटकर आल राउंडर कीरोन पोलार्ड (208 रन) या फिर कृणाल पंड्या (82 रन) हों। अपनी धाकड़ बल्लेबाजी की वजह से पंड्या बंधु और पोलार्ड किसी भी प्रतिद्वंद्वी के लिए खतरा हैं।

मुंबई इंडियन्स के गेंदबाज भी बेहतरीन गेंदबाजी कर रहे हैं, विशेषकर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह, जो शुरू के साथ डेथ ओवरों में भी खतरनाक हैं। दोनों ने मिलकर 33 विकेट चटकाए हैं, जबकि आस्ट्रेलियाई नाथन कूल्टर नील (दो विकेट) ने इन दोनों का बखूबी साथ दिया है। स्पिनर कृणाल (पांच विकेट) और राहुल चाहर (13 विकेट) भी मध्य के ओवरों में काफी आक्रामक रहे हैं।

### टीमें

**मुंबई इंडियन्स :** रोहित शर्मा (कप्तान), आदित्य तारे, अनमोलप्रीत सिंह, अनुकूल रॉय, क्रिस लिन, धवल कुलकर्णी, दिग्विजय देशमुख, हार्दिक पंड्या, इशान किशन, जेम्स पैटिनसन, जसप्रीत बुमराह, जयंत यादव, कीरोन पोलार्ड, कृणाल पंड्या, मिशेल मैकलेनगन, मोहसिन खान, नाथन कूल्टर-नाइल, प्रिंस बलवंत राय, क्विंटन डिकॉक, राहुल चाहर, सौरभ तिवारी, शेरफेन रदरफोर्ड, सूर्यकुमार यादव, ट्रेंट बोल्ट।

**राजस्थान रॉयल्स:** जोस बटलर, बेन स्टोक्स, संजू सैमसन, एंड्रयू टाई, कार्तिक त्यागी, स्टीवन स्मिथ (कप्तान), अंकित राजपूत, श्रेयस गोपाल, राहुल तेवतिया, जयदेव उनादकट, मयंक मारकंडेया, महिपाल लोमरोर, ओशेन थॉमस, रियान पराग, यशस्वी जायसवाल, अनुज रावत, आकाश सिंह, डेविड मिलर, मनन वोहरा, शशांक सिंह, वरुण आरोन, टॉम कुरेन, रॉबिन उथप्पा, अनिरुद्ध जोशी और जोफ्रा आर्चर।

**मैच भारतीय समयानुसार शाम 07:30 मिनट से शुरू होगा।**

# आरसीबी के खिलाफ सीएसके जीत और सम्मान हासिल करने की कोशिश करेगा



**एजेंसी।** दुबई

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 11 में से आठ मुकाबलों में हार का सामना करने के बाद टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर पहुंच चुकी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कोशिश रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ जीत दर्ज कर सम्मान हासिल करने की होगी। सीएसके के नाम 11 मैचों में छह अंक है और टीम अपने तीनों मैचों को बड़े अंतर से जीत कर प्लेऑफ में अगर-मगर के फेर के साथ पहुंच सकती है। इसके लिए दूसरी टीमों के नतीजे भी उसके मुताबिक होने चाहिए।

आईपीएल की तीन बार की चैम्पियन मौजूदा सत्र में हर विभागों में संघर्ष कर रही है। युवा खिलाड़ियों पर भरोसा नहीं जताने के लिए टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की आलोचना भी हुई। सीएसके ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ युवा रुतुराज गायकवाड़ और नारायण जगदीशन को अंतिम 11 में शामिल किया, लेकिन दोनों बल्लेबाज खाता खोले बिना आउट हो गए। शुक्रवार को मुंबई इंडियन्स के खिलाफ सैम कुरेन के अलावा टीम का कोई भी बल्लेबाज नहीं चल सका। ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी के आगे सीएसके पावरप्ले पांच विकेट पर सिर्फ 21 रन बना सका। टीम के गेंदबाज भी कोई प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे और उसे पहली बार 10 विकेट की हार का सामना करना पड़ा। सैम कुरेन ने टूर्नामेंट के 11 मैचों में 173 रन और 10 विकेट लिए है। उनके अलावा कोई भी खिलाड़ी निरंतर प्रदर्शन नहीं कर सका।

अंक तालिका में आखिरी पायदान पर काबिज सीएसके को विराट कोहली की टीम से एक और कड़ी चुनौती मिलेगी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर 14 अंक के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर है। पहले और दूसरे स्थान पर काबिज दिल्ल कैपिटल्स और मुंबई इंडियन्स के नाम भी इतने ही अंक है। आरसीबी की कोशिश इस मैच में दो अंक हासिल करने के अलावा नेट रनरेट सुधारने पर होगी, जिससे टीम को प्लेऑफ में फायदा हो सके। कोहली की टोली राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ लगातार दो जीत दर्जकर शानदार लय में है। राजस्थान के खिलाफ एबी डिविलियर्स ने अपने बूते टीम को जीत दिलाई, तो वही केकेआर के खिलाफ मोहम्मद सिराज ने कातिलाना गेंदबाजी की। उन्होंने मेडन ओवर में दो विकेट चटकाए जिससे टीम ने दो बार की चैम्पियन को आठ विकेट से हराया।

क्रिस मौरिस, इसुरु उदाना और नवदीप सैनी की तेज गेंदबाजों की तिकड़ी के अलावा वाशिंगटन सुंदर और युजवेंद्र चहल जैसे स्पिनरों की मौजूदगी टूर्नामेंट में काफी असरदार साबित हुई है। डिविलियर्स के अलावा कोहली और युवा सलामी बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल भी शानदार लय में है। इस सत्र में दोनों टीमों के बीच पिछले मुकाबले में आरसीबी ने सीएसके को 37 रन से हराया था।

### टीमें

**चेन्नई सुपर किंग्स :** महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान, विकेटकीपर), मुरली विजय, अंबाती रायुडु, फाफ डु प्लेसिस, शेन वॉटसन, केदार जाधव, रवींद्र जडेजा, लुंगी एनगिडी, दीपक चाहर, पीयूष चावला, इमरान ताहिर, मिशेल सेंटनर, जोश हेजलवुड, शार्दुल ठाकुर, सैम कुरेन, एन जगदीशन, केएम आसिफ, मोनू कुमार, आर साई किशोर, रुतुराज गायकवाड़, कर्ण शर्मा।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर :** विराट कोहली (कप्तान), एबी डिविलियर्स, पार्थिव पटेल, आरोन फिंच, जोश फिलिप, क्रिस मॉरिस, मोइन अली, मोहम्मद सिराज, शाहबाज अहमद, देवदत्त पडिक्कल, युजवेंद्र चहल, नवदीप सैनी, डेल स्टेन, पवन नेगी, शिवम दुबे, उमेश यादव, गुरकीरत सिंह मान, वॉशिंगटन सुंदर, पवन देशपांडे, एडम जंपा।

**मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 03:30 मिनट से शुरू होगा।**

# राणा-नारायण के बाद वरूण चमके, केकेआर जीता

**एजेंसी।** अबुधाबी



**कोलकाता** नाइट राइडर्स ने नीतिश राणा (81 रन) और हरफनमौला सुनील नारायण (64 रन) के अर्धशतकों के बाद वरूण चक्रवर्ती (20 रन देकर पांच विकेट) की फिरकी की बदौलत शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 59 रन से करारी शिकस्त दी। पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ महज 84 रन पर सिमटकर हार का सामना करने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इस जीत से शानदार वापसी की। उसके अब 11 मैचों में 12 अंक हो गए हैं, जिससे वह चौथे स्थान पर बनी हुई है।

केकेआर ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतारे गए राणा (53 गेंद में 13 चौके और एक छक्का) और नारायण (32 गेंद में छह चौके और चार छक्के) के बीच चौथे विकेट के लिए 56 गेंद में 115 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 194 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स 20 ओवर में नौ विकेट पर 135 रन ही बना सकी। उसके लिए कप्तान श्रेयस अय्यर 47 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। स्पिनर वरूण चक्रवर्ती इस सत्र में पांच विकेट झटकने वाले पहले गेंदबाज बने, जिन्होंने चार ओवर में 20 रन देकर पांच विकेट चटकाए। पैट कमिंस ने चार ओवर में 17 रन देकर तीन विकेट हासिल किए, जबकि लॉकी फर्गुसन को एक विकेट मिला।

दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के 14-14 अंक हैं। दिल्ली 11 मैचों सात जीत से बेहतर रन रेट की बदौलत बेंगलोर से आगे दूसरे स्थान पर है।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली को पहला झटका पारी की पहली ही गेंद पर लगा जिसमें कमिंस ने अजिंक्य रहाणे को पगबाधा आउट किया। दूसरा झटका भी इसी आस्ट्रेलियाई ने दिया जब पिछले दो मैचों में शतक जड़ने वाले शिखर धवन तीसरे ओवर में उनकी गेंद पर बोल्ड हो गए। इससे दिल्ली ने भी पॉवरप्ले में केकेआर की तरह दो विकेट गंवाकर 36 रन बनाए। केकेआर ने अपनी गेंदबाजी से दबाव बनाए रखा और दिल्ली कैपिटल्स का 10 ओवर के बाद स्कोर 64 रन था। टीम को 66 गेंद में 137 रन बनाने थे। कप्तान अय्यर और ऋषभ पंत (27) के बीच तीसरे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी बनी। पर वरूण चक्रवर्ती ने आते ही अपने पहले ओवर में पंत को आउट किया और फिर दूसरे ओवर में लगातार गेंदों पर अय्यर और शिमरोन हेतमाएर (10) के विकेट झटक लिए।

### केकेआर ने हमें प्रत्येक विभाग में पछाड़ दिया : कप्तान अय्यर

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर शनिवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों मिली 59 रन की शिकस्त से काफी निराश थे और उन्होंने स्वीकार किया कि विपक्षी टीम ने उन्हें लगभग हर विभाग में पछाड़ा। अय्यर ने मैच के बाद कहा कि अगर मैच के शुरू में देखें तो हमें उन पर काफी दबाव बनाना चाहिए था और उनके विकेट झटकने चाहिए थे। हमें अपनी योजना का बेहतर ढंग से कार्यान्वयन करना चाहिए था।

केकेआर ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद नितीश राणा (81 रन) और सुनील नारायण (64) के अर्धशतक और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 115 रन की बदौलत छह विकेट पर 194 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। अय्यर ने नारायण की बल्लेबाजी का जिक्र किया जिन्होंने 32 गेंद में छह चौके और चार छक्के से 64 रन की पारी खेली। उन्होंने कहा कि उन्होंने जिस तरह की बल्लेबाजी की, विशेषकर सुनील नारायण ने, उन्होंने हमारे गेंदबाजों को पीट दिया। वे शॉट चयन में काफी अच्छे थे। अय्यर ने कहा, उन्होंने हमें प्रत्येक विभाग में पछाड़ दिया। उनके खेलने के रवैए और सोच को सलाम। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 135 रन ही बना सकी। इसके बारे में उन्होंने कहा, जब आप 190 रन के लक्ष्य का पीछा करते हो तो आपको शानदार शुरूआत की जरूरत होती है।

## पंजाब की लचर बल्लेबाजी हैदराबाद को दिया महज 127 रन का लक्ष्य



**एजेंसी।** दुबई

**किंग्स** इलेवन पंजाब और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच आईपीएल 2020 का 43वां मुकाबला खेला जा रहा है। दोनों टीमें दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आमने-सामने हैं। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब की टीम ने हैदराबाद को 127 रन का लक्ष्य दिया है। पंजाब ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 126 रन बनाए। पंजाब के लिए सर्वाधिक रन निकोलस पूरन (नाबाद 32) ने बनाए। हैदराबाद की ओर से संदीप शर्मा, जेसन होल्डर और राशिद खान ने दो-दो विकेट हासिल किए। वहीं, पंजाब का एक बल्लेबाज रन आउट होकर पवेलियन लौटा।

पंजाब ने सधी हुई शुरुआत की। पारी का आगाज करने आए केएल राहुल और मनदीप सिंह ने पहले विकेट के लिए 37 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी को संदीप सिंह ने 5वें ओवर में मनदीप को आउट कर तोड़ा। मनदीप ने बड़ा शॉट जमाने के प्रयास में डीप स्क्वायर लेग पर राशिद खान को कैच थमा दिया। उन्होंने 14 गेंदों में 1 चौके की मदद से 17 रन बनाए। पंजाब को दूसरा झटका क्रिस गेल के रूप में लगा। गेल ने कुछ अच्छे शॉट जरूर लगाए मगर बड़ी पारी नहीं खेल पाए। उन्होंने 20 गेंदों में 20 रन बनाए। उन्होंने इस दौरान 2 चौके और 1 छक्का मारा। उन्हें जेसन होल्डर ने 10वें ओवर में डेविड वॉर्नर के हाथों लपकवाया।

## संक्षिप्त समाचार

### पिचें धीमी और सूखी होने से मदद मिल रही है: बोल्ट

**शारजाह।** मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने कहा कि उन्हें इस इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में पिचों से निरंतर सटीक गेंदबाजी करने में मदद मिल रही हैं जो प्रत्एक मैच के साथ धीमी और सूखी होती जा रही हैं। मुंबई इंडियंस ने अनुभवी लसिथ मलिंगा की जगह इस बाएं हाथ के गेंदबाजी टीम में शामिल किया, जिन्होंने शुक्रवार को यहां चार विकेट - पॉवरप्ले में तीन- झटककर चेन्नई सुपर किंग्स पर 10 विकेट की जीत दर्ज करने में मदद की। बोल्ट ने अभी तक आईपीएल में 16 विकेट चटकाए हैं, उन्होंने कहा कि नई फ्रेंचाइजी, अलग अधिकारी, इस वैश्विक महामारी की स्थिति में यहां खेलना रोमांचकारी रहा है। मुझे लगता है कि यहां यह सब प्राकृतिक है, पिचों से कुछ सहायता हासिल करना अच्छा था। उन्होंने कहा, मैं भाग्यशाली रहा कि मुझे पहला ओवर मिला क्योंकि अगर यह स्विंग होगा तो यह अप फ्रंट होगा। विकेट काफी धीमा और काफी सूखा होता जा रहा है। मुझे लगता है कि इससे सटीक गेंदबाजी में मदद मिल रही है।

### मुंबई सिटी एफसी ने डिफेंडर मेहताब सिंह से करार किया

**मुंबई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की फ्रेंचाइजी मुंबई सिटी फुटबॉल क्लब ने शनिवार को आगामी सत्र के लिए डिफेंडर मेहताब सिंह से करार करने की घोषणा की। टीम ने इस 22 साल के खिलाड़ी से तीन साल का करार किया है। वह 2023 तक क्लब के साथ रहेंगें। यहां जारी मीडिया विज्ञप्ति के मुताबिक मेहताब ने कहा कि मुंबई सिटी जैसे बड़े क्लब का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। मैं यहां कड़ी मेहनत, सीखने और सबसे महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धा करने के लिए हूं। उन्होंने कहा कि क्लब, कोच और उनकी एक ही इच्छा और लक्ष्य है। वह (लक्ष्य) देश में सर्वश्रेष्ठ बनना और ट्राफी जीतना है। मेहताब इससे पहले माहिलपुर फुटबॉल अकादमी और फिर ईस्ट बंगाल के युवा और सीनियर टीम के साथ थे। वह कोलकाता की टीम के साथ तीन सत्र तक रहने के बाद 2018-19 में गोकुलम केरल (लोन पर) का भी हिस्सा रहे थे।

### अंडर-19 विश्वकप विजेता तन्मय ने क्रिकेट से लिया संन्यास

**मुंबई।** भारत के अंडर-19 (2008) विश्वकप विजेता टीम के सदस्य रहे बल्लेबाज तन्मय श्रीवास्तव ने शनिवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि उन्होंने नए सपने देखे हैं, जिस पर काम करने की बड़ी महत्वकांक्षा है। बाएं हाथ के इस तीस साल के बल्लेबाज ने सोशल मीडिया के जरिए संन्यास की घोषणा की, लेकिन अपने आगे कि योजना के बारे में नहीं बताया। कानपुर में जन्में इस क्रिकेटर ने ट्वीट किया, यह मेरे क्रिकेट कॅरियर को अलविदा कहने का समय है। मैंने यादें और दोस्त बनाने के साथ जूनियर क्रिकेट, रणजी ट्रॉफी और अंडर-19 विश्वकप में अच्छा प्रदर्शन किया, जिससे टीम के साथ कप लेकर घर (देश) लौटा। श्रीवास्तव ने इसके साथ ही लगातार समर्थन के लिए अपने कोचों, उत्तर प्रदेश क्रिकेट प्रशासकों, माता-पिता और पत्नी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैंने मैदान के अंदर और बाहर क्रिकेट से जुड़ी ऐसी यादें बनाई है जो जीवन भर मेरे साथ जुड़ी रहेंगी।

# विराट सभी प्रारूपों में संपूर्ण बल्लेबाज: जो रूट

**एजेंसी।** लंदन

**इंग्लैंड** के टेस्ट कप्तान जो रूट ने विराट कोहली को सभी प्ररूपों का संपूर्ण बल्लेबाज मानते हुए कहा कि सीमित ओवरों के प्रारूप में रनों का पीछा करने की उनकी क्षमता असाधारण है। मौजूदा समय में व्यापक रूप यह माना जाता है कि कोहली, न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन, ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और रूट वर्तमान में विश्व टेस्ट क्रिकेट में अग्रणी बल्लेबाज हैं।

रूट ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा कि विराट संभवत: तीनों प्रारूपों में से सबसे पूर्ण खिलाड़ी हैं। सीमित ओवरों के प्रारूप में रनों का पीछा करते समय पारी को गति देने और आखिर तक आउट नहीं होने के मामले में वह असाधारण है। उन्होंने कहा कि वह संपूर्ण खिलाड़ी की तरह खेलते हैं, आप यह नहीं कह सकते कि वह तेज या स्पिन के गेंदबाजी के खिलाफ असरदार नहीं है। इंग्लैंड दौरे पर 2014 में विफल रहने के बाद कोहली ने 2018 में शानदार वापसी करते हुए सभी प्रारूपों में 894 रन बनाए थे। रूट ने कहा कि वह इंग्लैंड के अपने पहले दौरे पर संघर्ष कर रहे थे लेकिन वापसी करने पर उन्होंने काफी रन बनाए। उन्होंने दुनिया के हर हिस्से में रन बनाए है। भारतीय टीम का पूरा भार उनके कंधे पर है।

## एशियाई ऑनलाइन टीम शतरंज : भारतीय पुरुष महिला टीम फाइनल में

**चेन्नई।** बी अधिबान और आर वैशाली के चमकदार खेल से शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने शनिवार को क्रमश: कजाखस्तान और मंगोलिया पर जीत के साथ एशियाई नेशन्स (क्षेत्रीय) ऑनलाइन कप चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया।

पुरुष टीम ने कजाखस्तान को 2.5-1.5 और 3-1 से शिकस्त दी, जबकि महिला टीम ने मंगोलिया पर 3.5-0.5 और 4-0 से जीत दर्ज की। बी अधिबान ने रिनात जुमाबाएव के खिलाफ अपने दोनों मैचों में जीत हासिल की। पहले मैच में अधिबान की जीत जबकि निहाल सरीन, एसपी सेतुरमन और के शशिकिरण के ड्रा से भारत जीता।

# राष्ट्रीय टेटे अभ्यास शिविर 28 अक्टूबर से आठ दिसंबर तक सोनीपत में : साइ

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारतीय** खेल प्राधिकरण (साइ) ने शनिवार को कहा कि टेबल टेनिस का राष्ट्रीय प्रशिक्षण (अभ्यास) शिविर सोनीपत में 28 अक्टूबर से आठ दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रमंडल खेलों के चार बार के स्वर्ण पदक विजेता शरत कमल के साथ 10 अन्य खिलाड़ी भाग लेंगे। साइ ने इस शिविर के लिए 18 लाख रुपये मंजूर किए हैं, जो इस साल मार्च में कोविड-19 प्रकोप के कारण देशभर में लगे लॉकडाउन के बाद इस खेल का पहला राष्ट्रीय शिविर होगा।

साइ से जारी बयान के मुताबिक, भारतीय खेल प्राधिकरण ने टेबल टेनिस के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर को मंजूरी दे दी है, जो 28 अक्टूबर को शुरू होगा और आठ दिसंबर तक चलेगा। बयान के मुताबिक, शिविर में 11 खिलाड़ियों (पांच पुरुष और छह महिला) के अलावा चार सहयोगी सदस्य भी भाग लेंगे। इसका संचालन भारतीय टेबल टेनिस महासंघ, सोनीपत स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में करेगा। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ ने इससे पहले भी कई बार शिविर के लिए खिलाड़ियों को मनाने की कोशिश की, लेकिन तब वह सफल नहीं हुआ था। शरत कमल पुरुषों के प्रशिक्षण समूह का हिस्सा होंगे जिसमें मानुष शाह, मानव ठक्कर, सुधांशु ग्रोवर और जुबिन कुमार भी शामिल हैं। महिलाओं के प्रशिक्षण समूह में अनुशा कुटुम्बले, दिया चितले, सुर्तिथा मुखर्जी, अर्चना कामत, ताकेमी सरकार और कौशानी नाथ शामिल है। टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना समूह में शामिल अर्चना कामत ने कहा कि मैं बेंगलुरु में घर पर अभ्यास कर रही थी, लेकिन एक ऐसे शिविर के माहौल में लौटने का इंतजार कर रही थी जहां मैं भारतीय टीम के अपने साथी खिलाडि़यों के साथ प्रशिक्षण कर खुद का आकलन कर सकूं।

# पावरप्ले में ही मैच हमारे हाथ से निकल गया था : कोच फ्लेमिंग

**एजेंसी।** शारजाह



**चेन्नई** सुपरकिंग्स (सीएसके) के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को मुंबई इंडियन्स के खिलाफ 10 विकेट से मैच गवांने पर कहा कि उनकी टीम के लिए पावरप्ले काफी बुरा रहा, जिसमें उनकी टीम में बहुत ज्यादा विकेट खो दिए थे। इस मैच में सीएसके की टीम पावरप्ले में पांच विकेट पर महज 21 रन बना सकी थी। सैम कुरेन ने हालांकि 47 गेंद में 52 रन की पारी खेल कर टीम को नौ विकेट पर 114 रन तक पहुंचाया। मुंबई इंडियन्स के महज 12.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के 116 रन बनाकर 10 विकेट की शानदार जीत दर्ज की।

फ्लेमिंग ने मैच के बाद शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम वास्तव में बहुत स्तब्ध हो गए थे। इतनी जल्दी विकेट खोने के मामले में यह बहुत बुरा पावरप्ले था। हमारे लिए मैच लगभग पावरप्ले में ही खत्म हो गया था। जाहिर है, हमारी टीम में कुछ युवा खिलाड़ी थे जिनके पास एक अवसर था लेकिन इससे फायदा नहीं हुआ। सीएसके ने टूर्नामेंट में पहली बार दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर इमरान ताहिर को अंतिम 11 में शामिल किया था और फ्लेमिंग ने कहा कि उन्हें टीम में जगह देने के लिए शेन वाटसन की जगह रुतुराज गायकवाड़ को मौका दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारी योजना यह थी कि कुछ रन बनाकर गेंदबाजी से मैच पर पकड़ बनाई जाए क्योंकि हमारे पांच अच्छे विदेशी गेंदबाज थे। न्यूजीलैंड के इस पूर्व कप्तान ने इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज सैम कुरेन की तारीफ की। उन्होंने कहा कि वह (कुरेन) सबकुछ अच्छा कर रहा है। उसने हर मौके का फायदा उठाया है। उसका प्रदर्शन असाधरण था। मुंबई के कप्तान कीरोन पोलार्ड ने कहा कि उन्होंने ट्रेन्ट बोल्ट (18 रन पर चार विकेट) की गेंदबाजी देखने के बाद जसप्रीत बुमराह (25 रन पर दो विकेट) को लगाने का फैसला किया। वेस्टइंडीज के इस हरफनमौला ने कहा कि यह देखकर अच्छा लगा कि गेंदबाजों ने मैदान में उतर कर योजनाओं को अंजाम दिया। हम चाहते थे कि गेंदबाज मैदान में उतर कर इकाई के रूप में जल्दी लय हासिल करे और उन्होंने ऐसा ही किया। उन्होंने कहा, दो मुख्य गेंदबाजों के साथ गेंदबाजी शुरू करते समय हमने बुमराह के बारे में नहीं सोचा था, लेकिन बोल्ट की गेंदबाजी और जल्दी विकेट लेने को देखकर हमने उन्हें आजमाने का फैसला किया और यह सफल रहा। इस जीत के साथ ही चार बार की चैम्पियन टीम तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई।

### अगले साल को ध्यान में रखकर बाकी तीन मैचों में युवाओं को मौका देंगे: कप्तान धोनी

अब तक 11 में से आठ मैच गंवाकर आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि अगले साल को ध्यान में रखते हुए बाकी तीन मैचों में युवाओं को परखा जाएगा। मुंबई इंडियन्स के हाथों दस विकेट से मिली हार के बाद धोनी ने कहा, इस तरह के प्रदर्शन से दुख होता है। हमें देखना होगा कि गलती कहां हुई। यह हमारा साल नहीं था। आप भले ही आठ विकेट से हारें या दस विकेट से, वह मायने नहीं रखता लेकिन देखना यह है कि हम टूर्नामेंट में इस समय कहां है और यही दुखी करता है। उन्होंने कहा कि हमें दूसरे मैच से ही देखना था कि हम कहां गलत है। रायुडू चोटिल हो गया और बाकी बल्लेबाज अपना दो सौ फीसदी नहीं दे पाए। किस्मत ने भी हमारा साथ नहीं दिया। जिन मैचों में हम पहले बल्लेबाजी करना चाहते थे, वहां टॉस नहीं जीत सके। जब हमने पहले बल्लेबाजी की तो ओस थी। तीन बार की चैम्पियन टीम के कप्तान ने कहा, खराब प्रदर्शन करने पर सौ बहाने दिए जा सकते हैं लेकिन सबसे अहम यह है कि हमें खुद से पूछना होगा कि क्या हम अपनी क्षमता के अनुरूप खेल सके।

# दशहरा पर्व पर जलाएं 'असली' रावण

दशहरा यानी विजय पर्व। दशहरा यानी न्याय और नैतिकता का पर्व। दशहरा यानी सत्य और शक्ति का पर्व। भगवान श्रीराम ने इस दिन राक्षसराज रावण का वध किया था। तब ही से प्रतिवर्ष प्रतीकात्मक रूप से रावण का दहन किया जाता है। यह पर्व हमें संदेश देता है कि अन्याय और अनैतिकता का दमन हर रूप में सुनिश्चित है। चाहे दुनिया भर की शक्ति और सिद्धियों से आप संपन्न हों, लेकिन सामाजिक गरिमा के विरुद्ध किए गए आचरण से आपका विनाश तय है।

भगवान राम ने अवतार धारण किया था। मानव जीवन के हर सुख-दुख को उन्होंने आत्मसात किया था। जब वे ईश्वरीय अवतार होकर जीवन-संघर्ष से नहीं बच सकें तो हम सामान्य मनुष्य भला इन विषमताओं से कैसे बच सकते हैं? श्रीराम का संपूर्ण जीवन हमें आदर्श और मर्यादा की सीख देता है। हर मनुष्य के जीवन में कष्ट और खुशी आते हैं। लेकिन उनसे निराश होकर जीवन को समाप्त कर लेना समझदारी नहीं है। अपितु जीवन को ईश्वरीय प्रसाद समझ कर कृतज्ञ भाव से जीना ही मानव जीवन की सार्थकता है। भारतीय संस्कृति में त्योहारों की रंगीन श्रृंखला गुंथी हुई है। हर त्योहार में जीवन को राह दिखाता संदेश और लोक-कथा निहित है। हम उत्सव प्रिय लोग त्योहार तो धूमधाम से मनाते हैं, लेकिन भूल जाते हैं, उनमें छुपे संदेश

## रावण दहन करें 'पुतले' नहीं...

को समझना और जीवन जीने की कला सिखाती लोक-कथा को वरण करना। अगर हम अपनी ही संस्कृति को गहनता से जान लें। उसे आत्मसात कर लें तो कहीं और से, किसी और की आचरण-संहिता की आवश्यकता ही न रहे।

दुख का विषय है कि आज की 'फास्ट फूड' कल्चर की 'नूडल्स' पीढ़ी के लिए त्योहार भी मात्र मनोरंजन का साधन रह गए हैं। पर्व उन्हें संस्कृति के प्रति गहरा स्नेह और सम्मान भाव नहीं देते बल्कि 'पिज्जा' और 'बर्गर' की तरह आकर्षित करते हैं। जिसे जितनी जल्दी और जितना ज्यादा खाया जा सकें उतना बेहतर! यही वजह है कि आस्था और पवित्रता से सराबोर रहने वाले गरबा-पंडालों में रोशनी और फूलों के स्थान पर '72 घंटे पिल्स' के होर्डिंग्स सजे हुए हैं। आखिर क्या संदेश देना चाहते हैं, ये आयोजक हमारी युवा पीढ़ी को? कहीं कोई बंधन नहीं, कहीं कोई गरिमा नहीं। कोई शर्म, कोई सम्मान नहीं? गुजरात के आंकड़े गिनाना अब पुरानी बात हो गई। अब यह आंकड़े छोटे शहर से होते हुए गली-मोहल्लों तक आ पहुंचे हैं। और विडंबना देखिए कि इन नौ दिनों के बाद आने वाले दशहरे की कथा यह है कि मां सीता ने अपने पवित्र अस्तित्व को रावण जैसे परम शक्तिशाली व्यक्ति से मात्र एक तिनके और दृढ़ चरित्र के माध्यम से बचाए रखा। भगवान राम ने दुराचारी रावण का अंत किया और पुनः सीता को प्राप्त किया। कितना तेज और सती बल होगा उस नारी में जिसने अपने स्त्रीत्व की रक्षा इतने आत्मविश्वास से की होगी?

हम क्या दे रहे हैं आज की अनभिज्ञ पीढ़ी को? हमने रामायण के 'भव्य' धारावाहिक तो टेलीविजन पर परोस दिए, लेकिन उन पावन कथाओं में वर्णित ओजस्वी भाव और संकल्प शक्ति क्यों नहीं पहुंचा पाए उन तक? लगभर हर चैनल पर धार्मिक धारावाहिकों के नकली देवी-देवता रटे-रटाए संवाद बोलते दिखाई दे जाएंगे, लेकिन उनके आदर्श आचरण में परिणित कहां हो पाते हैं? हम चाहे कितने ही रावण जला लें, लेकिन हर कोने में कुसंस्कार और अमर्यादा के विराट रावण रोज पनप रहे हैं। रोज सीता के देश की कितनी ही 'सीता' नामधारी सरेआम उठा ली जाती हैं और संस्कृति के तमाम ठेकेदार रावणों के खेमें में पार्टियां आयोजित करते नजर आते हैं। आज देश में कहां जलता है असली रावण? जलती हैं यहां सिर्फ मासूम सीताएं। जब तक सही 'रावण' को पहचान कर सही 'समय' पर जलाया नहीं जाता, कैसे सार्थक होगा, शक्ति पूजा के नौ दिनों के बाद आया यह दसवां दिन जिस पर मां सीता की अस्मिता जीती थी। भगवान राम की दृढ़ मर्यादा जीती थी। कब जलेंगे इस देश में असली रावण और कब जीतेगीं हर 'सीता'? कब तक जलेंगे रावण के नकली पुतले और कब बंद होगा दहेज व 'इज्जत' के नाम पर कोमल 'सीताओं' का दहन?

**स्मृति आदित्य**

> **भारतीय संस्कृति में त्योहारों की रंगीन श्रृंखला गुंथी हुई है। हर त्योहार में जीवन को राह दिखाता संदेश और लोक-कथा निहित है। हम उत्सवप्रिय लोग त्योहार तो धूमधाम से मनाते हैं, लेकिन भूल जाते हैं उनमें छुपे संदेश को समझना और जीवन जीने की कला सिखाती लोक-कथा को वरण करना**




# बुराई पर अच्छाई की जीत



भारत वर्ष में मनाये जाने वाले त्योहार किसी न किसी रूप में बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देते हैं, लेकिन असल में जिस त्योहार को इस संदेश के लिए जाना जाता है, वह है दशहरा। दिवाली से ठीक बीस दिन पहले, पंचाग के अनुसार आश्विन मास की शुक्ल पक्ष की दशमी को विजयदशमी अथवा दशहरे के रूप में देशभर में मनाया जाता है। दशहरा हिंदुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है। यह त्योहार भगवान श्रीराम की कहानी तो कहता ही है, जिन्होंने लंका में 9 दिनों तक लगातार चले युद्ध के पश्चात अहंकारी रावण को मार गिराया और माता सीता को उसकी कैद से मुक्त करवाया। वहीं इस दिन मां दुर्गा ने महिषासुर का संहार भी किया था, इसलिए भी इसे विजयदशमी के रूप में मनाया जाता है और मां दूर्गा की पूजा भी की जाती है।

माना जाता है कि भगवान श्रीराम ने भी मां दूर्गा की पूजा कर शक्ति का आह्वान किया था, भगवान श्रीराम की परीक्षा लेते हुए पूजा के लिए रखे गए कमल के फूलों में से एक फूल को गायब कर दिया। चूंकि श्रीराम को राजीवनयन यानि कमल से नेत्रों वाला कहा जाता था, इसलिए उन्होंने अपना एक नेत्र मां को अर्पण करने का निर्णय लिया। ज्यों ही वे अपना नेत्र निकालने लगे देवी प्रसन्न होकर उनके समक्ष प्रकट हुईं और विजयी होने का वरदान दिया। माना जाता है इसके पश्चात दशमी के दिन प्रभु श्रीराम ने रावण का वध किया। भगवान राम की रावण पर और माता दुर्गा की महिषासुर पर जीत के इस त्योहार को बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय के रूप में देशभर में मनाया जाता है। देश के अलग-अलग हिस्सों में इसे मनाने के अलग अंदाज भी विकसित हुए हैं। कुल्लू का दशहरा देश भर में काफी प्रसिद्ध है, तो पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा सहित कई राज्यों में दुर्गा पूजा को भी इस दिन बड़े पैमाने पर मनाया जाता है।

### तिथि और मुहूर्त

**दशमी तिथि प्रारंभः** 25 अक्टूबर 2020 को सुबह 11 बजकर 14 मिनट से

**दशमी तिथि समाप्तः** 26 अक्टूबर 2020 को सुबह 11 बजकर 33 मिनट तक

**विजय मुहूर्तः** 25 अक्टूबर 2020 को दोपहर 01 बजकर 57 मिनट से दोपहर 02 बजकर 42 मिनट तक।

**कुल अवधिः** 45 मिनट

### पर्व के बारे में मान्यता

माना जाता है कि तारा उदय होने के साथ 'विजय' नामक काल होता है। यह काल सर्वकार्य सिद्धिदायक होता है। भगवान श्रीराम ने इसी विजय काल में लंका पर चढ़ाई करके रावण को परास्त किया था। दशहरा वर्ष की तीन अत्यन्त शुभ तिथियों में से भी एक माना गया है। इस दिन लोग नया कार्य भी प्रारम्भ करते हैं साथ ही क्षत्रिय वर्ग के लोगों की ओर से इस दिन शस्त्र-पूजा किये जाने की परम्परा है। इस दिन ब्राम्हण सरस्वती पूजन तथा वैश्य बही पूजन करते हैं। पुराणों में कहा गया है कि दशहरा का पर्व दस प्रकार के पापों- काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर, अहंकार, आलस्य, हिंसा और चोरी के परित्याग की सद्प्रेरणा प्रदान करता है।

### दशहरा के दिन पूजा की परंपरा

दशहरा का विजय मुहूर्त सर्वकार्य सिद्धिदायक होता है। मान्यता है कि शत्रु पर विजय प्राप्त करने के लिए इसी समय निकलना चाहिए। विजय मुहूर्त में गाड़ी, इलेक्ट्रॉनिक सामान, आभूषण और वस्त्र खरीदना शुभ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस मुहूर्त में कोई भी नया काम किया जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। इस दिन शस्त्र पूजा के साथ ही शमी के पेड़ की पूजा की जाती है। साथ ही रावण दहन के बाद थोड़ी सी राख को घर में रखना शुभ माना जाता है।

# अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को भेजे ये संदेश

**भारतीय संस्कृति में राम केवल आराध्य ही नहीं, बल्कि वे एक संस्कृति पुरुष भी हैं। भारत के प्रमुख राष्ट्रीय और सांस्कृतिक पर्व में से एक विजया दशमी को सभी एक दूसरे को शुभकामनाएं और बधाई देते हैं। इस पर्व पर आप भी इन वॉलपेपर्स के जरिये भेजिए अपने मित्रों, रिश्तेदारों और प्रियजनों को ये शुभकामना संदेश।**

*बुराई का होता है विनाश,*
*दशहरा लाता है उम्मीद की आस,*
*रावण की तरह आपके दुखों का होगा नाश,*
*इस पावन पर्व पर यह है हमारी आस।*
*विजयदशमी की शुभकामनाएं!*

---

*भीतर के रावण को जो,*
*आग खुद लगाएंगे,*
*सही मायने में वे ही दशहरा मनाएंगे।*
*दशहरा की बधाई!*

---

*दशहरे का यह पावन त्योहार,*
*घर में लाये आपके*



*खुशियां अपार,*
*श्री राम जी करें आप पर*
*खुशियों की बौछार,*
*ऐसी शुभकामनाएं हमारी करो स्वीकार।*
*दशहरे की हार्दिक बधाई!*

---

*अधर्म पर धर्म की विजय,*
*असत्य पर सत्य की विजय,*

*बुराई पर अच्छाई की विजय,*
*पाप पर पुण्य की विजय,*
*अत्याचार पर सदाचार की विजय,*
*क्रोध पर दया, क्षमा की विजय,*
*अज्ञान पर ज्ञान की विजय,*
*रावण पर श्रीराम की विजय के प्रतीक पावन पर्व विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं!*

---

*अब की दशहरे मेरे भाई*
*बस इतना तू काम कर*
*बैठा है जो मन में तेरे, उस रावण का सर्वनाश कर।*
*दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं!*

# ...वो दशानन था, जो बड़ा ही दंभी था

### रावण का वध करने से पहले प्रभु राम ने की थी मां शक्ति की पूजा

ऐसी मान्यता है कि रावण का वध करने कुछ दिन पहले भगवान राम ने आदि शक्ति मां दुर्गा की पूजा की और फिर उनसे आशीर्वाद मिलने के बाद दशमी को रावण का अंत कर दिया। ऐसी भी मान्यता है कि दशमी को ही मां दुर्गा ने महिषासुर नामक राक्षस का वध किया था। इसलिए इसे विजयादशमी के रूप में मनाया जाता है। देशभर में अलग-अलग जगह रावण दहन होता है और हर जगह की परंपराएं बिल्कुल अलग हैं। इस दिन शस्त्रों की पूजा भी की जाती है। इस दिन शमी के पेड़ की पूजा भी की जाती है। इस दिन वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम, सोना, आभूषण नए वस्त्र इत्यादि खरीदना शुभ होता है। दशहरे के दिन नीलकंठ भगवान के दर्शन करना अति शुभ माना जाता है।

### इस दिन भूलकर भी न करें ये काम

- **बुरा करने से बचें**

विजयदशमी के दिन किसी व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से बचना चाहिए। यह दिन बुराई पर अच्छाई की जीत के लिए जाना जाता है। इसलिए इस दिन कोई भी गलत काम करने से बचना चाहिए।

- **पेड़ काटने से बचें**

हमारे अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे बेहद अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसे में दशहरा के दिन पेड़ काटना शुभ नहीं माना जाता। माना जाता है कि इस दिन पेड़ काटने से व्यक्ति का स्वास्थ्य खराब होता है।

- **हत्या**

दशहरा के दिन अपने शौक के लिए किसी भी जीव-जंतु की हत्या न करें। माना जाता है कि ऐसा करने से आपका सौभाग्य दुर्भाग्य में बदल जाता है।

- **अपमान**

दशहरा के दिन भूलकर भी किसी स्त्री या बड़े-बुर्जुग का अपमान नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से मां लक्ष्मी आपसे रुष्ट हो सकती हैं।

- **शराब का सेवन**

दशहरा का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के लिए मनाया जाता है। यही वजह है कि इस दिन मांस, मदिरा का सेवन करने से बचना चाहिए।



### राम और रावण बिना दशहरा

बचपन से सुनते आ रहे हैं कि दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस दिन भगवान राम ने रावण को मारा था। मगर क्या आप जानते हैं कि हमारे देश के कुछ राज्य ऐसे हैं, जहां के दशहरे में रावण है न राम।

#### 01 मैसूर का दशहरा

यहां यह उत्सव दस दिन तक मनाया जाता है। दशहरे के समय यहां पूरे शहर की गलियों को रोशनी से सजाया जाता है। इस दिन हाथी के ऊपर सोने के सिंहासन में मां चामुंडेश्वरी का भव्य जुलूस निकाला जाता है। यहां रावण दहन का आयोजन नहीं किया जाता है।

#### 02 कोलकाता में होती है सिंदूर की होली

बंगाल में नौ दिन तक मां की उपासना के बाद दसवें दिन सभी स्थानों पर विशेष आयोजन किया जाता है। इस दिन महिलाओं सिंदूर की होली खेलती हैं। मां को अश्रुपूरित विदाई देते हुए विसर्जन किया जाता है। कहते हैं कि इस दिन नीलकंठ पक्षी के दर्शन होना शुभ होता है।

#### 03 महाराष्ट्र में होती है सरस्वती मां की आराधना

महाराष्ट्र में नौ दिन मां दुर्गा को समर्पित रहते हैं और दसवें दिन मां सरस्वती की पूजा की जाती है। इस दिन स्कूल जाने वाले बच्चे अपनी पढ़ाई में देवी का आशीर्वाद पाने के लिए मां सरस्वती के तांत्रिक चिह्नों की पूजा करते हैं। किसी भी चीज को प्रारंभ करने के लिए खासकर विद्या आरंभ करने के लिए यह दिन काफी शुभ माना जाता है। महाराष्ट्र के लोग इस दिन विवाह, गृह-प्रवेश, और नए घर खरीदने का शुभ मुहूर्त समझते हैं।

#### 04 कुल्लू में ऐसे मनता है दशहरा

यहां के दशहरे में पहाड़ी देवी-देवताओं की पूजा की जाती है। हिमाचल के लोगों के लिए इस दशहरे का संबंध किसी भी तरह से भगवान राम से नहीं है। बल्कि इस दिन हिमाचल के लोग सज-धज कर ढोल नगाड़ों के साथ अपने ग्रामीण देवता की पूजा करते हैं। पूरे जोश के साथ भगवान की पालकी निकालते हैं और अपने मुख्य देवता भगवान रघुनाथ जी की पूजा करते हैं।

#### 05 बस्तर में दंतेश्वरी देवी की होती है पूजा

छत्तीसगढ़ के बस्तर में दशहरे को मनाने का मुख्य कारण राम की रावण पर विजय को नहीं माना जाता, बल्कि यहां के लोग विजयदशमी को मां दंतेश्वरी की अराधना को समर्पित एक पर्व के रूप में मनाते हैं। दंतेश्वरी माता, बस्तर के लोगों की अराध्य देवी हैं, जो मां दुर्गा का ही रूप हैं और यहां यह पर्व पूरे 75 दिन तक चलता है। इसकी शुरुआत श्रावण मास के अमावस्या से होती है और इसका समापन आश्विन मास के शुल्क पक्ष की त्रयोदशी को ओहाड़ी पर्व से होता है।